सुप्रभात
रांची, मंगलवार
06.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 289 | 12



जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतराः धनखड़

## न्यूज डायरी

### कल फिर कैबिनेट और सीसीएस की बैठक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एक बार फिर केंद्रीय कैबिनेट की बैठक करेंगे। पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को 11 बजे से शुरू होगी। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की भी बैठक कर सकते हैं।

### एलओसी पर 11 दिन से गोलीबारी जारी

**जम्मू।** पाकिस्तान की ओर से लगातार 11 रातों से नियंत्रण रेखा पर भारी गोलीबारी की जा रही है। इस फायरिंग का भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया है। ऐसे माहौल में सीमा पर तनाव चरम पर है। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के बदले की चेतावनी के बाद पाकिस्तान में हड़कंप है। ऐसे में पाकिस्तान सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है।

### नये वक्फ कानून पर सुनवाई अब 15 मई को

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नये वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी है। इस मामले की सुनवाई अब 15 मई को नये मुख्य न्यायाधीश की पीठ के समक्ष होगी। सीजेआइ संजीव खन्ना ने कहा कि वे 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए वे आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहते।

### एडीबी पाकिस्तान की फंडिंग घटाये : भारत

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से सोमवार को यहां मुलाकात कर पाकिस्तान को दिए जाने वाले फंड में कमी करने की मांग की। एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुई यह मुलाकात 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच हुई है।

### झारखंड में आज वज्रपात और तेज हवा का अलर्ट

**रांची।** झारखंड के 19 जिलों में आज आकाशीय बिजली गिरने, गर्जन और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पलामू, गढ़वा, लातेहार चतरा, लोहरदगा और कोडरमा जिलों को छोड़ शेष जिलों में गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। हालांकि सात मई के बाद राज्य भर में मौसम साफ होने की संभावना है।

### सड़क हादसे में गायक पवनदीप घायल, गंभीर

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद में दिल्ली नेशनल हाईवे पर इंडियन आइडल सीजन-12 के विजेता और उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर पवनदीप राजन की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें सिंगर पवनदीप और उनके 2 साथी घायल हो गये। पवनदीप राजन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उनके दोनों पैर और हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। पवनदीप का अहमदाबाद में इवेंट था, लेकिन, दिल्ली जाते समय रास्ते में हादसा हो गया।

## कार्टून कोना





राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को किया फोन

# आतंक के खिलाफ लड़ाई में रूस भारत के साथ

**एजेंसी**

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की



**नयी दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान पुतिन ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। राष्ट्रपति पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम मोदी से बातचीत में राष्ट्रपति पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

**भारत-रूस शिखर सम्मेलन में भाग लेने भारत आयेंगे पुतिन :** प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। रूस के राष्ट्रपति का कार्यालय- क्रेमलिन ने बताया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। पुतिन ने इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। दोनों नेता वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में मिलेंगे। इससे पहले 3 मई को रूसी संघ के विदेश मंत्री एस वी लावरोव ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ टेलीफोन पर बातचीत में पहलगाम के पास हुए आतंकवादी हमले पर चर्चा की थी। लावरोव ने जयशंकर के साथ बातचीत में दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच मतभेदों को सुलझाने का आह्वान किया। उन्होंने इसका द्विपक्षीय आधार पर राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से समाधान निकालने पर जोर दिया था।

## पीएमओ में हाइलेवल बैठकों का दौर जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्शन मोड में हैं और बैठकों का दौर लगातार जारी है। सोमवार को पीएमओ में बैक-टू-बैक हाईलेवल मीटिंग हुई। एनएसएस अजीत डोभाल, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, गृह सचिव गोविंद मोहन ने पीएम मोदी के साथ बैठक की। अब कुछ बड़ा होने की अटकलें तेज हो रही हैं।

**पीएम मोदी-एनएसए डोभाल की मुलाकात अहम :** एनएसए अजीत डोभाल की पीएम मोदी के साथ बैठक को अहम माना जा रहा है। इसके बाद पीएम मोदी से मिलने के लिए गृह सचिव गोविंद मोहन भी पीएमओ पहुंचे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी पीएम से भेंट की। माना जा रहा है कि रक्षा सचिव ने सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को ताजा हालात और सैन्य तैयारी की जानकारी दी।

**मोदी-राहुल की बैठक अहमः** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और राहुल गांधी की पीएम मोदी से मुलाकात को महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। यह मुलाकात नए सीबीआई प्रमुख के चुनाव को लेकर भी हो सकती है। ऐसी भी अटकलें हैं कि दोनों नेताओं के बीच पहलगाम हमले को लेकर भी बात हुई हो। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी लगातार पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं।

झारखंड में निवेशकों की सुविधा और सुगमता के लिए राज्य सरकार तत्पर

उद्योग सचिव ने स्पेन और स्वीडन दौरे का लेखा-जोखा बताया राज्य में विदेशी निवेश के प्रस्ताव की दी पूरी जानकारी

# यूरोपियन कंपनियों के लिए स्थापित होगा डेस्क : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- टेस्ला ग्रुप ने बैटरी भंडारण उत्पादन के निर्माण के लिए झारखंड में एक समान परियोजना स्थापित के लिए 150 मिलियन यूरो के निवेश की रुचि जतायी
- फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर की तर्ज पर रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने का प्रस्ताव



**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन गये प्रतिनिधिमंडल ने निवेश के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया है। श्री राजकमल सोमवार को सूचना भवन में विदेश दौरे के बारे में पत्रकारों से विस्तृत जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई कंपनियों ने झारखंड में निवेश करने की रुचि दिखायी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन और स्वीडन के उद्यमियों से कहा कि झारखंड में निवेश की सुगम सुविधा के लिए यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्पेन में टेस्ला ग्रुप एस के चेयरमैन दुसान लिचाड्र्स ने ग्रुप की रोमानिया गिगिया फैक्ट्री परियोजना के बारे में प्रस्तुति दी और बैटरी भंडारण उत्पादन के निर्माण के लिए झारखंड में एक समान परियोजना स्थापित करने के लिए करीब 150 मिलियन यूरो के निवेश की रुचि व्यक्त की है। साथ ही, झारखंड सरकार को आरसीडी एस्पेनयोल फुटबॉल क्लब से झारखंड में खेल विकास में सहयोग के लिए फुटबॉल कोचों को प्रशिक्षण देने के लिए एक समझौता ज्ञापन का प्रस्ताव मिला है। इसके अलावे रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

प्रतिनिधिमंडल ने बार्सिलोना स्थित निमार्णाधीन यूरोप के सबसे बड़े स्टेडियम एफसी बार्सिलोना और संग्रहालय का दौरा किया। साथ ही, डी गावा संग्रहालय का भी दौरा किया। वहां एक पुराने खनन स्थल को एक जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदल दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी चाईबासा में इसी तरह के स्थलों को जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदलने और पर्यटकों को अनुकूल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बार्सिलोना में ही एक इन्वेस्टर मीट भी आयोजित किया गया। वन टू वन मीटिंग कर खेल से संबंधित मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, आईईएसई बिजनेस स्कूल में उद्यमिता संकाय, पर्यावरण स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। निवेशकों ने झारखंड में बेहतरीन स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम करने की रुचि व्यक्त की।

उद्योग सचिव ने बताया कि खनन कार्यों में भारी ट्रकों की बढ़ती मांग को देखते हुए झारखंड में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रित किया गया। गोथेनबर्ग में प्रतिनिधिमंडल ने 50 से अधिक वैश्विक निवेशकों के समक्ष झारखंड में विनिर्माण इलेक्ट्रिक वाहन, खनिज अन्वेषण और प्रसंस्करण तथा स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े निवेश क्षेत्रों को दर्शाया।

### यूरोपीय देशों की यात्रा से ब्रांड वैल्यू में होगा सुधार

उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि किसी भी देश के निवेशकों को झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए विजीबिलिटी बहुत जरूरी है। यह यात्रा स्पेन और स्वीडन में झारखंड की विजीबिलिटी के लिहाज से काफी महवपूर्ण था। यात्रा पूरा होने के एक सप्ताह के भीतर ही सात निवेश प्राप्त हुए। इसलिये, अन्य राज्यों की तरह ही विदेशी निवेश के लिए उस देश की कंपनियों के साथ निरंतर जुड़ाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कोई झारखंड से सरकारी प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर गया। इस यात्रा से झारखंड की ब्रांड वैल्यू में सुधार होगा।

सभी राज्यों को गृह मंत्रालय का निर्देश

## देशभर में नागरिक सुरक्षा का कल होगा मॉक ड्रिल

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड में है। इसी सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सात मई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा, सुरक्षाकर्मियों और बचाव दलों की तत्काल प्रतिक्रिया और तैयारी की जांच करना है। गृह मंत्रालय ने मॉक ड्रिल को गंभीरता से आयोजित करने और रिपोर्ट मंत्रालय तक पहुंचाने का आदेश दिया है।

**क्या होता है मॉक ड्रिल :** मॉक ड्रिल एक ऐसा पूर्व नियोजित अभ्यास है, जिसमें आपदा या खतरे की स्थिति का नाटकीय ढंग से प्रदर्शन किया जाता है। इसमें कई बार असली जैसी स्थिति बनायी जाती है जैसे कि कहीं आग लग गयी हो, आतंकी हमला हुआ हो या भूकंप आया हो। लोगों को उस परिस्थिति में सुरक्षित निकालने और राहत कार्यों को अंजाम देने की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाता है। इससे पता चलता है कि सुरक्षाकर्मी और बचाव टीम कितनी तत्परता से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मौजूद सुरक्षा उपकरण और अलर्ट सिस्टम कितने कारगर हैं। किन चीजों में सुधार की जरूरत है।

**एयर रेड वार्निंग सायरन का परीक्षण**
किसी भी हवाई हमले या आपात स्थिति में नागरिकों को सचेत करने के लिए एयर रेड सायरन बजाये जाएंगे।

**नागरिकों और छात्रों को प्रशिक्षण**
नागरिकों और छात्रों को सिखाया जायेगा कि आपातकालीन स्थिति में खुद को और दूसरों को सुरक्षित कैसे रखा जाये।

**क्रैश ब्लैकआउटः** हमले के दौरान शत्रु की नजर से बचाने के लिए सभी रोशनी बंद कर दी जायेगी।

**खास जगहों का कैमोफ्लाज**
महत्वपूर्ण संस्थानों और संयंत्रों को सुरक्षित रखने के लिए जल्दी से छुपाने के उपाय किये जायेंगे।

**निकासी योजनाओं का रिहर्सल :** किसी भी आपातकाल में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए निकासी योजनाओं का अभ्यास किया जायेगा।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज, अध्यक्ष खड़गे शामिल होंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से आज अयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल होंगे। रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेनुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरीय नेता शामिल होंगे। पुराना विधानसभा मैदान में होने वाली रैली को लेकर पार्टी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को बताया कि रैली में शामिल होने के लिए पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और झारखंड प्रभारी के. राजू, गुरदीप सिंह सप्पल सोमवार को रांची पहुंच चुके हैं।

उन्होंने बताया कि रैली में राज्य के सभी जिलों से कांग्रेस कार्यकर्ता और काफी संख्या में आम लोग शामिल होंगे। रैली के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पार्टी के सभी नेता होटल बीएनआर चाणक्य में सभी जिला के अध्यक्ष और जिला प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे।

राहुल की नागरिकता मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## कोर्ट ने रिपोर्ट के अभाव में केस किया बंद, केंद्र ने कहा- ब्रिटेन नागरिकता पर नहीं दे रहा जवाब

**एजेंसी**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताने वाले केस को बंद कर दिया है। कोर्ट ने कहा- राहुल की नागरिकता की रिपोर्ट केंद्र सरकार पेश नहीं कर पायी। कोर्ट ने कहा- केवल रिपोर्ट के इंतजार में याचिका को लंबित नहीं रखा जा सकता। जब भी रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्राप्त होती है, तो याचिकाकर्ता को उसकी एक प्रति उपलब्ध कराएं और उसे कोर्ट में भी प्रस्तुत करें। केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि यह मामला दो देशों के बीच की संवेदनशील जानकारी से जुड़ा है। संबंधित देश को कई रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है, इसलिए कुछ और समय दिया जाए।



कोर्ट ने कहा कि फिलहाल इस याचिका की सुनवाई पूरी की जा रही है। याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता है कि वह नागरिकता से संबंधित किसी भी अन्य फोरम या कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है।

**याचिका में राहुल को ब्रिटिश नागरिक बताया गया था :** कर्नाटक के रहने वाले विग्नेश शिशिर ने याचिका दायर कर दावा किया है कि राहुल गांधी ने ब्रिटेन की एक कंपनी में डायरेक्टर रहते हुए खुद को ब्रिटिश नागरिक बताया था। याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि दोहरी नागरिकता रखने वाला व्यक्ति चुनाव लड़ने के योग्य नहीं है।

सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामला

## सीआइडी कोर्ट में फैसला सुरक्षित, आदेश 9 मई को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के अधीन संचालित संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा के पेपर लीक मामले गिरफ्तार 8 आरोपियों की ओर से रांची की सीआईडी कोर्ट में जमानत की गुहार लगायी गयी है। इसमें से 6 आरोपियों की जमानत याचिका पर शनिवार को सीआईडी कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। कोर्ट आदेश 9 मई को सुनाएगी। आरोपी कविराज, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, निवास कुमार राय और अभिलाष कुमार ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। सभी आरोपी इंडियन रिजर्व बटालियन-8 के जवान हैं। सीआईडी ने 25 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य दो आरोपियों में कुंदन कुमार और राम निवास राय नाम शामिल है।

सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज की

# हमारे कंधे मजबूत हैं, हम याचिका पर विचार करना नहीं चाहते : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर रिट याचिका खारिज कर दी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई संजीव खन्ना पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए निशिकांत दुबे पर अवमानना कार्यवाही की मांग की गई थी। इधर सीजेआई ने कहा- हमारे कंधे मजबूत हैं, हम याचिका पर विचार नहीं करना चाहते हैं। बेंच ने याचिकाकर्ता विशाल तिवारी की दलीलों पर कहा- हम फिलहाल कोई दलील या बहस नहीं सुनना चाहते, लेकिन हम एक शॉर्ट ऑर्डर पास करेंगे। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह अदालत और जजों की गरिमा का सवाल है। याचिका में विशाल तिवारी ने निशिकांत दुबे के बयान को कोर्ट के लिए अपमानजनक और निंदनीय बताया था।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को राष्ट्रपति के लिए राज्यपाल की ओर से भेजे गए बिल पर एक्शन लेने की समय सीमा 3 महीने तय की थी। इस फैसले पर टिप्पणी करते हुए 19 अप्रैल को निशिकांत दुबे ने कहा था- देश में जितने गृह युद्ध हो रहे हैं, उसके चीफ जस्टिस संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है।

**भाजपा ने दुबे के बयान से किनारा कर लिया था :** 20 अप्रैल को निशिकांत दुबे के बयान पर जेपी नड्डा ने पर लिखा था- भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है। पार्टी ने सदैव ही न्यायपालिका का सम्मान किया है। पार्टी ने कोर्ट के आदेशों और सुझावों को स्वीकार किया था। बता दें कि पूर्व आइपीएस अमिताभ ठाकुर ने 20 अप्रैल को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी।

राज्य के अस्पतालों में सुरक्षा से समझौता नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

## रिम्स, सभी सदर और मेडिकल कॉलेज अपने भवनों की स्थिति पर रिपोर्ट तीन दिन में सौंपें

- स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम में जल्द होगा बड़ा बदलाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल की हालिया घटना से मर्माहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य के हर अस्पताल को पूरी तरह से सुरक्षित बनाया जायेगा। डॉ. अंसारी ने राज्य के सभी सदर अस्पताल, रिम्स और मेडिकल कॉलेजों को तीन दिन के भीतर अपने भवनों की स्थिति पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। कौन-से भवन मरम्मत योग्य हैं, कौन-से जर्जर हैं या ध्वस्त किए जाने चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी देने को कहा है। रिपोर्ट मिलते ही मरम्मत एवं निर्माण कार्य के लिए बजट जारी किया जाएगा।

**सुरक्षा सर्वोपरि, किसी की जान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे :** उन्होंने कहा कि जमशेदपुर जैसी घटना दोबारा न हो, यह मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वे खुद पीड़ित परिवारों से मिलेंगे और हरसंभव सहायता सुनिश्चित करेंगे। डॉ. अंसारी ने भावुक होते कहा कि पूर्व में क्या हुआ, मैं उसमें नहीं जाना चाहता, लेकिन जब इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी मुझे मिली है और खासकर जब मैं खुद एक डॉक्टर हूं तो मैं अपनी आंखों के सामने किसी को मरते नहीं देख सकता। हमें इस व्यवस्था को मजबूत और बेहतर बनाना है, और इसमें आप सभी का साथ चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब यदि रिम्स या किसी भी अस्पताल में किसी मरीज की मौत सुरक्षा कारणों से होती है, तो उसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जमशेदपुर में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं और पूरी टीम तैनात कर दी गई है।

# पाकिस्तानियों को वापस भेजने से बचाने में लगी है सरकार : मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो







**रांची।** भाजपा ने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की वीभत्स नरसंहार के विरोध में रांची सहित झारखंड में वैध, अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल निकालने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सोमवार को पाकिस्तानी भारत छोड़ो कार्यक्रम के तहत भाजपा ने जिला स्कूल मैदान से डीसी कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन किया। इससे पूर्व भाजपा के महानगर एवं ग्रामीण जिला के सैकड़ों कार्यकर्ता शहीद चौक स्थित जिला स्कूल परिसर से हाथों में झंडा एवं पाकिस्तान विरोधी लिखी तख्तियां लेकर बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में डीसी कार्यालय पहुंचे। यहां जुलूस एक जनसभा में परिणत हो गयी। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा हिंदू पर्यटकों की नरसंहार से पूरे देशवासी गुस्से में हैं।

उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर उन्हें 48 घंटों में भारत छोड़ने का निर्देश दिया था। लेकिन, इंडी गठबंधन की सरकारें पाकिस्तानी नागरिकों को संरक्षण दे रही हैं। झारखंड में भी कई पाकिस्तानी छुप कर रह रहें हैं। लेकिन यहां की सरकार उन्हें बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि नाम एवं धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों का नरसंहार करने वाले आतंकियों एवं उनके आकाओं को उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत कांत वाजपेई ने कहा कि भारत की सेना आतंकियों के आकाओं को करारा जबाव देगी।

ऐसी दुस्साहस करने वाले मिप्ती में मिला दिये जायेंगे। उन्होंने झारखंड सरकार से कहा कि छुप कर रह रहे पाकिस्तानियों को अविलंब चि?त कर बाहर निकाले। आक्रोश प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, मनोज सिंह, अमर बाउरी, वरुण साहू, विनय महतो, बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, मनोज बाजपेई, सुनीता सिंह, सरोज सिंह, गंगोत्री कुजूर, समरी लाल, जीतू चरण राम, राम कुमार पाहन, आरती सिंह, शिवपूजन पाठक ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रतुल शाहदेव, रमाकांत महतो, अजय शाह, राफिया नाज, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, सुरेंद्र महतो, रमेश सिंह, संजय जयसवाल, ललित ओझा, अरुण झा, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, अनीता वर्मा, संजीव चौधरी, विनय सिंह, सुरेश प्रसाद, प्रभु दयाल बड़ाइक आदि उपस्थित थे।

## मनी लाउड्रिंग मामले में आरोप गठन की तारीख 21 मई

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा एवं जय किशोर चौधरी पर आरोप गठन की अगली तारीख 21 मई निर्धारित की गई है। सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, समय की मांग की गई। इसे अदालत ने स्वीकार करते हुये 21 मई की तारीख निर्धारित की है। मामले में चार्जशीटेड अन्य आरोपियों पूजा सिंघल, सुमन कुमार एवं शशि प्रकाश के खिलाफ 10 अप्रैल 2023 को ही आरोप तय किया जा चुका है। जबकि मामले के मुख्य आरोपी बर्खास्त जेई राम बिनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोविड काल में ही 26 फरवरी 2021 को आरोप तय किया गया था। जानकारी हो कि ईडी ने अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के ठिकाने पर 6 मई 2022 को छापेमारी की थी। इसमें मनी लाउंड्रिंग करने का खुलासा हुआ था। छापेमारी में सीए सुमन कुमार के आवास से 19.76 करोड़ रुपए की भारी नकदी बरामद की गई थी।

## सड़कों की मरम्मत के मामले की सुनवाई आज

### राज्य सरकार आज करेगी शपथपत्र दाखिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में सोमवार को शहर के संपर्क रोड और आंतरिक सड़कों की मरम्मत के मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम ने सोमवार को अपना शपथपत्र दाखिल कर दिया, जबकि सरकार की ओर से शपथपत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने राज्य सरकार को मंगलवार को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही सुनवाई की तारीख 6 मई निर्धारित की।

रांची नगर निगम की ओर से शपथपत्र में बताया गया है कि लालजी हीरजी रोड, विष्णु टॉकीज लेन, मधुकम रोड और माउंट मोटर रोड रांची नगर निगम के अधीन हैं। इन सड़कों की मरम्मत के लिए 25 सितंबर 2024 और छह मार्च 2025 को नगर विकास विभाग से पत्र लिख फंड स्वीकृत करने का आग्रह किया गया है। सरकार की ओर से कहा गया कि वह मंगलवार को शपथपत्र दाखिल कर मामले की जानकारी देगी।

इस संबंध में शुभम कटारूका ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि रांची की मुख्य सड़कों को छोड़? सभी सहायक सड़कों की हालत खराब है। खासकर बड़ा तालाब के चारों ओर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इस सड़क से मरीज को लेकर एंबुलेंस को भी परेशानी होती है। इसी तरह रांची में लेक रोड, लालजी हीरजी रोड, कोकर रोड, गाड़ीखाना से मधुकम रोड, इन्द्रपुरी रोड, अपर बाजार रोड बदहाल स्थिति में है, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है। इन सड़कों पर मानसून और हल्की बारिश में भी जल जमाव से स्थिति बिगड़ जाती है।

# पहलगाम आतंकी घटना पर कांग्रेस पार्टी का दोहरा चरित्र उजागर : वाजपेयी

**भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकारें पाकिस्तानियों को भारत से बाहर भेजने में नहीं कर रही सहयोग,वक्फ संशोधन कानून से आदिवासी जमीन होगी सुरक्षित, भगवान बिरसा मुंडा की धरती से खड़गे जी करें समर्थन**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन की सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। डॉ वाजपेयी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना पर कांग्रेस पार्टी का दोहरा चरित्र उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं ने राज्य के सभी जिलों में प्रदर्शन कर डीसी को ज्ञापन सौंपा। केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों को चिन्हित कर अविलंब वापस भेजने की मांग की गयी। भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के 14 प्रकार के वीजा को रद्द करते हुये अटारी बॉर्डर को इसी कार्य केलिये खोल रखा है। उन्होंने कहा कि जहां जहां इंडी गठबंधन की सरकारें हैं, वहां पाकिस्तानियों को चिन्हित कर उन्हें उनके देश भेजने केलिये राज्य सरकार तत्परता नहीं दिखा रही है। झारखंड सरकार पर भी तुष्टीकरण का भूत सवार है। उन्होंने यूपी के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भारत की सैन्य शक्ति का मजाक उड़ा दिया।राफेल जैसे उच्च कोटि के लड़ाकू विमान को खिलौना बताया। उन्होंने कहा कि राफेल पर स्वास्तिक बनाकर पूजा करने का भी मजाक उड़ाया।यह कांग्रेस का पुराना सनातन विरोधी चरित्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर संविधान बचाओ की बात करने आ रहे है। कांग्रेस ने संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर का बार-बार अपमान किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की। 370 लगातार राष्ट्र की एकता अखंडता पर चोट की,देश का विभाजन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून आज शेड्यूल 5 के तहत आनेवाले झारखंड के आदिवासी समाज की जमीन को सुरक्षित करने केलिये कवच बना है। लेकिन तुष्टीकरण नीति में कांग्रेस इसके खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को लूटने और दिग्भ्रमित करने के अलावा कुछ नहीं किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे।

## खनन विभाग का कम्प्यूटर ऑपरेटर दो हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। एसीबी की टीम ने खनन विभाग के कर्मचारी बिंदेश तिर्की को दो हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त आउटसोर्सिंग कम्प्यूटर ऑपरेटर है। इसकी गिरफ्तारी जिला खनन कार्यालय रांची से हुई है।

**क्या है मामला :** अनगड़ा थाना क्षेत्र के जोन्हा में रहनेवाले अश्वन तिर्की ने भ्रष्ट्राचार निगरानी ब्यूरो(एसीबी), रांची में लिखित शिकायत किया था कि इनका एक ट्रैक्टर जिसका रजिस्टेशन नं०-जेएच01एफई-8096 है, जिससे इनका ड्राईवर सोमरा मुण्डा(जराटोली,अनगड़ा) के द्वारा सरकारी कार्य के लिए तिलमीसेरेन घाटी से बालू लादकर जोन्हा ले जा रहा था। बालू ले जाने के कम में राहे अंचल अधिकारी के द्वारा ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया और सिल्ली थाना को सौंप दिया गया। दिनांक 28 अप्रैल 25 को सिल्ली थाना के प्रभारी द्वारा फोन पर बताया गया कि आपके ट्रैक्टर का चालान खनन विभाग, रांची को भेज दिया गया है। जहां फाईन जमा करने पर ट्रैक्टर छोड़ दिया जायेगा। 02 मई को जिला खनन कार्यालय, रांची में पहुंचे तो खनन विभाग के कर्मचारी अब्दुल हाफिज के द्वारा बोला गया कि आपका काम हो जायेगा। दस हजार रूपया ऑनलाईन फाइन और 42 हजार नगद रिश्वत के रूप में लगेगा। इस संबंध एसीबी ने आवेदन का विधिवत सत्यापन के उपरान्त अब्दुल हाफिज, जिला खनन कार्यालय, रांची पर लगे आरोपों को सत्य पाया और एसीबी थाना, रांची में 04 मई को कांड संख्या 07/2025 दर्ज किया गया। सोमवार को धावा दल द्वारा उक्त स्थल पर ट्रैप करने के लिए पहुंचा तो आरोपी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित नही था। उनके बदले जिला खनन कार्यालय में कार्यरत बिन्देश तिर्की (ढिढोली नकटी टोली, पो०-ढिढोली, थाना-गुमला, जिला-गुमला) द्वारा बोला गया कि मैं काम कर दूंगा।

# वैश्य मोर्चा सम्मेलनों के जरिये बनायेगा दबाव : साहु

## वैश्य मोर्चा का तीन प्रमंडल में कार्यकर्ता सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के आयोजित होने वाले प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के लिए प्रभारियों की घोषणा कर दी गयी है। सोमवार को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने तीन प्रमंडल के प्रभारियों की सूची जारी करते हुए कहा है कि जब तक ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, पिछड़ा वर्ग मंत्रालय, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापसी, वैश्यों के साथ हो रहे अत्याचार आदि मुद्दों पर सरकार सकारात्मक पहल शुरू नहीं करती है, वैश्य मोर्चा का आंदोलन और अभियान जारी रहेगा।

इन सम्मेलनों के जरिये हम सरकार पर जोरदार दबाव बनायेंगे।

इस सूची के अनुसार 14 मई को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन रामगढ़ में आयोजित किया जाएगा. इसके लिए कार्यकारी अध्यक्ष मोहन साव (गोमिया), वरीय उपाध्यक्ष ढ़लन साव (बड़कागांव), डॉ. माधवचंद्र मंडल (गोविंदपुर), मुख्य प्रवक्ता बीरेन्द्र कुमार (गोला), केंद्रीय महासचिव रामाशंकर राजन (हेसालौंग), आदित्य नारायण (बलकुदरा), केंद्रीय संगठन सचिव राजेन्द्र साहु (टंडवा), आर.डी. साहु (ललपनिया), रामगढ़ जिलाध्यक्ष बसंत प्रसाद साहु (कुजू), जिला संयोजक प्रकाश प्रजापति (धनबाद), केंद्रीय सदस्य नंदकिशोर भगत (दुलमी), मुकेशलाल सिंदूरिया (भुरकुंडा) एवं प्रमोद गुप्ता (रामगढ़) को प्रभारी बनाया गया है। वहीं 19 मई को देवघर में होने वाले संथाल परगना प्रमंडल कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, महासचिव गजेंद्र केशरी, केंद्रीय महासचिव विष्णु मंडल (घोरमारा), जिलाध्यक्ष राजकुमार बर्णवाल (देवघर), केंद्रीय सदस्य रामलाल मंडल, संगठन सचिव जयकांत मंडल (सोनारायठाड़ी), केंद्रीय सचिव ध्रुव साह, कपिलदेव मंडल एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष देवेंद्र मंडल (देवघर) को प्रभारी बनाया गया है।

इसके साथ ही 25 मई को रांची में होने वाले दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के लिए कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके), वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु (अरगोड़ा), उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता (ओरमांझी), उपेन्द्र प्रसाद (बिजूपाड़ा), केंद्रीय महासचिव दिलीप प्रसाद (धुर्वा), संगठन महासचिव जगदीश साहु (लोहरदगा), केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा (पंडरा), संगठन सचिव लगनू साहु (बुड़मू), जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (ओरमांझी), महानगर अध्यक्ष कपिल प्रसाद साहु (रांची), जिला प्रभारी राजन चौधरी (खूंटी), महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणू देवी (रांची) एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु को प्रभारी बनाया गया है।

### देवघर एम्स पर हाईकोर्ट में 7 को सुनवाई

## कोर्ट ने पूछा बर्न वार्ड में इलाज शुरू हुआ या नहीं

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में देवघर एम्स मामले की सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने पूछा कि देवघर एम्स से पूछा कि बर्न वार्ड में इमरजेंसी इलाज शुरू हुआ या नहीं। इस मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी। झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान देवघर एम्स को बर्न वार्ड में इमरजेंसी इलाज शुरू होने के बारे में वर्तमान स्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई के पूर्व एम्स के अधिवक्ता को इंस्ट्रक्शन लेकर कोर्ट को अवगत कराने को कहा गया है। अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने सात मई की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई से पहले देवघर एम्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और अधिवक्ता शिवानी जालूका ने खंडपीठ के समक्ष पैरवी की। उन्होंने बताया कि बर्न वार्ड में बर्न यूनिट का प्रावधान नहीं है। सीएसआर फंड से एनटीपीसी से फंड मिलना है। इसके बाद बर्न यूनिट पर निर्णय लिया जाना है। उल्लेखनीय है कि 23 अगस्त 2022 को दुमका में घर में सो रही नाबालिग छात्रा को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया गया था। गंभीर रूप से घायल छात्रा को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्थिति गंभीर होने पर उसे रांची रिम्स रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। इस मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था।

# झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में 63 पदाधिकारी शामिल

## आठ उपाध्यक्ष, चार महासचिव, चार सचिव, तीन प्रवक्ता, 39 सदस्यीय कार्यकारिणी में कल्पना सोरेन भी शामिल

खबर मन्त्र टीम



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन कर दिया है। केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में पार्टी ने कुल 63 पदाधिकारियों को शामिल है। सोमवार को पार्टी ने पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन और पार्टी के अध्यक्ष हेमंत सोरेन के अलावा आठ उपाध्यक्ष, चार महासचिव, चार सचिव, तीन प्रवक्ता और 39 कार्यकारिणी के सदस्यों को शामिल किया है।

पार्टी ने नए पदाधिकारियों की सूची खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 13वें केंद्रीय महाधिवेशन के बाद जारी की है। पार्टी की कार्यकारिणी समिति में पहली बार झामुमो की स्टार प्रचारक व नेता कल्पना सोरेन मुर्मू को भी जगह मिली है।

**इन नेताओं को जिम्मेदारी :** शिबू सोरेन-पार्टी के संस्थापक संरक्षक बने रहेंगे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी जिम्मेवारी देते हुए अध्यक्ष की कमान सौंपी गयी है। वहीं नलीन सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी, रूपी सोरेन, सविता महतो, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, बैद्यनाथ राम और रामदास सोरेन को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गयी है।


विनोद कुमार पांडेय-महासचिव सह प्रवक्ता, फागु बेसरा-महासचिव, सुप्रियो भटटाचार्य- महासचिव सह प्रवक्ता रहेंगे। जोबा मांझी-महासचिव, मिथिलेश कुमार ठाकुर-महासचिव, नंदकिशोर मेहता-सचिव, अभिषेक प्रसाद पिंटु-सचिव, पंकज मिश्रा-सचिव, समीर मोहंती-सचिव, विनोद कुमार पांडेय- कोषाध्यक्ष, हेमलाल मुर्मू-प्रवक्ता, कुणाल षाडंगी-प्रवक्ता, मनोज कुमार पांडेय-प्रवक्ता रहेंगे।

**कल्पना सोरेन कार्यकारिणी में :** वहीं कार्यकारिणी समति के सदस्यों में दीपक बीरूआ, कल्पना सोरेन मुर्मु, सुदिव्या कुमार सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, विजय हांसदा, महुआ माजी-, रविन्द्र नाथ महतो, मोहन कर्मकार, संजीव बेदिया, डॉ कमल नयन सिंह, निरल पूर्ति, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफिजुल हसन, सुमन महतो, निजामुददीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, राजु गिरि, गणेश चौधरी-, एमटी राजा, धन्नजय सोरेन, आलोक सोरेन, डॉ लुईस मरांडी, उदय शंकर सिंह, उमाकांत रजक, जगत मांझी, सुदीप गुडिया, रामसूर्या सिंह मुंडा, अमित महतो-, अनंत प्रताप देव, अंजनी सोरेन, पटवारी हांसदा, परेश मरांडी और बिटटु मुर्मू का नाम शामिल हैं।

### संजय सेठ नाराज, सीएम को लिखा पत्र

## जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा दूर करने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर ध्यान देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र विधायिका और कार्यपालिका के सहयोग से ही आगे बढ़ता है। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा लोकतंत्र का अपमान है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस दिशा में झारखंड के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें। उन्होंने आरोप लगाया कि कांके प्रखंड के सुकुरहुप्टू के बरवाटांड़ में सरना टोली से रिंग रोड तक एक सड़क का शिलान्यास उनकी अनुपस्थिति में किया गया। शिलापप्त में उनका नाम होने के बावजूद उन्हें या उनके कार्यालय को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनि?ित करने की मांग की।

स्पीड न्यूज़



## दो बाइक में टक्कर, पति की मौत, पत्नी घायल

जमशेदपुर। सुंदरनगर के कलियाडेड़ा मेन रोड पर सोमवार शाम को दो बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि घटना में दूसरा बाइक सवार घायल हो गया है। उसे ईलाज के लिए खासमहल के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी पाकर सुंदरनगर थाना प्रभारी पवन कुमार अस्पताल पहुंचे और सभी का हाल जाना। घटना के समय एक बाइक पर पति और पत्नी सवार थे। पति की हालत देखकर घटनास्थल पर ही महिला बेहोश हो जा रही थी। मृतक के बारे में बताया जा रहा है कि वह ओड़िशा का रहने वाला था। घटना के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।

## मानसिक पीड़ितों के लिए कैंप लगाने की मांग

पटमदा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार न्याय सदन सिविल कोर्ट जमशेदपुर के निदेर्शानुसार पटमदा प्रखंड स्तर पर (सीएचसी) में लगने वाली लीगल एड क्लिक निशुल्क विधि सलाह एवं सहायता केंद्र एक वर्षों से बंद रहने से मिर्गी व मानसिक रूप से बीमार पीड़ित लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। पटमदा ब्लॉक के पीएलवी शिव शंकर महतो द्वारा नालसा स्कीम 2015 के तहत मानसिक रूप से बीमार एवं मिर्गी पीड़ित लोगों को अब सदर अस्पताल जमशेदपुर ले जाना पड़ रहा हैं। शिव शंकर महतो ने कहा कि 36 बीमार लोगों को कल जमशेदपुर सदर अस्पताल ले जाया गया था, सभी बीमार लोग अपने निजी खर्चे से गाड़ी बुक कर गया था। जहां उन्हें डॉ दीपक कुमार गिरी द्वारा निशुल्क सलाह एवं दवा उपलब्ध कराया गया था। उन बीमार लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई थी। बीमार लोगों की खबर मिलते ही सहायता के लिए समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पटमदा बीडीओ व जिला सिविल सर्जन पदाधिकारी से बात कर बीमार लोगों की परेशानी को देखते हुए दोबारा से प्रखंड स्तर पर मासिक कैंप लगाने की मांग की है।

## सबिता महतो बनीं झामुमो केंद्रीय उपाध्यक्ष



चांडिल। ईंचागढ़ के विधायक सह झामुमो नेत्री सबिता महतो को झामुमो केंद्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस संबंध में झामुमो केंद्रीय समिति ने पत्र भी जारी कर दिया है। झामुमो केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर चांडिल के झामुमो युवा नेता राहुल वर्मा ने विधायक सबिता महतो को बधाई दी है।

## आइसीएसई 10वीं टॉपर शांभवी का अभिनंदन



जमशेदपुर। जायसवाल समाज जमशेदपुर ने सोमवार को आइसीएसई 10वीं की परीक्षा में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान पाने वाली अपने जमशेदपुर के लोयला स्कूल की छात्रा शांभवी जायसवाल के घर जाकर जायसवाल समाज के नंदजी प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश के सचिव दीपक कुमार जायसवाल एवं अशोक जायसवाल युवा अध्यक्ष सुनील प्रसाद युवा महामंत्री विमल प्रसाद पूनम जायसवाल आदि ने शांभवी जायसवाल को ट्रॉफी एवं शॉल ओढ़ाकर समाज ने सम्मानित किया। चूंकि शांभवी जायसवाल भारतवर्ष में प्रथम आकर जायसवाल समाज का नाम सुनहरे अक्षर में ऊंचा किया है साथ ही जमशेदपुर, झारखंड एवं भारतवर्ष का नाम ऊंचा किया है आने वाले समय में समाज के सभी बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत है समाज के तथा पूरे प्रदेश एवं देश के सभी बच्चे इनके मार्गदर्शन पर चलने की कोशिश करेंगे। इनके पिता डॉ अभिषेक जायसवाल एवं मां डॉक्टर ओजस्वी शंकर सहित परिवार में कुल 22 डॉक्टर हैं पर शांभवी ने आगे की पढ़ाई के लिए मेडिकल लाइन छोड़ टेक्निकल में जाने की इच्छा जाहिर की है।

# प्रथम महिला शहीद प्रीतिलता वाड्डेदार और स्व किरणमयी दे को श्रीलेदर्स परिवार ने दी श्रद्धांजलि

- शौर्य और संवेदना की प्रतीक दोनों नारियों की स्मृति में आयोजित हुई सभा

खबर मन्त्र ब्यूरो





बिष्टुपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ज्योत्सना डे के साथ उपस्थित महिलाएं और श्रद्धांजलि सभा में दीप प्रज्वलित करती ज्योत्सना डे।

जमशेदपुर। देश के प्रतिष्ठित फुटवेयर ब्रांड श्रीलेदर्स ने आज अपनी प्रेरणास्रोत किरणमयी दे और स्वाधीनता संग्राम की महान वीरांगना, पहली महिला शहीद प्रीतिलता वाड्डेदार के जन्मदिवस को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ मनाया। यह आयोजन बिष्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स शोरूम परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें शहर की कई महिला संगठनों ने सक्रिय सहभागिता की।

समाजसेवी ज्योत्सना दे के नेतृत्व में शहर की विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर दोनों विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। श्रद्धा और सम्मान के वातावरण में उपस्थित सभी ने इनके योगदान को याद करते हुए प्रेरणा लेने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि शहीद प्रीति लता बाड्डेदार के जहां देश की आजादी के लिए सक्रिय क्रांति में भाग लेते हुए अपना बलिदान दिया तो दूसरी ओर, श्रीलेदर्स के संस्थापक और आजाद हिन्द फौज के सेनानी स्व. सुरेश चंद्र दे की धर्मपत्नी श्रीमती किरणमयी दे ने पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों को समर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे और उनके परिवार में जो मूल्य हैं वह श्रीमती किरणमयी दे की देन है। आज उनके आशीर्वाद से श्रीलेदर्स फल-फूल रहा है।

शेखर डे ने कहा कि उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी सुरेशचंद्र डे को चटगांव विद्रोह के दौरान अंग्रेजी सेना द्वारा चलायी गयी गोली बांह में लगी और बड़ी मुश्किल से उन्हें बचाया गया था। हमारा मानना है कि पिताजी को यह जीवन दान भगवान ने राजनीतिक आजादी के बाद देश को आर्थिक आजादी दिलाने में योगदान करने के लिए दी थी। श्रीलेदर्स आज भी इस दिशा में अपनी भूमिका निभा रहा है, और राष्ट्रीय फुटवियर इंडस्ट्री में अपनी भूमिका निभा रहा है।

शेखर डे ने यह भी कहा कि देश को आजादी नहीं मिली होती अगर सशस्त्र विद्रोह नहीं किया गया होता। हमें इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए। अहिंसा से आजादी पाने की बात कहने वाले देश को नपुंसक बनाना चाहते हैं।

कार्यक्रम में सिमरन और निशा ने मातृत्व और बलिदान को समर्पित एक मार्मिक गीत प्रस्तुत किया। गीत की पंक्तियों ने उपस्थितों को गहराई तक छू लिया और वातावरण को संवेदना से भर दिया।

श्रीलेदर्स के पार्टनर व समाजसेवी शेखर दे ने इस अवसर पर कहा, 'यह आयोजन केवल स्मरण का नहीं, संकल्प का प्रतीक है। किरणमयी दे ने जो साहस और दृष्टि हमें दी, वही आज हमारी प्रेरणा है। श्रीलेदर्स इसे नारी सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में मनाता है और इसी भावना से हम देशभर में सामाजिक सहभागिता निभा रहे हैं।'

झारखंड बंगाली एसोसिएशन, जमशेदपुर महिला समिति, द मिलानी और नेताजी सुभाष मंच के महिला और पुरुष सदस्यों ने भी पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में श्यामल श्री, प्रीतिलेखा रॉय, भास्कर मित्रा, सुरोजित चटर्जी, बुलबुल घोष, मीरा शर्मा, झरना दी समेत श्रीलेदर्स परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# पाकिस्तानी नागरिकों और घुसैपैठियों को झारखंड से बाहर करो : रघुवर दास

- जमशेदपुर में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ उबाल
- पाकिस्तानी नागरिकों को जिले से बाहर करने की भाजपा ने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो



पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते पूर्व सीएम रघुवर दास संग भाजपाई।

जमशेदपुर। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में गुस्सा फूट पड़ा है। इसी कड़ी में सोमवार को जमशेदपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने पाकिस्तानी नागरिकों को जिले से बाहर करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अगुवाई में आयोजित प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शन की शुरुआत साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से हुई, जहां से कार्यकर्ता जिला उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। इस दौरान पाकिस्तानियों भारत छोड़ो, पाकिस्तान मुदार्बाद जैसे नारे गूंजते रहे। कार्यकताओं ने हाथों में आतंकवाद और पाकिस्तान विरोधी तख्तियां थाम रखी थीं, जो उनके आक्रोश को दर्शा रही थीं। जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त की अनुपस्थिति में एडीसी के माध्यम से उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 27 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या से पूरा देश स्तब्ध और आक्रोशित है। धर्म पूछकर की गई यह क्रूर हत्या मानवता पर कलंक है। इस घटना के बाद देशवासियों के गुस्से को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भारत में वैध और अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल बाहर करने का आदेश जारी किया है। इसी के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले से पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर करने की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है।

पूर्व सीएम रघुवर दास ने झारखंड में अवैध घुसपैठ को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के चलते सत्तारूढ़ दल ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दिया है, जिससे स्थिति भयावह हो गई है। झारखंड में न वीजा की जरूरत है, न परमिट की। 'सर्व भूमि भोपाल की' कहावत यहां चरितार्थ हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध घुसपैठियों के कारण झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और गौरवशाली परंपराएं नष्ट हो रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने झारखंड सरकार से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर करने की मांग करते हुए कहा कि झारखंड कोई धर्मशाला नहीं है। भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र धरती और झारखंड की अस्मिता को बचाने के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

वहीं, सांसद विद्युत महतो ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने देशवासियों का खून बहाया है, और अब समय आ गया है कि भारत की धरती से हर उस शख्स को बाहर फेंका जाए जो इस आतंकी साजिश का हिस्सा हो सकता है। जमशेदपुर में एक भी पाकिस्तानी नागरिक किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा।

## एक नजर में

### गीता थियेटर का समर कैंप उत्क्रमित मध्य विद्यालय आदित्यपुर-2 में शुरू



जमशेदपुर। सोमवार को गीता थिएटर एवं रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान से स्पेशल समर कैंप का शुभारंभ आदित्यपुर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह समर कैंप शहर के निम्न-मध्यवर्गीय एवं कृष्ट परिवारों के बच्चों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। जिसका आज पहला दिन था जिसमें परिचय सत्र,अनुशासन की बातों, ओम का उच्चारण और व्यायाम करवाया गया। समर कैंप में लगभग 200 से अधिक प्रतिभागीओं ने हिस्सा लिया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ -साथ आसपास के बच्चों जो पढ़ाई छोड़ चुके हैं उन्होंने भी हिस्सा लिया। जो विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव और गीता थिएटर के स्वयंसेवी मनीषा डे वं दीलिप पात्रो के मेहनत से संभव हुआ।समर कैंप के पहले दिन हिन्द आईटीआई के तहिर हुसैन, जमशेदपुर फिल्म अभिनेता गुरुशरण सिंह, रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर से भवानी गुप्ता व महावीर, लियो क्लब ऑफ जमशेदपुर से ओमेंदु गुप्ता, निरज कुमार और सोनाक्षी प्रसाद शामिल हुए।

### जेडी यू का प्रतिनिधिमंडल नप के सीईओ से मिला



जमशेदपुर। जनता दल (यूनाइटेड) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सड़क, साफझ्रसफाई, नाली सफाई, कचड़ा उठाव, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, फोगिंग सहित अन्य जन समस्याओं को लेकर जुगसलाई नगरपालिका के कार्यपालक पदाधिकारी से मिला। जद (यू) नेताओं ने कार्यपालक पदाधिकारी को क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं से संबधित एक ज्ञापन सौंपकर समाधान की दिशा में त्वरित पहल करने की मांग की। कार्यपालक पधाधिकारी ने अविलंब अपने कार्यालय कक्ष में नगरपालिका के कनीय अभियंता को बुलाया और जुगसलाई रथ गली की सड़क से संबंधित समस्या सभी अन्य सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान करने को कहा। प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जुगसलाई क्षेत्र में निरंतर साफझ्रसफाई का भी कार्य जनभावना के अनुरूप किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में सत्येंद्र सिंह, आदर्श कुमार, सुरेश प्रसाद, शैलेश सिंह, संजय सिंह, रविन्द्र कुमार, एल वी सिंह, बीरेंद्र यादव, मनोज सिंह, शिवम कुमार, संजय सिंह इत्यादि शामिल थे।

### फन डिलाइट ने सूर्य मंदिर परिसर में करायी डांस प्रतियोगिता



जमशेदपुर। फन डिलाइट डांस क्लासेज की ओर से डांस प्रतियोगिता का आयोजन सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, शिक्षाविद् नारायण त्रिगुण एवं बैंक यूनियन के नेता विवेक पराशर सिन्हा उपस्थित थे। मौके पर प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम की बेहतर प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को आनंदित किया। कार्यक्रम फन डिलाइट डांस क्लासेज की मुख्य शिक्षिका सुष्मिता सिंह की देखरेख में हुआ। अंत में अतिथियों ने सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया।

### वीशा मोहिंद्रा को बेस्ट प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवॉर्ड



जमशेदपुर। आर वी एस एकेडमी को यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारी प्राचार्या, वीशा मोहिन्द्रा को ग्लोबल एपेक्स अवॉड्र्स 2025 में बेस्ट प्रिंसिपल ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह 3 मई को हयात सेंट्रिक होटल, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। यह पुरस्कार माननीय श्री परषोत्तम रूपाला (सांसद, लोकसभा : राजकोट) ने श्रीमती मोहिन्द्रा को प्रदान किया। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना स्वरूप दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, श्रीमती वीशा मोहिन्द्रा ने आर वी एस एकेडमी को उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने डिजिटल लर्निंग, छात्रों के लिए वेलनेस प्रोग्राम और शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं जैसे कई नवाचारी उपक्रमों की शुरूआत की है, जिन्हें व्यापक सराहना मिली है। आर वी एस एकेडमी के चेयरमैन, बिन्दा सिंह जी ने इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व व्यक्त करते हुए कहा, वीशा मोहिन्द्रा का नेतृत्व दूरदर्शी एवं मूल्यों पर आधारित है। यह पुरस्कार उनके अथक प्रयासों और विद्यालय की प्रगति के प्रति उनकी दृष्टि का प्रमाण है। यह सम्मान न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि इसके छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और पूर्व छात्रों के लिए भी गर्व का विषय है। यह आर वी एस एकेडमी की प्रतिष्ठा को और ऊंचाइयों पर ले जायेगा तथा छात्रों के लिए और अधिक अवसरों के द्वार खोलेगा।

### श्रीनाथ विवि में रोटरेक्ट क्लब लांच, अक्षत राठौर बने प्रेसिडेंट



जमशेदपुर। श्रीनाथ विश्वविद्यालय में रोटरेक्ट क्लब की शुरुआत हो गयी है। इस बाबत रोटरी क्लब फेमिना जमशेदपुर के तत्वाधान में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम के तहत क्लब की लॉन्चिंग की गई। क्लब के लिए आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में रोटेरियन रोनी डी'कोस्टा शामिल रहे। इस समारोह में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ क्लब के युवा सदस्य, रोटेरियन और विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि रोटेरियन रोनी डी'कोस्टा ने रोटरी के मूल्यों और एक बेहतर समाज के निर्माण में युवाओं की शक्ति पर प्रेरणादायक भाषण दिया। कहा, नेतृत्व पद से नहीं, कर्म से पहचाना जाता है। उन्होंने नव-निर्वाचित सदस्यों को करुणा, समर्पण और सेवा की भावना के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष का न्यू ट्रिम फैक्ट्री व फाइनल में स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का न्यू ट्रिम लाइन एवं फाइनल डिवीजन में जोरदार स्वागत किया गया। न्यू ट्रिम लाइन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद के अलावे महामंत्री आरके सिंह, जीएम किरण नरेन्द्रन, एच एस सैनी, आर आर दुबे , अजय भगत, बीके सिंह समेत तमाम यूनियन के पदाधिकारी, यूनियन के कमेटी मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य तथा भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रियाज अहमद ने किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। महामंत्री आरके सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यूनियन को जब-जब ऊर्जा की जरूरत हुई है, आप सबों ने भरपूर ऊर्जा दिया है।

## बागबेड़ा : जलापूर्ति योजना की खुदाई में लगे दो मजदूर मिट्टी में दबे, एक की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो



मृत मजदूर कृष्णा बास्के की फाइल फोटो।

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का कार्य में लगे दो मजदूर मिट्टी में दब गए, जिसमें एक मजदूर की घटनास्थल पर मौत हो गई। दूसरे को स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर बाहर निकला जो गंभीर रुप से घायल है। आनन फानन में घायल मजदूर को एमजीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जमशेदपुर के बगबेड़ा थाना अंतर्गत प्रधानटोला क्षेत्र में सोमवार को पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई जानलेवा साबित हुई। पाइप बिछाने में लगे दो मजदूर गहरे गड्ढे में गिर गए, जिससे मिट्टी में दबकर एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान प्रधानटोला कृष्णा बास्के (24) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक का नाम पंचू बताया जा रहा है। कृष्णा बास्के पहली बार मजदूरी करने गया था और यह हादसा हो गया। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसके एक भाई की मौत पूर्व में हो चुकी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिट्टी अत्यधिक गीली होने के कारण दोनों युवक अचानक फिसलकर गड्ढे में गिर गए और उनके उपर आसपास जमा मिट्टी उनके ऊपर गिर गई, जिस कारण कृष्णा की मौके पर ही दम घुटने से मौत हो गयी।

## झींमडी की घटना में थानेदार की लापरवाही उन्हें पद से अविलंब हटाया जाये: संजय सेठ

- झीमड़ी की घटना पर रक्षा राज्य मंत्री का डीसी को पत्र
- ग्रामीणों को अनावश्यक प्रताड़ित और परेशान नहीं करे प्रशासन

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के झींमड़ी में कथित एक बच्ची के साथ ब्रेन वाश कर जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इस संबंध में स्थानीय सांसद संजय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सरायकेला के डीसी को पत्र लिखा है। इसके लिए रक्षा राज्य मंत्री ने डीसी को कई निर्देश भी दिए हैं। इस पत्र में उन्होंने कहा है सरायकेला खरसावां जिले के झीमड़ी में एक बेटी का ब्रेन वाश कर जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में भी जबरदस्त आक्रोश रहा। पीड़िता का पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान रहा। उसके समाधान से जुड़े कई विषयों पर जिला प्रशासन को सकारात्मक कदम उठाना चाहिए। वर्तमान में देश की ऐसी परिस्थितियों की वजह से मैं क्षेत्र में नहीं आ सका हूं परंतु वहां की स्थिति पर मेरी नजर है। उक्त पीड़ित परिवार की शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसे विषय चिंताजनक हैं। इस दिशा में जिला प्रशासन अपने स्तर पर पहल करते हुए ठोस कदम उठाये।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद पांडेय ने किया एमजीएम अस्पताल का दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर सिविल कोर्ट जमशेदपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार पांडेय ने सोमवार को एमजीएम अस्पताल का निरीक्षण किया। प्रधान जिला जज अरविन्द कुमार ने शनिवार के एमजीएम अस्पताल में घटित घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन से बात की और घटनास्थल तथा अस्पताल के जर्जर भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के सुरिटेंडेंट डॉ रमेश मंधान और वाईस सुपरिटेंडेंट डॉ नकुल चौधरी के साथ घटित दुर्घटना और अस्पताल के अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की। निरीक्षण के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मने कहा कि हादसे में घायल हुए मरीज और मृतक के परिवार को चिन्हित कर उचित मुआवजा व अन्य लाभ दिलाने में डालसा हर संभव सहयोग करेगा।

# बीएसीईटी में मना साइंस ओलंपियाड एग्जीबिशन 2025

- 65 मॉडल्स, 20 स्कूल, और विज्ञान की नयी सोच के साथ छात्रों ने किया भविष्य का साक्षात्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो



एग्जिविशन देखते झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन।

जमशेदपुर। बी.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिया, जमशेदपुर के परिसर में साइंस ओलंपियाड एग्जीबिशन 2025 का सफल और भव्य आयोजन किया गया। इस विज्ञान महोत्सव में जमशेदपुर और आस-पास के 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और कुल 65 वर्किंग मॉडल्स के माध्यम से अपनी नवाचारी सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समाज के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित किया।

मुख्य अतिथि, श्री रामदास सोरेन, शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री, झारखंड सरकार, ने अपने संबोधन में बी.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की प्रशंसा करते हुए कहा, यह संस्थान शहरी और ग्रामीण विद्यार्थियों के बीच शिक्षा की समानता स्थापित करने में एक सशक्त माध्यम बना है। यहां के विद्यार्थी अपने नवाचारों के माध्यम से यह सिद्ध कर रहे हैं कि संसाधन सीमित हो सकते हैं, लेकिन सोच की ऊंचाई असीम होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा वह शक्ति है, जिससे हम न केवल समाज को आगे बढ़ा सकते हैं, बल्कि तकनीकी क्रांति लाकर देश के विकास में एक मजबूत भूमिका निभा सकते हैं। श्री सोरेन ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे मंच बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। सम्मानित अतिथि, सुनील चंद्रा, एसडीएम घाटशिला ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में रचनात्मक शिक्षा पर बल दिया। कहा, आज की शिक्षा प्रणाली को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जा सकता। रचनात्मक कौशल और नवाचार ही भविष्य की पहचान हैं। घाटशिला के ग्रामीण क्षेत्रों में राजेन्द्र विद्यालया, घुटीया जैसी संस्थाएं शिक्षा के माध्यम से क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं।

स्पीड न्यूज

## बाइक से गिरकर महिला घायल



विश्रामपुर (पलामू)। रेहला-ब्रह्मोरिया मुख्य पथ पर नौगढ़ा गांव के पास एक महिला चलते बाइक से गिरकर जख्मी हो गयी। घायल महिला की पहचान गढ़वा जिला के नेनुआ-खुरा गांव निवासी सुचंती देवी (37) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुचंती देवी एक शादी समारोह में शामिल होने नावा बाजार जा रही थी। इसी बीच एक रोडब्रेकर पार करने के दौरान बाइक थोड़ा डगमगा गया। जिससे वह गिर गयी। घायल अवस्था में उसे नजदीक के फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

## 33 बेटिकट यात्रियों से वसूला जुर्माना



विश्रामपुर। सोमवार को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डाल्टनगंज प्रज्ञेश निगम ने गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर कैंपिंग कोर्ट लगाया, जिसमें रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत निरीक्षक प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गढ़वा रोड उमाकांत के नेतृत्व में अभियान चलाकर गाड़ी संख्या 53350, 63558 तथा 18613 को चेक किया। जिसमें कुल कितने 33 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां उनसे जुर्माना राशि वसूलकर छोड़ा गया।

## नहीं मिल रहा वोल्टेज, सीएचसी में एक्स-रे सेवा बाधित, मरीज परेशान


हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र के कई इलाके बिजली की लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कम वोल्टेज के चलते एक्स-रे सेवा बाधित है। जिस कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को चिकित्सकों से सलाह के बाद एक्स-रे कराने गये मरीजों को मायूस होकर वापस घर लौटना पड़ा। इस संबंध में सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि बिजली के लो वोल्टेज से सीएचसी अधिष्ठापित एक्स-रे मशीन सहित फ्रीज, रेडिएंट वार्मर, आटोक्लेव सहित कई उपकरण बंद हो जा रहे हैं। इससे मरीजों का समुचित इलाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए बिजली विभाग के जेई को पत्र देकर जानकारी दी गयी है। जिससे सीएचसी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

## जल जीवन मिशन में भारत सरकार नहीं दे रही पैसा : राधाकृष्ण किशोर



मेदिनीनगर। झारखंड में पेयजल संकट की स्थिति गर्मी आते ही उत्पन्न हो जाती है। इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल संकट से लोगों को निजात दिलाने के लिए मंत्री परिषद के सदस्यों को निर्देश दिया है कि अपने स्तर से इसका पहल कर अल्पकालीन संकट को दूर करें। इसी के तहत राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू जिला समाहरणालय में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में व्याप्त जल संकट की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वर्ष 2024-25 में जल जीवन मिशन का पैसा भारत सरकार नहीं दे रही है। जबकि इस मिशन में राज्य सरकार की जो राशि लगती है वह लेकर सरकार बैठी है। केंद्र सरकार के असहयोग के कारण जल जीवन मिशन अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि अनटायड फंड की राशि तीस करोड़ पचपन लाख रूपया राज्य में उपलब्ध है। इस राशि से पलामू समेत राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों में व्याप्त जल समस्या का हल तत्काल निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि 15 मई के पूर्व जिला में राशि उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने कहा कि पलामू में लगभग आठ से दस करोड़ रुपये दिये जायेंगे। इस राशि से तत्काल उपायुक्त के निगरानी में खराब पड़े चापाकल व नल कूपों की मरम्मति कराया जायेगा। मंत्री श्री किशोर ने कहा कि जिले में 23834 हैंड पंप लगाये गये हैं जिसमें 3203 हैंड पंप खराब पड़े हैं। जिसका मरम्मति अनाबद्ध राशि से कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले के जिस प्रखंडों में वाहन की जरूरत है वहां पर वाहन भाड़े पर लेकर मरम्मति कार्य प्रारंभ किया जायेगा। कहा कि पेयजल व स्वच्छता विभाग पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। यदि खराब पड़े हैंड पंपों की मरम्मति समय रहते करा दिया जाता है तो 70 प्रतिशत जल संकट पर काबू पाया जा सकता है। कहा कि जल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में काम करे। वर्षा जल का संचयन किया जाये। वित्त मंत्री श्री किशोर ने नगर आयुक्त से सवालिया निशान में पूछा कि बेलवाटिका पंपु कल से गंदा एवं दुर्गंधयुक्त पानी का सप्लाई किया जा रहा है। यह क्या मामला है बतायें। प्रेस वार्ता में उपायुक्त शशिरंजन ने कहा कि 3624 हैंड पंप ग्रामीण क्षेत्रों व 1170 हैंड पंप नगर निकाय क्षेत्रों में खराब हैं जिनका मरम्मति शीघ्र करा लिया जायेगा। कहा कि इसके लिए वर्तमान में 16 गैंगमैन लगाये गये हैं। जो एक गैंगमैन द्वारा एक दिन में चार खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मति की जाती है। कहा कि इस बावत जिले के सभी बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि अपने अपने क्षेत्रों में गैंगमैन की व्यवस्था कर खराब हैंडपंपों को अविलंब मरम्मत करायें।

## नौडीहा के पूर्व पंसस क्यामुद्दीन पर जाति सूचक शब्द प्रयोग का लगाया आरोप



मनातू, पलामू (सुधीर यादव)। रविवार को करीब 11:30 बजे नौडीहा पंचायत के टोला कुसमाटांड़ भुइयां जाति के कई ग्रामीणों ने रहया निवासी व पूर्व पंचायत समिति सदस्य क्यामुद्दिन अंसारी एवं उनके भाई पर ग्रामीणों ने जातिसूचक शब्द एवं घर से भगाने और कई धमकियां देने का आरोप लगाया है। रैयत बच्चू भुइयां, बंधन भुइयां, विनोद भुइयां, कांति देवी, सुकनी देवी, ममता देवी, बिंदु देवी, मनीता देवी, फूल कुमारी देवी नौडीहा पंचायत के टोला कुसमाटाड़ के रैयत हैं। इनका कहना है कि रविवार को अचानक बिना अंचल कर्मी सूचना दिये मेरे घर के सामने जमीन पर क्यामुद्दीन, नौडीहा मुखिया बंधु भुइयां एवं कई ग्रामीणों के साथ जमीन को लेकर बातचीत कर रहे थे। कुछ देर बाद क्यामुद्दिन मियां एवं उनके भाई ने बोला कि अरे भुइयां कुइयां यह सभी जमीन मेरा है। यहां से जगह जल्द खाली करो। घर दुरा में ताला लगाकर भाग जाओ, नहीं तो हम से हरामी कोई नहीं होगा।

# भाजपा ने जिला समाहरणालय के समक्ष किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

- जिला में रह रहे पाकिस्तानियों को निकालने को लेकर उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया
- देश आतंकवाद की स्थिति से जूझ रहा है : डॉ शशिभूषण मेहता
- पाकिस्तानियों को चिह्नित कर जिला प्रशासन : अमित तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया इससे पूरा देश ही नहीं बल्कि विश्व के कई देश मर्माहत हैं। इस घटना का विरोध भारत के कोने कोने में किया जा रहा है। इधर, इस घटना से भारत सरकार काफी सख्त है। आतंकवादियों को सफाया करने के लिए भारत सरकार कई कारगर पहल कर रही है। इसी के तहत गृह मंत्रालय द्वारा पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है कि देश के सभी जिलों में वैद्य व अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिक अविलंब भारत छोड़ें इसे लेकर जिला प्रशासन को भी निर्देशित किया गया है। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन जिला समाहरणालय के समक्ष किया गया। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, अवैध घुसपैठिये पलामू छोड़ो समेत कई नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त को राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि आज भारत ही नहीं विश्व के कई देश आतंकवादी आग में झुलस रहे हैं।

# पेयजल संकट मिटाने के लिए टीम वर्क के साथ कार्य करें अधिकारी : वित्त मंत्री

- कार्यालय अवधि के द्वितीय पाली में क्षेत्र भ्रमण करें अधिकारी : डीसी
- अनाबद्ध निधि से खराब चापानल एवं जलमीनार होंगे दुरुस्त
- 15 दिनों में पेयजल की समस्याओं को कराये दूर
- वित्त मंत्री ने पेयजल समस्या एवं उसके निदान हेतु की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्यकर तथा संसदीय कार्य विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पेयजल संकट के निवारण हेतु विभागीय अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। औपचारिकता नहीं निभायें, बल्कि संबंधित गांव/मुहल्लों में जाकर वास्तविकता को जाने और समस्या का निदान करना सुनिश्चित करें। जिले में जल संकट बढ़ रहा है। ऐसे में कई दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य चल रहा है, लेकिन वर्तमान समय में अल्पकालीन समस्याएं दूर करने से जल संकट की समस्याएं बहुत हद तक ठीक हो जायेगी। गर्मी के मद्देनजर पेयजल संकट पर तत्काल कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसे में प्राथमिकता के आधार पर जिले के खराब पड़े चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरुस्त कराना सुनिश्चित करें। मंत्री पलामू में पेयजल समस्या एवं उसके निदान हेतु समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रखंडवार खराब चापाकल एवं जलमीनार की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि अनाबद्ध राशि से जिले के खराब चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरुस्त किए जाएंगे। पलामू राज्य का पहला जिला होगा, जहां अनाबद्ध राशि से पेयजल समस्या का निदान किया जायेगा। उन्होंने आवश्यकता अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से भी पेयजलापूर्ति करने का निर्देश दिया।

# हैदरनगर : बिजली करंट से पिता पुत्र की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

### भतीजी की शादी में जेनरेटर के लिए तेल लाने अहले सुबह जा रहे थे पिता पुत्र

नरेंद्र गुप्ता

हैदरनगर पलामू। थाना के उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगड़ा गांव का 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार नहर पर गिरा था। उसी सड़क से डीजल लेने बाइक से जा रहे सिमरसोत के बिंदु मेहता (45) व उनका इकलौता पुत्र बिपिन (12) जा रहे थे। वह तार की चपेट में आ गये जिससे बाइक समेत पिता पुत्र पूरी तरह जलकर राख हो गये। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार दुरुस्त नहीं किया जाता है। जिससे इस तरह की घटनाएं होती है। सूचना मिलते ही हैदरनगर सीओ संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया। सूचना पर विधायक संजय सिंह यादव घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने पर गहरा दुख जताया। उन्होंने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हरसंभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है।



घटनास्थल पर जुटी भीड़ व मौके पर पड़ा शव व बाइक।

**बिंदु की भतीजी की आज थी शादी** : ग्रामीणों ने बताया कि सिमरसोत के बिंदु मेहता की भतीजी की सोमवार को बारात आनी थी। वह इकलौते पुत्र बिपिन को साथ लेकर अहले सुबह डीजल लेने जा रहा था। सूचना मिलते ही लोग घटना स्थल पहुंचे। गांव में मातम का माहौल है। शादी की खुशी मातम में बदल गयी। परिजन बेहाल हैं।

# छात्राएं बेहिचक पुलिस को 112 नंबर पर डायल कर बतायें परेशानी : थाना प्रभारी

- एसपी के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी ने केजी स्कूल की छात्राओं के बीच किया जागरूकता कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने रविवार को जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध संगोष्ठी का आयोजन कर प्रभारियों को छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया था।

इसके आलोक में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने सोमवार को केजी सीएम एक्सीलेंस स्कूल के नौवीं कक्षा की छात्राएं शहर थाना पहुंचीं, जहां पर थाना प्रभारी द्वारा थाना परिसर का भ्रमण कराया गया और पुलिस के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने छात्राओं को बताया कि एफआईआर कैसे दर्ज की जाती है, किसी अपराध की सूचना मिलने पर पुलिस किस प्रकार घटनास्थल पर पहुंचती है और आरोपी की गिरफ्तारी से लेकर हिरासत तक की प्रक्रिया कैसे संचालित होती है। यह जानकारी उन्हें प्रैक्टिकल रूप में दी गई। छात्राओं ने इस अनुभव को अत्यंत सकारात्मक बताया। कई छात्राओं ने कहा कि उन्हें पहले पुलिस से डर लगता था, लेकिन आज थाना भ्रमण और जानकारी प्राप्त करने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि पुलिस आम नागरिकों की रक्षक है और किसी भी समस्या की स्थिति में थाने आकर सहायता प्राप्त करना आसान है। छात्राओं को डायल 112 की सेवा की उपयोगिता, ऑनलाइन एफआईआर की प्रक्रिया और पुलिस द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले हथियारों, विशेषकर पिस्टल की कार्यप्रणाली से भी परिचित कराया गया। इस अवसर पर छात्राओं को जलपान भी कराया गया और उनके साथ आए शिक्षकों को स्मृति-स्वरूप पौधा भेंट कर सम्मानपूर्वक विदा किया गया।

# तोलरा के चार घरों से बीस लाख से ज्यादा की संपत्ति की चोरी

- लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश
- पुलिस को झेलना पड़ा क्षेत्र के लोगों का विरोध






खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में रविवार की रात चार घरों में भीषण चोरी की घटना हुई। इस घटना में नकद, जेवरात सहित बीस लाख से भी ज्यादा की संपत्ति चोर उड़ा ले गये। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीण तोलरा गांव में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं से आक्रोशित थे। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात तोलरा गांव निवासी रेलवे टीआई अनिल तिवारी, सेवानिवृत डीएसपी सुधीर तिवारी, शिक्षक ओंकार तिवारी व एलआईसी एजेंट अमरेश तिवारी के घरों में चोरी हुयी। घटना के समय तीन घरों में कोई नहीं था। जबकि एक घर में गृहस्वामी के बुजुर्ग पिता थे। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने जब घर का ताला टूटा हुआ व सामान बिखरा पड़ा देखा तो गृहस्वामियों को फोन पर घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि अनिल तिवारी रेलवे में ट्रैफिक इंस्पेक्टर हैं और वे वर्तमान में सपरिवार मेदिनीनगर में रहते हैं। सेवानिवृत डीएसपी सुधीर तिवारी बिहार पटना में सपरिवार शिफ्ट हो गये है। जबकि शिक्षक ओंकार तिवारी व अमरेश तिवारी भुरकुंडा में रहते हैं। पीड़ित चारों परिवार की माने तो इन सभी घटनाओं में कुल बीस लाख से भी ज्यादा की संपति की चोरी हुई है। चोरी की सूचना मिलने पर रेहला पुलिस थाना के एसआई रोशन किंडो पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां उन्हें ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीण गांव में आए दिन हो रहे चोरी की घटनाओं से आक्रोशित थे।

**खोजी कुत्ता का सहारा** : तोलरा में चोरी की घटना का उद्भेदन के लिए पुलिस ने खोजी कुत्ता का सहारा लिया। लेकिन इससे भी कुछ हासिल नहीं हुआ। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि मामले का अनुसंधान तेजी से किया जा रहा है। जल्द उद्भेदन करते हुए चोरों को पकड़ कर जेल भेजा जायेगा।

**शक रिफ्यूजी परिवारों पर** : ग्रामीणों ने शक जाहिर किया है कि लगातार हो रही चोरी में तोलरा स्टेशन के पास रह रहे रिफ्यूजी परिवारों की संलिप्तता है। मालूम हो कि तोलरा स्टेशन के पास दर्जन भर रिफ्यूजी परिवार वर्षों से रहता है। उनका पूरा परिवार ही आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहता है। ग्रामीणों की मानें तो यह सभी रिफ्यूजी परिवार बांग्लादेशी हैं, जो यहां आकर बस गये हैं और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

## अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करें : रामदेव यादव



मेदिनीनगर। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून देश स्तर पर भारत सरकार अविलंब लागू करें। जिस प्रकार देश के कई राज्यों में अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गयी है उसी प्रकार भारत सरकार प्रधानमंत्री अधिवक्ता कल्याण कोष का गठन कर प्रत्येक अधिवक्ताओं को 10-10 लाख का जीवन बीमा योजना तथा प्रत्येक अधिवक्ता को पांच लाख की स्वास्थ्य बीमा योजना और दो सौ यूनिट निःशुल्क बिजली व पानी की व्यवस्था कराया जाये। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अधिवक्ता कल्याण कोष का गठन कर प्रत्येक वर्ष 50 करोड़ अधिवक्ता हित के लिए राशि दी। साथ ही दस लाख की बीमा योजना व पांच लाख स्वास्थ्य बीमा योजना, निःशुल्क बिजली व पानी दिया। झारखंड सरकार ने भी पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा योजना अधिवक्ताओं के लिए लागू किया है। श्री यादव ने पीएम से मांग करते हुए कहा कि भारत सरकार भी अधिवक्ता हित में कई कल्याणकारी योजना लागू करना चाहिए।

## साक्षात्कार बोर्ड में शामिल जातिवादियों को बर्खास्त करे मोदी सरकार : झारखंड क्रांति मंच



मेदिनीनगर। झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने केंद्र की मोदी सरकार से यूपीएससी के चेयरमैन समेत यूपीएससी के चयन बोर्ड में शामिल तमाम जातिवादी सदस्यों को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जन जाति के लगभग 9 चयनित उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा में 705 से 766 अंक प्राप्त किये, जिन्हें साक्षात्कार बोर्ड ने मात्र 112 से लेकर 160 अंक तक देकर भेदभाव का निकृष्ट परिचय दिया। वहीं सामान्य वर्ग के करीब 10 चयनित अभ्यर्थी जिन्हें लिखित परीक्षा में 679 से लेकर 732 अंक तक मिले, उन्हें साक्षात्कार बोर्ड ने भेदभाव करते हुए 201 से लेकर 212 अंक तक प्रदान किये, जो गंभीर जांच का विषय है।

## वाहन की चपेट में आने से केताव के युवक की मौत

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर-केताव पथ पर बड़का पुल से कुछ आगे रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से केताव के अनिमेष चौबे (35) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अनिमेष उर्फ बडू रविवार की रात करीब नौ बजे विश्रामपुर से स्कूटी से अपने घर केताव वापस जा रहे थे। इसी बीच वे किसी वाहन की चपेट में आ गये। लोगों ने उन्हें लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया, वहां से एमएमसीएच ले गये। वहां फर्द बयान के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में लातेहार के निकट उनकी मौत हो गयी।

# वित्त मंत्री से मिला आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

- जिला मत्स्य कार्यालय में लूट का तांडव : सतीश कुमार



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर जी से मुलाकात कर जिला मत्स्य कार्यालय में लूट का खुला खेल का भंडाफोड़ किया है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि जिला मत्स्य पदाधिकारी मो०कमर जमा के नेतृत्व में दलालों के टीम संवेदक बने हुए हैं। तमाम कर्मचारी भ्रष्टाचार के खेल में संलिप्त है। आवास का मामला हो, जाल वितरण समेत अन्य संशाधन वितरण का मामला हो, मत्स्य बिज के वितरण का मामला हो। सब जगह दलाल फिट है, मच्छुआरों की लूट बदस्तूर जारी है। हाल ने एक मामला प्रकाश में आया, नावाडीह रामगढ़ चैनपुर मे महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सलोनी टोपनो को बतख पालन के लिये शेड का निर्माण के लिये काम मिला था। शेड निर्माण कर बतख पालने लगी, गरीब आदिवासी महिला कर्ज लेकर काम शुरू किया।

# झारखंड में रिश्वत और भ्रष्टाचार अपने चरम पर : आलोक चौरसिया

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। झारखंड में घूसखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है आम जनता का काम बिना रिश्वत का नहीं हो पा रहा है जिससे जनता में आक्रोश है। उक्त बातें डालटनगंज भंडरिया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने सोमवार को सतबरवा में एक शादी समारोह में बोल रहे थे। श्री चौरसिया सतबरवा निवासी पंकज प्रसाद की पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गरीब विरोधी है। चुनाव के दौरान वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार देने का वादा की थी लेकिन वादा पूरा नहीं कर सकी। जिससे युवा वर्ग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी गति से विकास हो रहा है। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। जम्मू कश्मीर की घटना पर उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन को पनाह देने वाला देश को समय पर जवाब दिया जायेगा। गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पाकिस्तान को हुक्का पानी बंद कर दिया जायेगा।

# प्रखंड क्षेत्र के सभी किसानों को केसीसी का लाभ देने की तैयारी

- चैनपुर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक
- किसानों को केसीसी से आच्छादित करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते बीडीओ व अन्य।

चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवनारायण उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रखंड के किसानों को केसीसी से आच्छादित करने और किसानों का ब्लॉक चैन सिस्टम में पंजीकृत हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। श्री उरांव ने बताया कि खरीफ मौसम आने से पूर्व प्रखंड के 1000 किसानों को केसीसी का लाभ दिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए मई माह में प्रत्येक मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया है। माह मई में क्रमशः 6, 13, 20, 27 तारीख को शिविर लगाया जाएगा जहां किसान अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। श्री उरांव ने इसकी महत्ता को बताते हुए कहा कि कोई भी किसान चाहे पशुपालन करता हो या मछली पालन, मुर्गी पालन करता हो या सुकर पालन, बटाईदार किसान हो या आम किसान सभी आवेदन कर सकते हैं। किसानों को मात्र 4 प्रतिशत के न्यूनतम वार्षिक ब्याज पर लोन मुहैया कराया जायेगा। इसके लिए झारखंड सरकार की कृषि विभाग कृत संकल्प है। आवेदन करने के लिए कुछ जरूरी दस्तावेज लगाना होगा, जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी पासबुक, जमीन लगान की अद्यतन रसीद एवं वंशावली। ब्लॉक चैन सिस्टम में प्रखण्ड के लगभग 10000 किसानों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। मौके पर केसीसी प्रियंका कुमारी ने किसानों का मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया।

## चैटर पॉइंट कंप्यूटर सेंटर ने 22 वा वर्षगांठ मनाया

# शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान है, न कि केवल डिग्रियां : नूरी सबा रिजवी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक व अन्य।

हुसैनाबाद पलामू। शहर के बालाजी कंपलेक्स देवरी रोड दुर्गाबाड़ी के समीप चैटर पॉइंट कंप्यूटर एवं अंग्रेजी कोचिंग संस्थान ने अपने शैक्षणिक करियर के 22वां वार्षिक उत्सव मनाया एवं विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक मिसम रिजवी ने कहा कि 4 मई 2003 को जपला हुसैनाबाद में कोचिंग सेंटर की स्थापना की और क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर और अंग्रेजी में शिक्षित कर कामयाब बनाने का काम करता रहा हूं। आगे उन्होंने बताया कि आज लोग डिग्रियों के पीछे भाग रहे हैं जबकि ज्ञान पीछे छूटता जा रहा है। वहीं संस्था की निदेशिका नूरी सबा ने कहा कि शिक्षा उद्देश्य ज्ञान होता है। अगर बिना ज्ञान के केवल डिग्रियां लेने का है तो आने वाले समय में डिग्रियों की अम्बार होगा लेकिन शिक्षा का उद्देश्य से लोग दूर हो जायेंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को विभिन्न परीक्षा के आधार पर चयन होने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। हिंदी इंग्लिश टाइपिंग में रेशमा को प्रथम पुरस्कार तथा मुस्कान और यश को द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार दिया गया।

# जीएन कान्वेंट में बाल संसद का हुआ गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के जीएन कान्वेंट स्कूल में भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की भावना को आत्मसात करते हुए बाल संसद का गठन गुप्त मतदान के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों ने बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया और लोकतंत्र की मूल भावना को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मदन प्रसाद केशरी के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने बाल संसद की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की एक लघु प्रतिकृति है, जिससे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व, जिम्मेदारी, सहानुभूति, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने इसे बच्चों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम बताया। चुनाव में कक्षा 10वीं की छात्रा स्मृति भाग्यश्री ने 39 मत प्राप्त कर बाल सांसद का चुनाव जीत लिया, जबकि संध्या कुमारी दूसरे स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को विधिवत रूप से शपथ दिलाई गई। चुनाव प्रक्रिया का संचालन शिक्षकों की निगरानी में पूरी पारदर्शिता के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्णा कुमार के नेतृत्व में हुआ जबकि बीके ठाकुर, विकास कुमार और कृष्णा कुमार ने चुनावी प्रक्रिया को व्यवस्थित किया। पीठासीन अधिकारी के रूप में संतोष प्रसाद ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र साह, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

**लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुआ गुप्त मतदान**



मतदान करते छात्र-छात्राएं

## पारिवारिक विवाद में महिला ने खाई कीटनाशक

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में रविवार की रात पारिवारिक विवाद के बाद 30 वर्षीया रूपा देवी, पत्नी अरुण सिंह ने कीटनाशक दवा खा ली। गंभीर स्थिति में परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक सुभग सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना को लेकर पति अरुण सिंह ने बताया कि शाम को किसी घरेलू मुद्दे पर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी, जिससे आहत होकर रूपा देवी ने खेतों में इस्तेमाल की जाने वाली कीटनाशक दवा पी ली। समय रहते इलाज मिलने से उनकी स्थिति नियंत्रण में है। फिलहाल महिला का इलाज भवनाथपुर सीएचसी में जारी है, और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## साले को बहनोई और पत्नी ने पीटा

**जमीन विवाद का मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के बजरमरवा गांव में जमीन विवाद को लेकर सोमवार को साले और बहनोई के बीच विवाद इस कदर बढ़ गया कि मामला मारपीट में तब्दील हो गया। इस घटना में साला राम लाल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने राम लाल को भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया। राम लाल को सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को राजमिस्त्री का काम कर रहे थे, इसी दौरान उनके बहनोई सुमेर साह और उनकी पत्नी नील कुमारी ने उन्हें ईंट से हमला कर घायल कर दिया।

उन्होंने यह भी बताया कि इस जमीन विवाद को लेकर 25 अप्रैल को खरौंधी अंचल और थाना में आवेदन देकर समाधान की गुहार लगाई गई थी। पंचायत स्तर पर भी मामले की सुनवाई हुई थी, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। घटना की सूचना मिलने पर खरौंधी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि इलाज के बाद पीड़ित को थाना बुलाया गया है, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घायल

## आंगनबाड़ी सेविका को जान से मारने की धमकी

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के सलगा गांव स्थित चिरैयाटांड़ टोला में बीते दिनों एक आंगनबाड़ी सेविका को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता आसपति देवी, जो पिछले 20 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के रूप में कार्यरत हैं, ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में सेविका ने बताया कि उन्होंने स्वयं की रैयती जमीन (खाता संख्या 153, प्लॉट संख्या 833) पर आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए भूमि दान की थी। साथ ही केंद्र में पेयजल सुविधा के लिए मुखिया मद से सोलर चालित जलमीनार भी लगवाया गया। लेकिन गांव के ही देवेंद्र यादव ने निजी कार्यों जैसे घर निर्माण और खेती के लिए जबरन उक्त जलमीनार से पाइप जोड़ दिया।

### मानसिक रूप से बीमार युवक के इलाज को लेकर

## डीएलएसए की सराहनीय पहल



जानकारी लेते पीएलवी

**गढ़वा।** जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत रंका कला निवासी भोटन राम के मानसिक रूप से बीमार पुत्र जितेंद्र कुमार के इलाज की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा ने सराहनीय पहल की है। विगत कुछ माह से मानसिक असंतुलन के कारण जितेंद्र कुमार पागलों जैसी हरकतें करते हुए गांव-शहर और सार्वजनिक कार्यक्रमों में घूमते नजर आते थे, जिससे लोग असहज महसूस कर रहे थे। इस मामले की जानकारी मिलते ही डीएलएसए से जुड़े पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और अमरेन्द्र कुमार ने उनके घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और जितेंद्र की मानसिक स्थिति की पूरी जानकारी ली। इसके बाद पीएलवी कृष्णानंद दुबे से मार्गदर्शन प्राप्त कर दोनों पीएलवी ने जितेंद्र का इलाज रांची के कांके स्थित केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान में कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## कांडी में पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न

### जनकल्याण योजनाओं पर लिए गये अहम निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को प्रखंड प्रमुख नारायण यादव की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए, हालांकि बैंक कर्मियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।

बैठक में मनरेगा की लंबित योजनाओं को बंद कर नई योजनाओं जैसे मेड़बंदी, आम बागवानी और सिंचाई कूप को स्वीकृति देने का प्रस्ताव पारित किया गया। मजदूरी का लाभ पति-पत्नी को एक साथ देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। वहीं आवास योजना में भुगतान के बावजूद निर्माण नहीं करने वाले लाभुकों पर सख्त रुख अपनाते हुए बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कर पैसे की वसूली का निर्देश दिया। जन वितरण प्रणाली में अनियमितता के मुद्दे पर भी समिति सदस्यों ने चिंता जताई। जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राम ने कांडी बाजार में टेंपो स्टैंड के कारण हो रही ट्रैफिक समस्या पर स्थायी समाधान की मांग की। पशुपालन विभाग के डॉक्टर अमित कुमार ने पशुपालकों को निबंधन और विभिन्न पालन विधियों की जानकारी दी। बैठक में आयुष्मान कार्ड, बिजली कनेक्शन, चापाकल मरम्मती और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर बीपीओ सोनू कुमार, 15वें वित्त के को-ऑर्डिनेटर उमंग पांडेय, कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, सहायक अभियंता अनुज कुमार, कनिय अभियंता अभिषेक कुमार समेत सभी पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित थे।



बैठक करते लोग

## संजीव पांडेय को दी गयी भावभीनी विदाई



विदाई देते लोग

**मझिआंव।** अंचल कार्यालय में सोमवार को राजस्व कर्मचारी संजीव पांडेय के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने की। इस मौके पर संजीव पांडेय को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सीओ प्रमोद कुमार ने कहा संजीव पांडेय कार्यालय में समयबद्ध उपस्थिति और कार्यों के सफल निष्पादन के लिए सदैव सराहनीय रहे हैं। उन्होंने जटिल कार्यों को भी सहजता से हल किया है। मैं उन्हें कार्यों के लिए 100 में 100 अंक देता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा है और उम्मीद है कि संजीव पांडेय जहां भी जाएंगे, उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे। विदाई के दौरान संजीव पांडेय भावुक हो गए और कहा, मैंने दिसंबर 2018 में मझिआंव अंचल में योगदान दिया था और यहां से 5 मई 2025 तक का सफर बहुत सहयोगात्मक और यादगार रहा। मैं अब मेराल अंचल जा रहा हूं लेकिन इस कार्यालय की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन राजस्वकर्मी शैलेश कुमार ने किया। इस दौरान प्रभारी अंचल निरीक्षक धनलाल उरांव, लिपिक राहुल कुमार, अमीन राजाराम राम मेहता, राजस्व कर्मचारी सियाराम बड़ाई, लिपिक विरेंद्र कुमार रवि, अजीत कुमार, अरुण कुमार, अमित कुमार, भूषण कुमार, सूर्यदेव माली, संजय राम सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## मेंटनेंस केस में फरार चल रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बोदरा गांव निवासी मुकेश यादव उर्फ मुखलेश यादव को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुकेश यादव पर उसकी पहली पत्नी गुड्डी देवी द्वारा मेंटनेंस (भरण-पोषण) का मुकदमा न्यायालय में दायर किया गया था, जिसमें वह लगातार अनुपस्थित चल रहा था। जानकारी के अनुसार, मुकेश यादव ने पहले टड़हे गांव में शादी की थी, लेकिन बाद में अपनी पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी कर ली। इसके बाद गुड्डी देवी ने अदालत में मेंटनेंस का मामला दायर किया, और भरण-पोषण राशि नहीं देने के कारण न्यायालय ने मुकेश की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। डिस्टेंस वारंटी प्रभारी रणवीर प्रसाद ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में मुकेश यादव को बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत नौहाटा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर मझिआंव लाया गया और सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पूर्व मंत्री ने किया सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सोमवार को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अध्यक्ष राज महेश्वरम, सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा, कोषाध्यक्ष रवि शंकर समेत अन्य पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए ये पदाधिकारी आगामी तीन वर्षों तक जिले में क्रिकेट के संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये टीम जिले में क्रिकेट को नई दिशा देगी और खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराएगी। श्री ठाकुर ने यह भी जानकारी दी कि जिले की बेटियों के लिए 19 सदस्यीय क्रिकेट टीम का गठन किया गया है, जिसे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। खेलों में बढ़ती राजनीति पर चिंता जताते हुए उन्होंने सभी से खेल भावना के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में अध्यक्ष राज महेश्वरम और सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए क्रिकेट को गांव-गांव तक पहुंचाने और नई प्रतिभाओं को तराशने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो के केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने किया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि, संघ पदाधिकारी, खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।





संबोधित करते मिथिलेश ठाकुर

## बेहतर पब्लिक इमेज के लिए जरूरी है कम्युनिटी और मीडिया का साथ

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी में पब्लिक इमेज के महत्व पर रविवार को जूम मीटिंग का आयोजन हैं। मीटिंग की शुरूआत डीजीआई नम्रता ने रोटरी में पब्लिक इमेज के महत्व पर चर्चा और उसे बेहतर बनाने पर अपने संबोधन के साथ कि। रोटरी की पब्लिक इमेज को और बेहतर बनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला।

डीएलएफ पीपी रेखा सिंह ने कहा कि रोटरी की पब्लिक इमेज को बेहतर बनाने से संगठन को लाभ हो सकता है। लोगों के बीच संगठन के प्रति जागरूकता बढ़ने से क्लब को मजबूती मिलेगी। डीपीआईसी पीडीजी अनिल सिंह ने पब्लिक इमेज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक अच्छी पब्लिक इमेज रोटरी की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकती है। पब्लिक इमेज संगठन की पहचान है और इसका सीधा प्रभाव संगठन की सफलता पर पड़ता है।



जूम मीट में शामिल रोटेरियन और अन्य

## नि:शुल्क किताब, बैग और सेनेटरी पैड का वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा डी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय बर्ड सौंदा में सोमवार को सरकारी दिशानिर्देशों के तहत विद्यार्थियों के बीच नि:शुल्क किताब, कॉपी एवं स्कूल बैग का वितरण किया गया। इसके साथ ही कक्षा 7 और 8 की छात्राओं के बीच सीसीएल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए सेनेटरी पैड का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। मोके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना एवं छात्राओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 455 of 2024**

BETWEEN

BANK OF INDIA, REDMA CHOWK BR., PALAMU ....APPLICANT BANK

VS.

M/S A TO Z FURNITURE & ANOTHER. ............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | M/S A TO Z FURNITURE PROP: RAHMAT ALAM S/O MUSLIM MIYAN @ MUSLIM ANSARI | AT- SHAHPUR, MAIN ROAD, SHAHPUR, P.O.- SHAHPUR, P.S. CHAINPUR, DIST.- PALAMU - 825102 |
| 2. | RAHMAT ALAM S/O MUSLIM ANSARI | VILLAGE- BANSDIH KHURD, P.O. & P.S. - RAMGARH, DIST.- PALAMU 822110 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 24,25,596.00/- (Rupees Twenty Four Lakhs Twenty Five Thousand Five Hundred Ninety Six Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 14th day of May., 2025 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **04th day of March, 2025.**

PRAMOD KUMAR
REGISTRAR



BEFORE: THE EXECUTIVE MAGISTRATE :AT DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, Archana Tiwary, W/O Anil Kumar, Ojha Date of birth 08.07.1988, by faith- Hindu, by occupation- Pvt. Job, Resident of Gosaidih, P.O.- K.G. Ashram, P.S.- Govindpur, Distt.- Dhanbad (Jharkhand), Aadhar No. 9955 3276 2381 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, as per Aadhar my actual name is Archana Tiwary.
2. That, Atharv Ojha is my minor son and his date of birth is 28.04.2010.
3. That, my minor son is the student of D.A.V. Public School Koyla Nagar Dhanbad and in mother's column my name has been mentioned as Archana Ojha in the school register of my minor son.
4 That, in birth certificate of my minor son my name also mentioned as Archana Ojha.
5 That, I intend to change my name in school register as well as birth certificate as Archana Tiwary in place of Archana Ojha.
6 That, the averments made above are true and correct to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed herein in this affidavit. And am affixing my photograph along with my son's photograph for proper identification.
7. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concern and for needful purpose.

S.NO. 34710 Date : 04/10/24



**NATIONAL UNIVERSITY OF STUDY AND RESEARCH IN LAW, RANCHI**
At Nagri, PO- Bukru, Kanke-Pithoria Road, Kanke, Ranchi 834006

Ref: NUSRL/RNC/2025/1128385 DATE: 05/05/25

**Very Short Tender Invitation Notice**

NUSRL, Ranchi invites a tender for (a) Supply and installation of CCTV System (b) Supply and installation 84 AH battery 80 nos.

For detailed terms and conditions visit the University website www.nusrlranchi.ac.in. The last date of Submitting the sealed tender is 15/05/25, 05:00 PM. Which will be opened on item no. (a) 16/05/25 at 03:00 PM. (b) 16/05/25 at 04:00 PM

Sd/-
Assistant Registrar (I/c)

PR 351680 Law(25-26).D



**कार्यालय: असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गुमला**

**आम सूचना**

गुमला जिला के रायडीह एवं सदर प्रखण्ड गुमला के जनमानस को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग, गुमला के तरफ से सिकल सेल स्कीनिंग कार्यकम के तहत 0 वर्ष से 40 वर्ष के सभी लोगों का सिकल सेल जॉच कराया गया है। दोनो प्रखण्डों के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थापित ए0एन0एम0 तथा सी0एच0ओ0 के द्वारा 02 से 40 वर्ष के सभी लोगों का स्कीनिंग कार्य सम्पन्न करा लेने की पुष्टि की गयी है।

पुनः इस संबंध में दोनों प्रखण्डों में रहने वाले लोगों को सूचित किया जाता है कि यदि अभी भी किसी का सिकल सेल जॉच नहीं हुआ है तो इस सूचना के प्रकाशित होने के पन्द्रह दिनों के अंदर अपने निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर (AAM) / स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में जाकर सिकल सेल की जॉच करा लें।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझे ताकि रायडीह एवं सदर प्रखण्ड, गुमला को Sickle Cell जॉच के लिए Saturation Certificate निर्गत किया जा सके।

**नोट – अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क करें**

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, रायडीह (मो0 नं0 9693041356)
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर प्रखण्ड, गुमला (मो0 नं0 9471310303)

सिविल सर्जन, गुमला

PR 351617 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell (Short e-Procurement Notice)

Tender Reference No:- BCD/EE/HAZARIBAG/ 11 /2025-26 Date:- 03-05-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary wall of North Part along the DVC area in the residence of Director , JPA , Hazaribag ,District- Hazaribag | 2475000/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 2 | Renovation of Boundary wall and Laying to Paver Block in S.P. Residence Campus at Hazaribag | 2210500/- | 45000/- | 5000/- | 3 Month |
| 3 | Renovation of A-Type –I Sarvodya Coloney located near Carmel Chowk Hazaribag | 2451300/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 4 | Construction of Boundary Wall S.D.P.O. Residence Hazaribag | 2065400/- | 42000/- | 5000/- | 3 Month |
| 5 | Renovation work for S.D.P.O Guard Room Hazaribag | 2497600/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 6 | Renovation Work in the office of Executive Engineer Building Division Hazaribag | 1985800/- | 40000/- | 5000/- | 3 Month |
| 7 | Emergent Work in the office of Treasury , Collectorate Building Hazaribag . | 1555800/- | 32000/- | 5000/- | 3 Month |
| 8 | Emergent work of Laying of APP Roof treatment in the Main Administrative Building, Civil Court, Hazaribag | 1982800/- | 40000/- | 5000/- | 3 Month |
| 9 | Emergent work of Extension of Parking shade constructed near Main Building Civil Court, Hazaribag | 1086000/- | 22000/- | 2500/- | 2 Month |
| 10 | Construction of Wooden Almirah, False Ceiling and necessary work in the Officer's chamber located in Sub-Judge Building | 1856000/- | 38000/- | 5000/- | 3 Month |
| 11 | Construction of Wooden Almirah ,False Ceiling and necessary work in the Officer's chamber located in FTC Building of Civil Court, Hazaribag | 1828000/- | 37000/- | 5000/- | 3 Month |
| 12 | Emergent work of Construction of Stainless Steel Rack in Record room situated in Civil Court, Hazaribag | 1548800/- | 31000/- | 5000/- | 3 Month |
| 13 | Construction of MS Stair of Sub-Judge Building in Civil Court, Hazaribag | 1398400/- | 28000/- | 2500/- | 3 Month |
| 14 | Installation of Stainless Steel Grill and UPVC Work inf Broken ventilation in all the Court room located in Sub-Judge Building in Civil Court ,Hazaribag | 1662000/- | 34000/- | 5000/- | 3 Month |
| 15 | Emergent work wooden almirah in the officer's chamber located in Magistrate court Building | 18,42,000/- | 38000/- | 5000/- | 3 Month |
| 16 | Emergent work of White washing and Special repair work of Sub-Judge Building of Civil Court, Hazaribag | 1995600/- | 40000/- | 5000/- | 3 Month |
| 17 | Emergent work of White washing and special repair work of FTC Building Civil Court, Hazaribag | 1015000/- | 21000/- | 2500/- | 3 Month |
| 18 | Renovation of all the Court room of the Main Administrative Building in Civil Court, Hazaribag | 2492800/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 19 | Renovation of all the court room of the FTC Building in civil court, Hazaribag | 2485600/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 20 | Renovation of all the court rooms of the Sub-Judge Building in Civil Court, Hazaribag | 2486900/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 21 | Renovation of all the Court rooms of Magistrate Building in Civil Court, Hazaribag | 2488400/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 22 | Emergent work of wall Panelling and necessary work in the residential office of Principal District and Session Judge Hazaribag , District- Hazaribag | 2474400/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 10-05-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 17-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

**Further details and subsequent amendments can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag

PR 351646 Building (25-26)_D

# उदारवाद की जीत

एक बार फिर से निर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि मतदाताओं ने विभाजन के बजाय एकता को चुना है। यह बयान तब आया जब उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी ने दुर्लभ दूसरी बार सत्ता में वापसी की और ऐतिहासिक रूप से अतिरिक्त सीटें भी हासिल कीं झ जो ऑस्ट्रेलियाई राजनीति में दशकों में नहीं देखा गया। लेबर पार्टी को बहुमत प्राप्त हुआ है। पिछली संसद में पार्टी के पास 78 सीटें थीं। दूसरे कार्यकाल में सीटें बढ़ाना ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक रूप से असामान्य है। एंथनी अल्बनीज ने अपनी मंगेतर जोडी हेडन के साथ लीकार्ड के एक कैफे में समर्थकों और मीडिया को संबोधित करते हुए कहा:

ऑस्ट्रेलियाई जनता ने विभाजन के बजाय एकता को चुना हम अपने दूसरे कार्यकाल में भी उतनी ही अनुशासित और संगठित सरकार होंगे, जितनी पहले कार्यकाल में थे। यह हमारी सबसे आशावादी अपेक्षाओं से भी परे था। अमेरिका-चीन तनाव जैसे वैश्विक जोखिमों के बीच ऑस्ट्रेलियाई जनता ने निरंतरता को चुना। विपक्षी नेता पीटर डटन अपनी सीट हार गए और उनकी कंजरवेटिव गठबंधन महज 37 सीटों पर सिमट गया। यह हाल ही में कनाडा में हुई राजनीतिक गिरावट जैसा है, जहां कंजरवेटिव नेता पियरे पोइलिएवर भी अमेरिकी व्यापार अव्यवस्थाओं के बाद सीट हार गए। परमाणु ऊर्जा प्रस्तावों की आलोचना की। विपक्ष ने सात परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का वादा किया था, लेकिन किसी भी प्रस्तावित स्थान पर प्रचार नहीं किया। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र नहीं है। लेबर ने डटन पर सांस्कृतिक संघर्ष भड़काने का भी आरोप लगाया, जब उन्होंने केवल राष्ट्रीय ध्वज के सामने खड़े होने की कसम खाई झ जिसे स्वदेशी ऑस्ट्रेलियनों को अलग-थलग करने वाला कदम माना गया। कनाडा और आस्ट्रेलिया में उदारवादियों की जीत हुई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय अपने पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने




**जातिगत** जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया।


सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वहीं सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा।

आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है।

इसे भी पढ़ें: जाति जनगणना को लेकर ढट दट्ठ की चिराग पासवान ने की जमकर तारीफ, कांग्रेस और राहुल गांधी पर बरसे

जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा।

समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा।


-ललित गर्ग

> जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गमार्या जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और

निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और यह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं।

भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवेदनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकड़े प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवतः भाजपा को सता रहा था। लेकिन भाजपा का यह डर या तो खत्म हो गया है, या फिर उसने बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में चुनावी लाभ लेने के लिए ये कदम उठाया है। भाजपा इसके खिलाफ थी, उसने जातिगत जनगणना को देश को बांटने की कोशिश करने वाला बताया था। लेकिन एनडीए में शामिल भाजपा की ज्यादातर सहयोगी पार्टियां इसके पक्ष में हैं।

जातिगत जनगणना के आंकड़े 2026 या 2027 के अंत में आएंगे और तब तक बिहार और यूपी के चुनाव हो चुके होंगे। इसलिए इसका चुनावी लाभ लेने की बात सही नहीं है।

वैसे भी भाजपा ने हाल के वर्षों में पिछड़ों और दलितों समुदाय को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की है। भाजपा इस जातिगत गणना से ये भी दिखाना चाहती है कि पिछड़ों के एक-आध समुदाय को छोड़ दें तो ओबीसी समुदाय का बड़ा हिस्सा उसके साथ है। वैसे तो विभिन्न राजनीतिक दल अमुक-अमुक जातियों का नेतृत्व करने के लिए केवल जाने ही नहीं जाते, बल्कि ऐसा दावा भी करते हैं। इसलिए जाति आधारित जनगणना का लाभ है तो हानि भी है।

## लेटर टू एडिटर

### सकारात्मक संदेश

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सभी दलों द्वारा एकजुट होकर निंदा करना सकारात्मक संदेश है। यह केवल आतंकवाद के खिलाफ एक आवाज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए दृढ़ संकल्प है। उमर अब्दुल्ला का बदली सोच की ओर इशारा करना भी दर्शाता है कि अब कश्मीर शांति और विकास चाहता है, न कि भ्रम और हिंसा।

**- सुभाष, रांची**

### बेलगाम ओटीटी प्लेटफॉर्म्स

**आजकल** कई शहरों में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिनका कारण इंटरनेट बेलगाम ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और अश्लील वेब साइट्स हैं, जिनसे युवा का मस्तिष्क प्रभावित हो रहे हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट भी चिंतित है। केंद्र सरकार को इन साइट्स और कंटेंट्स पर कड़े नियम लागू करने होंगे। नहीं तो हमारी पवित्र संस्कृति और भावी पीढ़ियां संकट में पड़ जाएंगी। **-रवि रांची**

## ट्वीट

योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**बाबा शिवानंद** के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, काशी के प्रसिद्ध योगगुरु पद्मश्री स्वामी शिवानंद जी का निधन अत्यंत दुःखद है। योग क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। आपकी साधना और योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा है। दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें और शोकाकुल अनुयायियों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

**- योगी आदित्यनाथ**

# कश्मीर घाटी का इतिहास और पौराणिक मान्यताएं


अजय दीप वाधवा

**कश्मीर** घाटी का इतिहास काफी प्राचीन है और इसमें कई राजवंशों और संस्कृतियों का प्रभाव देखने को मिलता है। यह क्षेत्र कभी हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म का केंद्र था, और बाद में मुस्लिम शासन के अधीन भी रहा है। कल्हण की राजतरंगिणी कश्मीर के इतिहास का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जिसमें घाटी के राजाओं और शासकों का विवरण दिया गया है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कश्मीर घाटी में ऋषि कश्यप ने झील को सुखाकर घाटी को वास योग्य बनाया था।

महाभारत और नीलम पुराण में भी कश्मीर घाटी का उल्लेख मिलता है।

प्राचीन काल में कश्मीर में हिंदू और बौद्ध धर्म का प्रभाव था।

मौर्य सम्राट अशोक के शासनकाल में कश्मीर में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ था।

कुषाण शासक कनिष्क के शासनकाल में कश्मीर बौद्ध धर्म का केंद्र बन गया था।

7वीं से 14वीं शताब्दी तक कश्मीर में हिंदू राजवंशों का शासन था।

14वीं शताब्दी में कश्मीर में इस्लाम का आगमन हुआ और 1320 में रिंचन शाह कश्मीर का पहला मुस्लिम शासक बना।

कश्मीर सल्तनत ने 1320 से 1586 तक शासन किया।

1586 में कश्मीर मुगल साम्राज्य के अधीन आ गया।

1846 में जम्मू और कश्मीर रियासत ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के अधीन आ गई।

1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद जम्मू और कश्मीर एक रियासत के रूप में अस्तित्व में आई।

1947 में भारत के विभाजन के समय, जम्मू और कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह ने भारत में विलय का फैसला लिया, जो भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुआ।

1947 से जम्मू और कश्मीर भारत का हिस्सा है। 1957 में जम्मू और कश्मीर का संविधान लागू हुआ। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया और जम्मू और कश्मीर को एक केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया।

## इतिहास



कश्मीर का इतिहास एक जटिल और समृद्ध इतिहास है, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और राजवंशों का प्रभाव देखने को मिलता है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। कश्मीर का प्राकृतिक सौन्दर्य जितना विश्वविख्यात है, उतना ही उसकी साहित्यिक सांस्कृतिक विरासत भी मूल्यवान और सर्वविदित है।

ऊँची-ऊँची पहाड़ियां घाटियों के बीच में भास्वरित होती झीलें, झाड़ियों से भरे जंगल फूलों से घिरी पगडण्डियां केसर-पुष्पों से महकते खेत, कल-कल करते झरने, बर्फ से आच्छादित पर्वतमालाएँ आदि कश्मीर की अनुपम खूबसूरती को स्वतः ही बयाँ करते हैं।

प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ-साथ कश्मीर की सांस्कृतिक साहित्यिक धरोहर भी कम अनूठी और गौरवशाली नहीं है। इस धरती को धर्म-दर्शन और विद्या-बुद्धि की पुण्य-स्थली माना जाता है। शारदापीठ भी कहा जाता है और रेश्यवार (ऋषियों की बगीचों) के नाम से भी अभिहित किया जाता है। इस भूखण्ड ने भारतीय ज्ञानपरम्परा को बड़े-बड़े मनीषी विद्वान और कालजयी महापुरुष दिये हैं जिनका अवदान सदा स्मरणीय रहेगा। महान रसशास्त्री और शैवाचार्य अभिनव गुप्त, कवि-इतिहासकार (राजतरंगिणीकार) कल्हण काव्यशास्त्री मम्मट आनन्दवर्धन, वामन, आचार्य क्षेमेन्द्र आदि के नाम इस सन्दर्भ में बड़े गर्व के साथ लिये जा सकते हैं।

# बाबा शिवानंद त्याग, संयम और योग का संगम

## श्रद्धांजलि

**प्रसिद्ध** आध्यात्मिक गुरु और पद्मश्री सम्मानित बाबा शिवानंद का शनिवार रात स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते निधन हो गया। वे वाराणसी के बीएचयू अस्पताल में भर्ती थे। बाबा के शिष्यों का दावा है कि उनकी उम्र 128 वर्ष थी।

बाबा शिवानंद को 30 अप्रैल को कुछ स्वास्थ्य परेशानियों के चलते बीएचयू अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने शनिवार देर रात अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर कबीरनगर कॉलोनी स्थित निवास स्थान पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। शिष्यों के अनुसार, अंतिम संस्कार आज शाम किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा शिवानंद के निधन पर शोक जताया। अपने एक्स अकाउंट पर पीएम मोदी ने लिखा, योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। योग के जरिए समाज की सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित भी किया गया था। शिवानंद बाबा का शिवलोक प्रयाण हम सब काशीवासियों और उनसे प्रेरणा लेने वाले करोड़ों लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं इस दुःख की घड़ी में उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।



**बचपन में ही माता-पिता को खोया**

बाबा शिवानंद का जन्म 8 अगस्त 1896 को तत्कालीन पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) के सिलहट जिले में हुआ था। जब वे सिर्फ 6 वर्ष के थे, तभी भुखमरी के कारण उनके माता-पिता का निधन हो गया था। इसके बाद ओंकारानंद नामक संत ने उन्हें अपनी देखरेख में लिया और उन्हें आध्यात्मिक शिक्षा और अनुशासन की राह पर चलाया।

**संयमित जीवनशैली ही लंबी उम्र का रहस्य**

बाबा शिवानंद ने अपना जीवन त्याग, संयम और योग साधना में समर्पित कर दिया था। वे हर दिन सुबह 3 बजे उठते थे, कठिन योगाभ्यास करते और अपने सारे कार्य स्वयं करते थे। उनका भोजन बहुत साधारण था–सिर्फ उबला हुआ खाना, और वह भी आधा पेट। वे गर्मियों में एसी और सर्दियों में हीटर का प्रयोग नहीं करते थे, बल्कि जमीन पर चटाई बिछाकर लकड़ी के तकिए पर सोते थे।

**कभी नहीं पड़े बीमार**

शिष्यों के अनुसार बाबा शिवानंद ने कभी कोई बीमारी नहीं झेली। वर्ष 2019 में कोलकाता और चेन्नई स्थित अपोलो अस्पतालों में जब उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया, तो उन्हें पूरी तरह स्वस्थ पाया गया था।

**2022 में मिला था पद्मश्री, पीएम मोदी हुए थे प्रभावित**

21 मार्च 2022 को बाबा शिवानंद को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया था। जब सफेद धोती-कुर्ता पहने हुए, 125 वर्ष के बाबा शिवानंद मंच पर पहुंचे, तो उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को प्रणाम किया। यह दृश्य भावुक कर देने वाला था।




## कार्टून वर्ल्ड



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## 20 को जिला कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना देने का निर्णय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ की बैठक सोमवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सुनैना देवी और संचालन सायरा खातून ने किया। इस अवसर पर संघ की प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून, संयोजक मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष शौकत खान, सहजनाथ बेदिया एवं प्रदेश प्रभारी इम्तियाज अहमद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ अपनी लंबित मांगों को लेकर आगामी 20 मई को जिला कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना देगा। संघ की प्रमुख मांगों में पोषण ट्रेकर और मानदेय का समय पर भुगतान, ऑडिट कराकर बकाया राशि का संपूर्ण भुगतान, पोषाहार की एडवांस आपूर्ति स्थानीय बाजार दर से भुगतान तथा स्थायीकरण हेतु नियमावली लागू करने की मांगें शामिल हैं। बैठक में सुमित्रा देवी, सफीना खातून, सायरा खातून, देवकी कुमारी, सरिता देवी, गीता देवी, किरण देवी सहित दर्जनों सेविका-सहायिकाएं शामिल रहीं।

## कोयला तस्कर के काले साम्राज्य का आका कौन, कार्रवाई करने से क्यों हिचक रहे है अधिकारी!

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड की काली धरती पर एक और काला सच धीरे-धीरे उजागर हो रहा है। हजारीबाग और रामगढ़ की सीमाओं पर बसे गंझूनिया और बासाडीह गांव अब सिर्फ भूगोल के नाम नहीं रहे, ये अब कोयला तस्करों के नए गढ़ बन चुके हैं। यहां न रात का डर है, न कानून की परवाह। तापिन साउथ के अंतर्गत आने वाले इन इलाकों में दर्जनों अवैध कोल डिपो दिन-दहाड़े संचालित हो रहे हैं, जहां चोरी का कोयला बिना किसी रोकटोक के डंप किया जाता है। बाद में इसे यूपी, बिहार समेत अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि यहां एक नहीं, कई सिंडिकेट काम कर रहे हैं।

चुरचू, बोदरा, झुमरा, दारू और विष्णुगढ़ के रास्ते होकर कोयला रामगढ़ के मांडू तक पहुंचता है और फिर खुले बाजार में उड़ेल दिया जाता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पुलिस का खुफिया तंत्र इतना मजबूत माना जाता है, तो फिर ये अवैध कोल डिपो अब तक कैसे चल रहे हैं? जवाब शायद उन ह्यमौन सहमतिह्न में छिपा है जो स्थानीय थाने से लेकर आला अधिकारियों के स्तर तक फैली हुई है। अब जनता पूछ रही है कि गंझूनिया और बासाडीह में अवैध कोल डिपो चलाने वालों का नाम बताने में चरही और मांडू के थानेदार क्यों हिचक रहे हैं? क्या कोई बड़ा चेहरा इन धंधों के पीछे है? और सबसे अहम बात यह है कि क्या प्रशासन वाकई अंजान है या जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है? जब तक जवाब नहीं मिलेगा, तब तक हर कोयले की ढुलाई के साथ कानून का एक टुकड़ा भी जलता रहेगा।

# सारले डैम पर भू-माफियाओं का कब्जा

### करोड़ों के खेल में प्रशासन की चुप्पी, पानी के स्रोत पर खतरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कब्जा की गयी जमीन

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दिल में स्थित 21 एकड़ में फैला ऐतिहासिक सारले डैम अब पानी का नहीं, बल्कि भू-माफियाओं के लालच का गवाह बनता जा रहा है। जिस जलाशय से एक समय पूरे इलाके की प्यास बुझती थी, वह आज सीमेंट, सरिया और साजिशों में दबता चला जा रहा है और यह सब प्रशासन की आंखों के सामने! मौजा सारले, थाना संख्या 159, प्लॉट संख्या 81 – यह जमीन कभी केशर हिंद खाता के नाम से दर्ज थी और इसका कुल रकबा करीब 21 एकड़ है। शुरूआती 12 एकड़ को भू-माफियाओं ने फर्जी दस्तावेजों के बल पर बंदोबस्ती के जरिए हड़पा और फिर उसे मोटी रकम लेकर बेच डाला।

**नतीजा:** पक्के मकान, कंक्रीट की बाउंड्री और खुलेआम होता निर्माण कार्य। जो बची वो भी लुटी। अब शेष 9 एकड़, जिसे सारले डैम या डीवीसी डैम के नाम से जाना जाता है, पर भी हमला जारी है। मिट्टी भराई करके इसे समतल किया जा रहा है, फिर करोड़ों में बेचा जा रहा है। जमीनो की 50 लाख प्रति कट्ठा की डीलें की जा रही हैं। और ये सब उस समाहरणालय से चंद कदम की दूरी पर हो रहा है, जहां से शासन की नजर सबसे पहले पड़नी चाहिए थी। तालाब की जमीन पर कभी 'सरकारी संपत्ति' का बोर्ड लगा था, अब वहां बुलडोजर की गूंज है। प्लॉट नंबर 72, जो नाले के लिए अधिग्रहीत था, अब रियल एस्टेट का नया हॉटस्पॉट बन चुका है। कई लोगों ने तो बिना भराई किए ही तालाब के हिस्सों को कब्जे में लेकर बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी है। ये सिर्फ जमीन का कब्जा नहीं, जनता की प्यास और भविष्य पर कब्जा है। भू-माफियाओं का यह नेटवर्क इतना मजबूत है कि छोटे कर्मचारी से लेकर बड़े अफसर तक ह्यमैनेजह्न हो चुके हैं। सूत्रों की मानें तो करोड़ों की रिश्वत ने सियासत और सिस्टम को भी खामोश कर रखा है। अब हालात ऐसे हैं कि खुद भू-माफिया आपस में भी भिड़ने लगे हैं। संघर्ष की आशंका गहराती जा रही है और किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्या कोई बचेगा जो सारले डैम को बचाएगा? या फिर यह डैम भी सिर्फ इतिहास की किताबों में दर्ज होकर रह जाएगा?



## कंटेनर की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत


शव को निकालते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरकट्ठा।** हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बगोदर की ओर से आ रहा एक अनियंत्रित कंटेनर पुल के पास अचानक पलट गया और सामने से आ रही बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक पर सवार मोनू कुमार साव और उनकी मां गणेशी देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गोरहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को मलबे से बाहर निकाला गया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक हजारीबाग जिले के बाँदासिंघा गांव के रहने वाले थे। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी लखन प्रसाद ने बताया कि गोरहर में सड़क हादसे अब आम बात हो गई हैं। एक दिन पहले भी इसी क्षेत्र में एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जीटी रोड पर छह लेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क निर्माण में सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

## पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने की मांग को लेकर डीसी को सौंपा गया ज्ञापन


ज्ञापन सौपने पहुंचे भाजपा के कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम पाकिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर उन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय के आदेश के तहत विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3 के अंतर्गत यह कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञापन में जिले के विभिन्न इलाकों में वैध या अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर, उन्हें सूचीबद्ध कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस संवेदनशील मुद्दे पर त्वरित और सख्त कदम उठाए जाएं ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और आम जनता की चिंताओं का समाधान हो सके। प्रशासन से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई।

### पाकिस्तानी भारत छोड़ो के नारों के साथ रामगढ़ समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन

# पहलगाम की घटना ना भूलेंगे न माफ करेंगे : प्रदीप

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रदर्शन करते

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 5 मई को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में पाकिस्तान भारत छोड़ो नारों के साथ रामगढ़ समाहारणालय के समीप पैदल मार्च कर भारत सरकार के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के महामंत्री व राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने मुर्शिदाबाद और पहलगाम की घटना की निंदा करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। भारत सरकार ने आतंकवाद का पितृपुरुष पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई कठोर निर्णय लिए हैं। सिंधु पानी समझौते को निरस्त किया गया है। वहीं, पाकिस्तान से व्यापार बंद करने, अटारी बॉर्डर को बंद करने सहित पाकिस्तान से हर तरह के संबंध समाप्त किए जा रहे हैं। वैध और अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने का आदेश जारी किया गया है। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3 एक के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानियों का वीजा को निलंबित किया है। सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्चता देते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प है पहलगाम आतंकवाद ना भूलेंगे, ना माफ करेंगे। बदला लेकर रहेंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में बिहार फाउंड्री द्वारा किए जा रहे प्रदूषण से संबंधित शिकायत के निष्पादन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, चंदन कुमार द्वारा दोनों पक्षों की बातों को सुनी गई। इसके उपरांत बिहार फाउंड्री द्वारा उपायुक्त एवं अन्य को पीपीटी के माध्यम से बिहार फाउंड्री कंपनी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु किए जा रहे कार्यों को जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण हेतु लगाए गए ईएसपी द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त ने दोनों पक्षों की बातों को सुनते हुए बिहार फाउंड्री के जीएम को कारखाना में लगाए गए कुल 5 ईएसपी मशीन से हो रहे प्रदूषण को रोकने हेतु निरंतर प्रयोग करने का निर्देश देते हुए उन्होंने इसकी मॉनिटरिंग हेतु अलग से बिजली मीटर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही सप्ताह के अंत में प्राप्त रीडिंग की छाया प्रति कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## जंगली हाथी ने ली बुजुर्ग महिला की जान, ग्रामीणों में रोष


मौके पर उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** जिले के टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत सिमराढाव गांव में सोमवार सुबह एक जंगली हाथी ने 65 वर्षीय दशमी देवी की जान ले ली। वह सुबह करीब 5:30 बजे बेडमक्का गांव की ओर जानवर खोजने निकली थीं। रास्ते में बलथरवा जंगल के पास एक हाथी ने उन्हें अपने पैरों से कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उस समय हुई जब कुछ ग्रामीणों ने जंगल से हाथी की चिंघाड़ने की आवाज सुनी और गांव में सूचना दी। परिजन जब खोजबीन करते हुए जंगल पहुंचे, तो दशमी देवी का शव मिला। मृतका के पति बुधु मांझी और बेटे लखन किस्कू का रो-रोकर बुरा हाल है।यह इलाका पहले भी हाथी हमले का गवाह रहा है। कुछ साल पहले इसी जंगल में एक वृद्ध किशुन ठाकुर की भी जान गई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी है। लोगों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। घटना स्थल पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रही।

## भाजपा चितरपुर मंडल द्वारा विवाह के अवसर पर लहंगा भेंट किया

**रजरप्पा।** सामाजिक समरसता और सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से हजारीबाग लोकसभा के जरूरतमंद परिवार के बीच लहंगा वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा चितरपुर मंडल द्वारा बोरोबिंग पंचायत के मुरूबन्दा निवासी तारकेश्वर ओहदार की सुपुत्री सुमन कुमारी के विवाह के अवसर पर लहंगा भेंट किया गया और परिवार की खुशी में सहभागी बनें। मौके पर चितरपुर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष दिपक दांगी, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह, बूथ अध्यक्ष देवधारी करमाली सहित कामेश्वर महतो, खिरेन्द्र कुमार, रमन कुमार समेत कई गणमान्य पुरुष मौजूद थे। सभी ने इस पल की सराहना करते हुए इस समाज के जरूरतमंदों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया और इस सामाजिक कार्य के लिए सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त किया।

## बकाया भुगतान नहीं होने पर अस्पतालों ने आयुष्मान योजना से इलाज किया बंद


परेशानी में मरीज

**हजारीबाग।** जिले के 20 निजी अस्पतालों ने आयुष्मान भारत योजना के तहत बकाया राशि नहीं मिलने के कारण 5 मई से इलाज बंद कर दिया है। इससे जिले के लगभग 7 लाख आयुष्मान कार्डधारी प्रभावित होंगे। अस्पताल पहुंचे मरीजों को सेवा बंद होने की जानकारी मिलते ही निराशा ने उन्हें घेर लिया। डायलिसिस मरीजों ने कहा कि आयुष्मान ही उनकी जिंदगी है और डायलिसिस ही एकमात्र इलाज का विकल्प। एचजेडबी आरोग्यम अस्पताल में 71 किडनी मरीज रजिस्टर्ड हैं, जहां अब आयुष्मान योजना से डायलिसिस नहीं हो पा रहा। मरीजों ने बताया कि हजारीबाग सदर अस्पताल में संक्रमण का डर है, और निजी अस्पताल में डायलिसिस पर हर महीने 15-20 हजार रुपये खर्च संभव नहीं है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि जुलाई 2024 से 40 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया है। वेतन भुगतान में भी समस्या आ रही है, जिससे सेवा जारी रखना मुश्किल हो गया है। 23 अप्रैल को सभी अस्पताल संचालकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पहले ही चेताया था कि यदि भुगतान नहीं हुआ, तो सेवा बंद करनी पड़ेगी। अब स्थिति गंभीर हो गई है और मरीजों की जान पर बन आई है।

# गरीब बेटियों के विवाह में मिला सहयोग

### समाजसेवी दिव्या कुमारी और सुधीर महतो ने बढ़ाया मदद के लिए हाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मदद देते

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले की दो गरीब बेटियों के विवाह के अवसर पर ज्ञान महिला समिति की ओर से एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में दोनों बेटियों को विवाह सामग्री स्वरूप ड्रेसिंग टेबल, डाइनिंग टेबल, कुर्सी, बक्सा और छोटा टेबल प्रदान किया गया। साथ ही खाद्य सामग्री दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा समाजसेवी दिव्या कुमारी ने की।

उन्होंने बताया कि यह सहयोग रामगढ़ के समाजसेवी सुधीर कुमार महतो के सौजन्य से किया गया है। यह पहल न केवल बेटियों के विवाह में मददगार साबित होगी, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देगी। सहायता प्राप्त करने वाली बेटियों में शिवचरण प्रसाद की पुत्री गुड़िया कुमारी और विनोद प्रसाद की पुत्री अनु कुमारी शामिल हैं। उनके परिजनों ने इस सहयोग के लिए समाजसेवी दिव्या कुमारी और सुधीर महतो का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया और आभार प्रकट किया।

समाजसेवी सुधीर महतो ने कहा कि वे आगे भी इसी तरह जरूरतमंद बेटियों की शादी में सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने बीमार और जरूरतमंदों की सहायता के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि समिति का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा और बेटियों को सम्मान देना है। समाजसेवी दिव्या कुमारी और सुधीर महतो के योगदान को उन्होंने प्रेरणास्पद बताया और समाज को इससे सीख लेने की अपील की।

## कटकमदाग के कुद गांव में भव्य रुद्र महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ


यज्ञ में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** जिला के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत कुद गांव में सोमवार से पांच दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार संग राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली शोभायात्रा में सैकड़ों सनातनी धर्मावलंबियों ने पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों और 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ भाग लिया। यात्रियों ने गोदा नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरा और मंदिर परिसर लौटकर यज्ञ की शुरूआत की। यह ऐतिहासिक आयोजन गांव में पहली बार हो रहा है, जिससे ग्रामीणों की वर्षों पुरानी इच्छा पूरी हो रही है। यज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन बनारस से आए कथा वाचक द्वारा संध्या प्रवचन होगा। कार्यक्रम 5 मई से 9 मई तक चलेगा, जिसमें पंचांग पूजन, अग्निस्थापन, हवन, नगर भ्रमण, पुष्पाधिवास, कन्या पूजन, पूर्णाहुति और भव्य जागरण जैसी विधियां शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अवध किशोर साव, सचिव उमेश साव, कोषाध्यक्ष सिकेन्द्र कुमार सहित गांव के सैकड़ों लोग सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कम ब्याज पर लोन मुहैया कराया जायेगा: नियोजन पदाधिकारी

### उज्जवला फाउंडेशन के द्वारा किया गया सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते मुख्य अतिथि

**कुजू।** स्वयंसेवी संस्था उज्जवला फाउंडेशन मोतीराम कॉम्लेक्स, बोंगावार फोरलेन स्थित कार्यालय में सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजीत व विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ डीके मिश्रा, दंत चिकित्सक अभिमन्यु प्रसाद, भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद, सुनील साहू, शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजीत ने कहा कि कोई भी संस्था अगर तीन साल तक बेहतर कार्य करता है उसे आने वाले समय मे सरकारी कार्य से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से क्षेत्र में कार्य किया है, वह काफी सराहनीय है। फाउंडेशन से जुड़े महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कम ब्याज पर लोन मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप सिर्फ सिलाई व कंप्यूटर तक सीमित मत रहे, कम दर में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए लोन का इस्तेमाल कर कुटिर उद्योग, लघु, आचार, पापड़ से बिजनेस कर अच्छी आमदनी कर सकते है। वही आगे भी महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इधर फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि उज्जवला फाउंडेशन अपने पैरो पर खड़ा हो गया है।

अब आने वाले समय मे यहां से महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जायेगा। वही उन्होंने कहा कि अब पूरे मांडू प्रखंड में उज्जवला फाउंडेशन द्वारा चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचाया जायेगा। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर किया। बाद में बाल जी मेडिकल स्वास्थ्य जांच व उमा डेंटल केयर द्वारा दंत जांच शिविर में महिलाओं ने अपना-अपना जांच कराया।

मौके पर फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, सुखदेव सोनी, बाला जी मेडिकल के अमित कुमार, डिंपल प्रजापति, आशा कुमारी, शांति देवी, वीणा देवी, अनिता देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, गुड़िया देवी, संगीता देवी, सुमन देवी, रिंकी देवी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे।

## दि झाकोमयू के सीसीएल उपाध्यक्ष विद्युत प्रकाश लाल कांग्रेस में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की भुरकुंडा पंचायत भवन में संविधान बचाओ रैली की तैयारी बैठक के दौरान दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल उपाध्यक्ष विद्युत प्रकाश लाल ने औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं पार्टी प्रभारी शांतनु मिश्रा ने कांग्रेस का पारंपरिक अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर शांतनु मिश्रा ने कहा कि विद्युत प्रकाश लाल के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को श्रमिकों के बीच मजबूती मिलेगी और संगठन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने श्री लाल के अनुभव और जनसरोकारों से जुड़ी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। वहीं विद्युत प्रकाश लाल ने कांग्रेस में शामिल होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रेरित होकर इससे जुड़े हैं और आने वाले समय में संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

## कोडरमा जिला भाजपा ने बजरंग बली मंदिर चौक से समाहरणालय तक रैली निकाली

# पाकिस्तानियों को देश से बाहर करो : डॉ.नीरा यादव

- अवैध घुसपैठियों को सरपरस्ती देना बन्द करो : अनूप जोशी
- रैली के बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बजरंग बली मंदिर चौक से समाहरणालय तक रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ.नीरा यादव उपस्थित रहीं।

जुलूस में पाकिस्तान हाय हाय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, झारखण्ड सरकार हाय-हाय, झारखण्ड सरकार अवैध घुसपैठियों को संरक्षण देना बंद करो, पाकिस्तानियों को बाहर करो आदि नारे लगाये गए। वहीं जुलूस उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि पहलगाम में निर्दोषों की निर्मम हत्या के विरोध में भारत सरकार ने पाकिस्तानियों को विदेशी अधिनियम के 1946 के तहत पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा निलम्बित करने का आदेश दिया था, लेकिन झारखण्ड सरकार कार्यवाही नहीं कर रही है। यह सरकार की निष्क्रियता दर्शाती है।

वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि झारखण्ड सरकार अवैध घुसपैठियों की शरणगाह बनी हुई है। आज पूरा देश पाकिस्तान के कृत्य से गुस्से में है और मांग करता है कि झारखंड सरकार अपना कर्तव्य निभाये और घुसपैठिए को बाहर निकाले, वरना जनता सरकार बनाती है तो बिगाड़ना भी जानती है।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, नीतीश चन्द्रवंशी, राजेश सिंह, देवनारायण मोदी, विजय यादव, शिवेंद्र नारायण, दिनेश सिंह, सुभाष मोदी, हरी पंडित, प्रवीण पांडेय, पप्पू मण्डल, बैजनाथ यादव, नरेंद्र पाल, अजय पांडेय, मुकेश राम, सुधीर सेठ, द्वारिका राणा, नवीन चौधरी, नरेश यादव, दीपू सिंह, उत्तम कुमार, संजय पासवान, अरसद खान, राजेश सिंह, विनोद सिन्हा, राजेश सिंह राजू भैया, सचिन्द्र कुमार शर्मा, सन्दीप कुमार, राजू यादव, मुकेश यादव, मुन्ना बर्णवाल, रवींद्र कुमार, नरेन्द्र सिंह, दिलीप सिन्हा, रमेश भारती, महेंद्र राजवंशी, राजा बाबू, सुनील मण्डल, विक्रम सिंह, ब्रह्मदेव यादव, भगवान दास साहू, मनीष यादव, प्रेम कुमार, देवराज पांडेय, रवि कुमार सिंह, दिलीप कुमार, नगीना पासवान, अंकित गुप्ता, संजय वर्मा आदि ने सम्मिलित होकर ज्ञापन सौंपा।

## खबर एक नजर में

### राम मंदिर ट्रस्ट अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना



**इटखोरी (चतरा)।** राम मंदिर ट्रस्ट अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जी महाराज ने सोमवार सुबह इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। महंत कमल नयन दास ने मुख्य मंदिर सहित सभी देवालयों में श्रद्धा भाव से पूजा की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर बहुत ही शक्तिशाली और दिव्य स्थान है। यहां आकर मन भक्तिभाव में डूब जाता है। यह स्थान बहुत सुंदर है और खास बात यह है कि यहां हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म का संगम देखने को मिलता है। इस मौके पर चतरा जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह, संवेदक सुबोध सिंह, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री सतीश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### गिद्धौर में अवैध बालू खनन पर पुलिस का शिकंजा, छह ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर।** अवैध बालू खनन पर नकेल कसते हुए गिद्धौर थाना क्षेत्र के बलबल स्थित ढूठहाबर इलाके में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बालू लदे छह ट्रैक्टरों को जब्त किया है। यह कार्रवाई सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा और गिद्धौर पुलिस के नेतृत्व में की गई। प्रशासन को लंबे समय से अवैध खनन को लेकर गुप्त सूचना मिल रही थी। इसी के आधार पर सोमवार देर शाम छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे। छहों ट्रैक्टरों को जब्त कर गिद्धौर थाना लाया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।इस कार्रवाई से इलाके में सक्रिय बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## जंगली हाथियों ने परसाबाद में फिर से मचाया जमकर उत्पात



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न इलाकों में जंगली हाथियों ने फिर से पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। जंगली हाथियों ने रविवार की रात परसाबाद स्थिति अंबतरी नदी के किनारे किसानों की लगी फसल सहित अन्य पेड़-पौधों को बर्बाद कर दिया। जिससे किसानों के हजारों रुपए का नुकसान हुआ। जिनकी फसलें बर्बाद हुईं, उन किसानों में श्याम सुंदर यादव, डेगलाल चौधरी, वाल्मीकि चौधरी, भूषण यादव आदि किसान शामिल हैं।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथियों का झुंड शाम ढलते ही गांव के आसपास इलाके में प्रवेश हो जाता है और काफी उत्पादत मचाता है। इस दौरान जंगली हाथी किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा दे रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जंगली हाथियों ने नदी के किनारे लगे लगभग सैकड़ों पीस बांस चबाकर भी नष्ट कर दिया। जंगली हाथी लगभग 14 की संख्या में हैं। दिनभर जंगल में अपना आशियाना बना कर रखा है, शाम ढलते ही किसानों की लगी फसल में घुस जाते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली हाथियों से सुरक्षा एवं बर्बाद फसल के मुआवजे की मांग की है।

## शोषण मुक्त समाजवादी व्यवस्था का निर्माण ही मार्क्सवाद का मूल सिद्धांत : संजय पासवान

- कार्ल मार्क्स की 208वीं जयंती पर सीटू के राज्य सचिव ने दी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** क्रांतिकारी विचारक, अर्थशास्त्री और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स की 208वीं जयंती पर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने महामानव कार्ल मार्क्स को श्रद्धांजलि देकर याद करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में मजदूरों का राज कायम हो, मनुष्य के द्वारा मनुष्य का शोषण न हो और एक शोषण मुक्त समाजवादी व्यवस्था का निर्माण हो, यही मार्क्सवाद का मूल सिद्धांत है। हमें मार्क्सवाद के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी व्यवस्था कायम करने व जनता की जनवादी क्रांति के लिए हर स्तर पर संगठन बनाना होगा और वैचारिक संघर्ष चलाना होगा। वहीं उन्होंने मार्क्स जयंती पर मजदूर वर्ग से अपील की कि मोदी सरकार की तानाशाही और सत्यानाशी आर्थिक नीतियों के खिलाफ 20 मई को ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल की सफलता के लिए एकजुट हों।

### आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, बिजली आपूर्ति ठप



**कुंदा (चतरा)।** रविवार शाम आई तेज आंधी-तूफान ने कुंदा प्रखंड क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। बेलगड्डा गांव में एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया। जिससे करीब 24 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। हालांकि ग्रामीणों ने मिलकर पेड़ के कुछ हिस्से हटाए, जिससे आवाजाही किसी तरह शुरू हो सकी, लेकिन सड़क किनारे अब भी पड़ा पेड़ दुर्घटना की आशंका को बढ़ा रहा है। तेज आंधी के कारण एक भारी पेड़ बिजली तारों पर गिर गया, जिससे बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके चलते बेलगड्डा, कोढ़हास, बनियाडीह और रत्नाग सहित कई गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। ग्रामीण अंधेरे में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर गिरे पेड़ को जल्द हटाया जाए और क्षतिग्रस्त विद्युत व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके।

## बीडीओ ने डोमचांच प्रखंड के जानपुर पंचायत का किया औचक निरीक्षण, दिया कई निदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत जानपुर में चल रही विकास योजनाओं का बीडीओ भोला पांडेय ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत सचिवालय की साफ-सफाई, पंचायत ज्ञान केंद्र का निरीक्षण, बायोमैट्रिक उपस्थिति, पंचायत सहायकों का निरीक्षण, संचिकाओं एवं कैश बुक का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों को बागवानी हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही साथ बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप योजना हेतु लाभुकों को प्रेरित किया गया। वहीं इस दौरान अलबतरा बारा, कलीडीह व लेम्बुईया में रीता देवी पति बासो सिंह का आम बागवानी, लेम्बुईया में सुमन देवी व प्रदीप सिंह के जमीन में आम बागवानी का निरीक्षण किया गया।

वहीं ग्राम जानपुर में जुलेखा खातून पति असगर अली का नया बागवानी का भी निरीक्षण कर जल्द से जल्द गड्ढा का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना में कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को नोटिस दिया गया। निरीक्षण के दौरान एई. रवि कुमार, मुखिया मंसूर अली, जेई नीरज कुमार, पंचायत सेवक रविरंजन, जीआरएस अनूप कुमार, उप मुखिया राजदेव पंडित, मोती सिंह समेत ग्रामीण मौजूद थे।


### महिला जनप्रनिधियों के पति को बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं

**कोडरमा।** बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति के भाग लेने को लेकर उपायुक्त ने सभी कार्यालय प्रधानों को निदेशित करते हुए कहा है कि दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से यह बात प्रकाश में आई है कि प्रखंड एवं अन्य विभागों के बैठकों में महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति भाग लेते हैं, जो नियम के विरूद्ध है। किसी भी बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों को स्वंय भाग लेने हेतु निदेशित करते हुए कहा गया है कि किसी भी परिस्थिति में महिला जनप्रनिधियों के पति को बैठक में भाग लेने की अनुमति प्रदान नही की जाय। यदि किसी बैठक में महिला जन-प्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति भाग लेते हैं, तो इसकी सारी जवाबदेही संबंधित कार्यालय प्रधान की होगी।

### घर में चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्रन्तर्गत ग्राम बरवाडीह के एक मकान में 3-4 मई 2025 की रात्रि में चोरी की घटना घटित हुई। घटना का उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार मरकच्चो थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। सूचना के आधार पर गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर तीन अभियुक्तों जिसमें उमेश मरांडी पिता बहादुर मरांडी, जीतपुर थाना टुंडी जिला धनबाद, संजय किस्कू पिता सुजन किस्कू झीलुआ थाना बरवड्डा जिला धनबाद के अलावा रंजीत बेसरा पिता हेमलाल बेसरा बाधडीह थाना टुंडी जिला धनबाद निवासी को ग्राम बभनडीह से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मरकच्चो थाना कांड संख्या 31/25 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी, गोविन्द कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

### डीडीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण



**कोडरमा।** सदर अस्पताल का डीडीसी ऋतुराज ने सोमवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख रखाव योजना अंतर्गत प्राप्त आवंटन की राशि की उपयोगिता का सत्यापन किया गया। वहीं उन्होंने उक्त योजना के लिए संचिका संधारण, भंडारण पंजी संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर एसीएमओ सह उपाधीक्षक डॉ.रंजीत कुमार, रूपेश कुमार आदि मौजूद थे।

### बुलेट चोरी की घटना में सीसीटीवी में चोर का चेहरा कैद

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदनगर रोड स्थित फोर लेन के पास बुलेट बाइक चोरी की घटना ने इलाके के लोगों को चौंका दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक के मालिक देवानंद रजक ने अपनी बुलेट संख्या जेएच12एम-6801 शनिवार की रात लगभग 2:30 बजे अपने नवनिर्मित घर के पास खड़ी की थी। जब वे लगभग 3 बजे शादी समारोह से लौटे तो बाइक वहां से गायब थी। वहीं देवानंद रजक लाइट एंड साउंड का व्यवसाय करते हैं और कार्यक्रमों में शामिल होने जाते हैं। घटना की रात भी वे एक शादी समारोह से लौटे थे। उन्होंने बाइक वहीं खड़ी की थी जहां से वे अपने नवनिर्मित मकान से व्यवसाय का संचालन करते हैं। बाद में जब घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई, तो उसमें एक संदिग्ध युवक बाइक चोरी करते हुए साफ नजर आया। चोर का चेहरा स्पष्ट रूप से कैमरे में दिख रहा है, जिससे उसकी पहचान करने में पुलिस को मदद मिलने की संभावना है। वहीं देवानंद रजक ने चंदवारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं स्थानीय लोगों ने चंदवारा क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## विकास योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करें : गौतम कुमार

- बीडीओ ने की विभागों से संबंधित समेकित समीक्षा बैठक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम, पेंशन, बाल विकास परियोजना, पशुपालन सहित अन्य विभागों से संबंधित समेकित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीडीओ ने वर्ष 2023-24 के अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने, 2024-25 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्य योजना तैयार करने, मनरेगा के अंतर्गत बागवानी और कूप निर्माण जैसी परिसंपत्ति सृजन योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही आवास योजनाओं में मनरेगा मजदूरी की राशि लाभुकों के खातों में समय पर भेजे जाने पर भी विशेष जोर दिया गया। वहीं 15वें वित्त आयोग के तहत चल रही योजनाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिया ताकि विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे। समीक्षा बैठक का उद्देश्य सभी विभागों के समन्वय से योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करना एवं जनहित में विकास कार्यों को गति देना था। बैठक में पशुपालन पदाधिकारी, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, आवास समन्वयक सुमित कुमार झा, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### चलकरी में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस महायज्ञ में तीसरे दिन भी कई अनुष्ठान हुए



**फुसरो (बेरमो)।** चलकरी पंचायत के गिरि टोला में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरितमानस महायज्ञ में तीसरे दिन भी कई अनुष्ठान हुए. यहॉ श्रद्धालुओं ने मंडप का परिक्रमा की और पूजा की. वेदी पुजा, हवन संध्या में आरती, भजन, प्रवचन व झॉकी की प्रतुति भी हुआ. रामायणीयो में विष्णु गिरी, अमित गिरी, मोनू गिरी, संतोष कुमार गिरी व आदित्य गिरी मंच के नीचे पाठक दीर्घा में पाठ दुहरा रहे थे. यहाँ अचार्यगण में गोवर्द्धन पंडित, लोकेश बाबा एवं जितेंद्र पांडेय है. बताया गया कि आचार्य रामशरण गिरि बाबा की देखरेख में महायज्ञ सपंन्न हो रहे है. यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष कामेश्वर गिरि, उपाध्यक्ष विकास गिरी, सचिव रूपलाल गिरी, उपसचिव महेश गिरी, कोषाध्यक्ष आशीष गिरी, उपकोषाध्यक्ष सोनू गिरि, बादल गिरि, संगठन मंत्री अर्जुन गिरि, मुन्ना गिरि आदि लोग लगे हैं।

## रू-आर अभियान के तहत ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा गया

- बीडीओ ने की स्कूल गतिविधियों की समीक्षा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में चलाए जा रहे स्कूल रू-आर अभियान के अंतर्गत सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपचो में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ गौतम कुमार, बीपीओ राधा सिंह एवं आकांक्षी ब्लक फेलो अशोक कुमार, विद्यालय पहुंचे और अभियान के तहत चल रही गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से पढ़ाई संबंधी जानकारी ली और शिक्षकों एवं बच्चों को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं बीडीओ ने बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए प्रेरणादायक संवाद किया तथा उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़ाई में रुचि बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं स्कूल रू-आर अभियान से जुड़े ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ा गया, साथ ही उनके बीच स्टडी किट का वितरण भी किया गया। वहीं बीडीओ ने सभी कक्षाओं का भ्रमण करते हुए पठन-पाठन व्यवस्था की समीक्षा किया एवं शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं विद्यालय प्रशासन की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपचो को हाई स्कूल में उत्क्रमित करने की मांग भी अधिकारियों के समक्ष रखी गई, जिसे बीडीओ ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। यह अभियान क्षेत्र में ड्रॉपआउट दर को कम करने, बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## श्री महेश एकेडमी खो-खो चैंपियनशिप का विनर बना

**खबर मान्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** खो-खो एसोसिएशन, डोमचांच ब्लक के तत्वाधान में चौंपियनशिप- 2025 का विनर ट्रॉफी श्री महेश एकेडमी, डोमचांच ने जीएस.पब्लिक स्कूल डोमचांच को पराजित कर जीत हासिल की।

इंटर स्कूल नॉकआउट चौंपियनशिप-2025 में मुख्य अतिथि के रूप से समाजसेवी प्रदीप सिंह, खो-खो एसोसिएशन डोमचांच ब्लक के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के निदेशक मौजूद थे॥ फाइनल मुकाबले में श्री महेश एकेडमी, डोमचांच की टीम ने जीएस पब्लिक स्कूल डोमचांच टीम को कड़े मुकाबले में पराजित किया। वहीं विजेता टीम के खिलाड़ियों को खो-खो एसोसिएशन की ओर से गोल्ड मेडल और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को श्री महेश एकेडमी में नगद पुरस्कार देकर भी एकेडमी परिवार ने प्रोत्साहित किया। मौके पर पुरस्कारों का वितरण निवर्तमान नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, प्रेमांशु कुमार, रीना दाराद, मुकुल कुमार, नितेश कुमार, जयप्रकाश मेहता, नीरज सिंह, अनिता कुमारी पवन गोस्वामी सौरव कुमार, रौशन कुमार, शुभम कुमार सिंह, आकाश कुमार, भीम गोस्वामी आदि के द्वारा किया गया।

## स्पीड न्यूज

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

गुमला। गुमला के पत्रकार पनसो गांव निवासी हेमंत दुबे के 72 वर्षीय पिता जगरंजन दुबे की सोमवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। स्व जगरंजन दुबे के निधन पर जिले के पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बताया जा रहा है कि रामनवमी के दिन वे सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। रांची में लंबे समय तक इलाज के बाद उनको घर लाया गया था। सोमवार की सुबह सांस लेने मे दिक्कत होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पनसो गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### पीएम आवास व जनमन आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



चैनपुर। चैनपुर और प्रगति को ध्यान में रखते हुए चैनपुर प्रखंड सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत एक साप्ताहिक को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड समन्वयक कमलेश बरला के साथ सभी पंचायतों के पंचायत सचिव और जनसेवक भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से उन लाभुकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिन्होंने आवास योजना की पहली, दूसरी और तीसरी किस्त प्राप्त कर ली है, लेकिन अब तक उन्होंने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है। बीडीओ ने इन लाभुकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि वे शीघ्रता से आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करेंगे, तो उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि आवास निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करना अनिवार्य है, ताकि लाभुकों को उनका घर समय पर मिल सके। यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का पूरा लाभ मिल सके और इसके क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों व जनसेवकों को निर्देश दिया कि आवास योजना के प्रति जागरूकता फैलाएं व लाभुकों को जानकारी उपलब्ध कराएं।

### डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में येलो डे का किया गया आयोजन



गुमला। पीले रंग की खूबियों और इसके महत्व की जानकारी देने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में येलो डे का आयोजन किया गया। पीले रंग के वातावरण में यलो कलर के ड्रेस पहने बच्चे काफी प्रसन्न नजर आये। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि सनातन धर्म में पीले रंग का संबंध गुरु बृहस्पति से माना गया है जो हमारे जीवन में सुलभ मार्ग प्रशस्त करते हैं। विज्ञान के दृष्टिकोण से भी यह रंग मानव जीवन के लिए सदुपयोगी है। सूर्य की चमकदार और तेज किरणें भी पीली होती हैं। यह रंग स्वभाव से गर्म और ऊर्जा पैदा करने वाला होता है। इस रंग के अंदर मन को बदलने की क्षमता होती है और यह जीवन में शुभता का प्रतीक है। सनातन धर्म में पूजा-पाठ के दौरान इसका प्रयोग अनिवार्य माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न उपकरणों को पीला रंग से सुसज्जित किया एवं कई वस्तुओं में इस रंग को मिला कर इसकी अन्य खूबियों से अवगत हुए। इस आयोजन में नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चे शामिल हुए।

### रायडीह के पीबो पंचायत के लसड़ा गांव में विहिप व बजरंग दल की बैठक



रायडीह। रायडीह प्रखंड के पीबो पंचायत के लसड़ा गांव में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की संयुक्त बैठक नवनियुक्त पंचायत अध्यक्ष बालेश्वर उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बालेश्वर उरांव को विहिप अध्यक्ष, सुरेश सिंह को विहिप उपाध्यक्ष, अर्जुन सिंह को विहिप मंत्री, बजरंग दल संयोजक हीरा नाथ सिंह, सह संयोजक लक्ष्मण सिंह, बजरंग दल सह संयोजक दीपक साहू, सबिता देवी को मातृशक्ति प्रमुख, मातृशक्ति सह प्रमुख सेनापति देवी, मुस्कान कुमारी को दुर्गा वाहिनी संयोजिका, पूजा कुमारी दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका, सुशीला कुमारी को दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका का दायित्व दिया गया। मौके पर बजरंग दल जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि आज हिंदू माताएं, बहनें और भाइयों के साथ अपने ही देश में अत्याचार हो रहा है। हिंदू हिंदू को तोड़ने और बांटने में लगा हुआ है। इसलिए हिन्दुओं को सावधान रहने की जरूरत और एक दूसरे का सुख दु:ख में साथ देना है। अब अस्त्र और शस्त्र की शिक्षा सभी हिंदुओं को लेना जरूरी है। जिला सत्संग प्रमुख अशोक सिंह ने कहा कि हमलोगों को आपस में जाति जाति का खेल नहीं खेलना है। सभी हिंदू भाई भाई है और एक हैं। विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि आज देश में हिन्दुओं की जो स्थिति बनी हुई है वो बहुत चिंतनीय है। प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार ने कहा की जिस तरह देश में हिंदुओं की जनसंख्या कम हो रही है। इस स्थिति में अब हिंदुओं को 4 बच्चे करने की जरूरत है। बैठक में पार्वती देवी, देवकी देवी, सुरेश सिंह, शंकर राम, चंद पाल सिंह, बुधराम लोहारा जमुना कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### चापाडीह गांव में बजरंग दल की बैठक

गुमला। रायडीह प्रखंड के कांसीर पंचायत के चापाडीह ग्राम में बजरंग दल के जिला अर्चक पुरोहित प्रमुख अरूण पण्डा की अध्यक्षता में सरना-सनातन धर्म की एकता अखंडता को लेकर बैठक हुई। बैठक में हर गांव के मंदिरों का निरीक्षण एवं निर्माण पर चर्चा किया गया। वहीं हर सरना सनातनी के सर्व का भी शुभारंभ किया गया। बैठक में सेवा सुरक्षा संस्कार पर जोर दिया गया। वहीं हर सरना सनातनी परिवार युवा बालक बालिका को जागरूक करना और संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रताप सिंह उपाध्यक्ष विहिप, बिनोद सिंह मंत्री विहिप, मुकेश सिंह उपखंड बजरंग दल संयोजक, पूर्णिमा कुमारी दुर्गा वाहिनी संयोजिका एवं पुजा कुमारी सह संयोजिका, अर्जुन सिंह अर्चक पुरोहित प्रमुख, राजकिशोर सिंह सत्संग प्रमुख, प्रतिमा देवी मातृशक्ति प्रमुख एवं गीता देवी सह प्रमुख, रामलगन सिंह समरसता प्रमुख आदि उपस्थित थे।

# नायक टोली व बहवार टोली में पानी को लेकर मचा हाहाकार

### मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीण पहुंचे पीएचईडी विभाग, समाधान को लेकर डीप बोरिंग की मांग की

>> बहवार टोली के ग्रामीण दो किलो मीटर दूर से नदी व कुंए से पानी लाकर बुझाते है प्यास, कुंए भी पड़ रही गर्मी में पहुंचा सुखने के कगार पर

खबर मन्त्र संवाददाता



पीएचईडी विभाग का कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

गुमला। गुमला सदर प्रखंड के वृंदा पंचायत के दो टोलों वृंदा नायक टोली व बहवार टोली के लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। सोमवार को मुखिया सत्यवती देवी के नेतृत्व में बहवार टोली के ग्रामीण पीएचईडी विभाग पेयजल समस्या को लेकर पहुंचे थे। लेकिन दुर्भाग्य से लगभग 12 बजे तक कार्यालय के दरवाजे पर ताला लटकत रहा था। 12 बजे के बाद कर्मी आया तो उसे मुखिया ने बातचीत की। मुखिया ने बताया कि वृंदा पंचायत में कुल 9 टोले है। जिसमें नायक टोली व बहवार टोली में गर्मी के इस मौसम में भीषण पेयजल संकट है। मुखिया ने कहा कि ब्लॉक की बैठक व पीएचईडी विभाग में पेयजल समस्या के समाधान को लेकर मामला उठाया गया था। लेकिन आज तक समस्या समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। बहवार टोली के ग्रामीणों का कहना था कि सबसे अधिक पानी की समस्या उनके टोले की है। टोले के लोग लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित तालाब व कुंए से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कुंए भी अब सुखने लगा है। ऐसी स्थिति में उन्हें प्यास बुझाने के लिए काफी मशक्कत करना पडेगा और दिन भर समय पानी लाने में ही व्यतीत हो जाएगा। दोनों गांवों में मिलाकर लगभग चार सौ आबादी होगी। वृंदा नायक टोली में तीन बार बोरिंग का प्रयास हुआ लेकिन सफल नहीं हो पाया। बहवार टोली में पुराने चापानल में ही जलमीनार लगा दिया गया। जो जल्द ही बेकार हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग उनके टोले में डीप बोरिंग कर ग्रामीणों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराये। ऐसा नहीं होने पर बहवार टोली के लोग पेयजल को लेकर पानी-पानी हो जाएंगे और भीषण गर्मी में प्यास बुझाना उनके लिए मुश्किल हो जाएगा।

### गुजरात में तीसरे दिन सांसद ने अनेक स्थानों में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# पार्टी की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ता को सक्रिय होकर करना होगा कार्य : सुखदेव भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यकर्ताओं के साथ सांसद सुखदेव भगत।

लोहरदगा। गुजरात दौरा के तीसरे दिन लोहरदगा सांसद सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर सुखदेव भगत कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत हर स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से आज गुजरात में कई स्थानों में कांग्रेस जनों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय ऑब्जर्वर सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी की सोच है कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार बने उसके लिए आज संगठन का जमीनी हकीकत क्या है संगठन के लोगों एवं संगठन की क्या गतिविधियां है उसको जानने आए हैं। भगत ने कहा कि राहुल गांधी की सोच है कि जिला कमेटी को ज्यादा शक्ति दिया जाए साथ ही साथ वैसे लोगों का चयन करना है जो पार्टी के लिए समर्पित एवं सक्रिय हो। राहुल गांधी की यह सोच से पूरे गुजरात में कांग्रेसी काफी उत्साहित है। भगत ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए अपने जिम्मेदारी तय करना होगा। पूरी तन्मयता के साथ पार्टी में काम करेंगे तो निश्चित रूप से आने वाला कल राज्य में कांग्रेस का होगा।

# संविधान बचाओ रैली में वक्फ कानून का होगा विरोध : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। झारखंड कांग्रेस द्वारा 6 मई को रांची में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे उनके साथ कांग्रेस के कई बड़े नेता भी मंच पर होंगे। वही कांग्रेस के इस संविधान बचाओ रैली को लेकर अब तस्वीर साफ हो गई है। इस रैली के माध्यम से कांग्रेस पार्टी वक्फ कानून में केंद्र सरकार द्वारा जो संशोधन किया गया है उसका विरोध प्रदर्शन करेगी। कानून को लेकर पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बड़ा बयान देते हुए कहा इस कानून में संशोधन की कोई जरूरत नहीं थी वही पूर्व मंत्री ने बीजेपी पर हिंदू मुस्लिम की राजनीति करने और अपने वोट बैंक के फायदे के लिए कानून में संशोधन करने का आरोप भी लगाया है। संविधान बचाओ रैली को लेकर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने स्थिति साफ करते हुए कहा कल रांची में संविधान बचाओ रैली का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें खरगे जी के साथ लाखों लोग शामिल होंगे। कांग्रेस का नैतिक दायित्व है संविधान को बचाने की और हमलोग लगे हुए हैं केंद्र सरकार द्वारा जो संशोधन कानून लाया गया है उसका कोई जरूरत नहीं था आजादी से पहले से वक्फ बोर्ड है उसके बाद भी रही और कांग्रेस पार्टी उसे बाद में भी मजबूत किया लेकिन जो वर्तमान की भाजपा सरकार है जो सिर्फ हिंदी मुस्लिम के तर्ज पर ही चुनाव लड़ती है अपना वोट बैंक के लिए वक्फ बोर्ड संशोधन कानून लाई है।

# जिले में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजें: समीर उरांव

**भाजपा ने सौंपा डीसी को ज्ञापन, सीएम व राज्यपाल से भी कार्रवाई की मांग की**

खबर मन्त्र संवाददाता







गुमला। पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्णय के अनुसार भारत में वैध व अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़कर चले जाने है। जिसको लेकर सरकार के द्वारा कार्रवाई भी का जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को गुमला जिला भाजपा के द्वारा डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों को उनका देश भेजने की मांग की गई। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त आदेश के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जो भी पाकिस्तानी नागरिक बिना वीजा या वैध दस्तावेजों के या वीजा की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद निवास कर रहे हैं। उनका शीघ्र पहचान करें। यह देश की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों को सूचीबद्ध कर तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा कि पहलगाम में घटित आतंकवादी घटना ने संपूर्ण राष्ट्र को स्तब्ध कर दिया था। इस घटना के बाद केंद्र सरकार ने निर्णय लेते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा को रद्द करने एवं उन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस अवसर पर मुनेश्वर साहू, सविन्द्र कुमार सिंह, निर्मल गोयल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार, चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, सुरेश सिंह, अशोक, भोला चौधरी, हरमीत सिंह, पायल तिवारी, गौरी किंडो, बबलू वर्मा, विकास कुमार सिंह, दिनेश्वर साहू, किशोर मिश्रा, सुबा अल्बूम तिग्गा, शंभू नायक व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नव निर्मित गुमला हाट का संयुक्त सचिव रक्षा मंत्रालय ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी द्वारा प्रारंभ उज्जना बिज्जना अभियान के अंतर्गत गुमला जिले में महिला स्वंय सहायता समूहों और कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चंदाली समाहरणालय परिसर में नव-निर्मित गुमला हाट का सोमवार को संयुक्त सचिव रक्षा मंत्रालय एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा ने निरीक्षण किया। सतीजा ने गुमला हाट में लगे विभिन्न वस्तुओं, रागी लड्डू, रागी बीज, सरसों तेल, आचार, मांदर, का अवलोकन किया। उन्होंने इन उत्पादों की गुणवत्ता, प्रस्तुति एवं विपणन व्यवस्था की सराहना की। गुमला हाट का संचालन मुख्य रूप से रायडीह एग्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की लगभग 10 दीदियों द्वारा किया जा रहा है।

# डायन बिसाही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता



महिला से पूछताछ करते एसडीपीओ

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के धोधरा पाकईर टोली गांव निवासी 40 वर्षीय महिला सोमारी देवी पति घासी उरांव के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजन महिला को सदर अस्पताल लेकर आये। जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर घटना की सूचना पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव अस्पताल पहुंचे और महिला से जानकारी ली। एसडीपीओ ने कहा कि डायन बिसाही के आरोप में महिला से मारपीट हुई है। पुलिस पीड़िता से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुटी है। इधर पीड़िता सोमारी देवी ने बताया करीब एक माह पूर्व ट्रैक्टर से दबाकर गांव के ही तेतरु उरांव की मौत हो गई थी। वह शराब के नशे में था और ट्रैक्टर चला रहा था। तभी ट्रैक्टर से गिरने से चक्का उसके शरीर में चढ़ गया और उसकी मौत हो गई। उसके मौत का जिम्मेदार उसके परिवार वाले मुझे ही मानते हैं। कई बार डायन बिसाही बोलकर जान से मारने की धमकी भी दी है। बीते दिन अंकित उरांव की मां हंसुआ लेकर मुझे मारने आई थी। वहीं इस मामले को लेकर रविवार को गांव में पंचायत होना था। तभी गांव के अंकित उरांव, पुनई उरांव, अंगनी देवी, बंधु उरांव, आशीष उरांव मेरे घर आए। इसके बाद अंकित मुझे घर से बाल पकड़कर घसीटकर बाहर निकाला और जमकर मारपीट किया। जब मैं बेहोश हो गई तो वे लोग चले गए। घायल महिला का पति दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। सोमारी अपने 12 वर्षीय बेटे के साथ घर पर रहती है। घटना के बाद वह काफी डरी सहमी है। उसे अपनी हत्या होने का भय सता रहा है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

लोहरदगा। नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में 10 मई (शनिवार) को पूर्वाह्न 10.30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमें सुलह योग्य आपराधिक वाद, मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद, मनरेगा, बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद, बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद, वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद, दाखिल खारिज मामले, अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क किया जा सकता है।

### वज्रपात से मवेशी की हुई मौत

भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरिया अंबा टोली में सोमवार को हुई वज्रपात से एक मवेशी की मौत हो गई। इससे गरीब किसान तेतरा उरांव को 60 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित तेतरा ने बताया कि घर के बाहर मवेशी बंधा हुआ था। इसी दौरान बगैर बारिश के ही हुई वज्रपात से मवेशी की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दुधारू गाय के दूध से ही पूरा घर का जीविकापार्जन होता था। साथ ही इसकी सूचना उन्होंने पंचायत मुखिया को देते हुए अंचल कार्यालय में आवेदन देकर मुआवजा की मांग करने की बात कही है।

# अभिषेक पोद्दार बने मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा जिले में मारवाड़ी युवा मंच अपनी जनसेवा और सहयोग को लेकर लगातार काम करती रही है। मंच के नए अध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से अभिषेक पोद्दार को चयनित किया गया। निवर्तमान प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंच संविधान के अनुसार अध्यक्ष का कार्यकाल मात्र दो वर्षों का ही होता है, प्रत्येक दो वर्ष उपरांत चुनाव करा कर नया अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। इस बार सर्वसम्मति से अभिषेक पोद्दार को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष चन्दन राजगढ़िया का कार्यकाल समाप्त हो गया। अभिषेक पोद्दार कोरोना काल में उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए मंच को अपना भरपूर सहयोग दिया था और आम लोगों की सेवा की थी, जिससे लोहरदगा शाखा को प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली थी और बहुत से पुरस्कार भी शाखा को मिले थे। उनके नेतृत्व में जल्दी ही एक बैठक बुला कर संगठन विस्तार कर जनसेवा के कार्यक्रमों को गति देने का कार्य करेंगे। मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि अभिषेक पोद्दार उर्फ मोनू बहुत ही जुझारू एवं युवा समाजसेवी है, कोरोना काल के दरमियान युवा मंच के उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए हर तरह से अपना पूर्ण सहयोग दिये। सर्राफ ने आशा व्यक्त करते हुए कहा की अभिषेक पोद्दार अपने कार्यकाल पर सशक्त संगठन का विस्तार कर जन सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को गति देंगे जिससे कि लोहरदगा जिला का नाम काफी रोशन हो।

# सिसई प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में विधायक ने की समीक्षा बैठक



सिसई। सिसई प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सोमवार को विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने प्रखंड कर्मियों से समीक्षा बैठक किया। बैठक में प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्ष की तथा कार्यों की धीमी गति को देखते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाया। साथ ही ग्रामीणों की शिकायत पर ऑनलाइन रसीद तथा दाखिल खारिज सुधार को लेकर अवैध उगाही पर अंचलाधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि जनता से रिश्वत लेना और जनता का शोषण करना बंद करें। वहीं अबुआ आवास में काफी अनियमितता बरते जाने की शिकायत पर बीडीओ को भी जमकर फटकार लगाते हुए गलतियों को सुधारकर योग्य गरीब व्यक्ति को ही आवास आवंटित करने का सख्त निर्देश दिए। इसी तरह अन्य विभागों के कार्यगति से नाखुश विधायक ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण कर जनता को लाभ देने का निर्देश दिए। और उन्होंने कहा कि यदि समय पर कार्य पूर्ण नहीं हुए तो कार्रवाई की जाएगी।

# गुजरात से काम कर लौटे मजदूरों की समस्या लेकर श्रम अधीक्षक से मिले मिशन बदलाव सदस्य



गुमला। पलायन मजदूरों के मामले को लेकर सोमवार को मिशन बदलाव के सदस्य श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां श्रम कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात कर मजदूरों की समस्या की समाधान की अपील की गई। मजदूर गुजरात में काम करने गये थे। सभी मजदूर घाघरा प्रखंड के हैं। मजदूरों ने कहा कि गुजरात में मजदूरी करने के बाद उन्हें मजदूरी नहीं दी गई। कंपनी का मैनेजर मजदूरी भुगतान करने की बात कहने पर गलत व्यवहार करता है। मजदूरी नहीं मिलने पर मजदूरों ने मिशन बदलाव से सहायता की गुहार लगायी है। जिसके बाद सोमवार को मिशन बदलाव के विधि सलाहकार अधिवक्ता सच्चिदानंद गोप के द्वारा मजदूरों के मामले को लेकर श्रम अधीक्षक कार्यालय में मजदूरों के समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया। मजदूरों ने मिशन बदलाव के सदस्य अधिवक्ता सच्चिदानंद गोप से बात करते हुए बताया कि उन्हें एक महीना का पैसा दिया गया। उसके बाद तीन-चार महीने उनसे काम लिया गया और मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं दी गई। मजदूरी मांगने पर बकाया रकम नहीं दिया जा रहा है। मजदूर गांव आने के बाद जब भी मैनेजर से पैसे की बात करते हैं। तब मैनेजर उन्हें फोन पर अभद्रता से व्यवहार कर गाली-गलौज करता है और पैसे नहीं देने की बात भी कह रहा है। इस अवसर पर मजदूर राजू ,विष्णु, मदन उरांव ,संजय उरांव आदि उपस्थित थे।

# जिले की मिट्टी की जांच कर करोकर फूल की खेती पर करें काम: अमित सतीजा

**संयुक्त सचिव ने जिले के बेहतरीन कार्यों को देख प्रसन्नता जाहिर की**

### संयुक्त सचिव एमओडी की अध्यक्षता में नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम की हुई समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल संयुक्त सचिव, डीसी, डीडीसी व अन्य।

गुमला। समाहरणालय सभागार में संयुक्त सचिव एमओडी सेंट्रल आफिसर अमित सतीजा नीति आयोग की अध्यक्षता में सोमवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सतीजा गुमला जिले के दो दिवसीय परिभ्रमण पर आए है। बैठक की शुरूआत आईटीडीए निदेशक रीना हांसदा के द्वारा संयुक्त सचिव श्री अमित सतीजा के स्वागत संबोधन से की गई। इसके पश्चात उन्होंने एडीपी, एबीपी के सभी इंडिकेटर्स को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने गुमला जिले के आधारभूत संरचना के संबंध में बताया। उन्होंने नीति आयोग अंतर्गत एडीपी, एबीपी प्रोग्राम अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आधारभूत संरचना, पेयजल, इंफ्रास्ट्रक्चर, फाइनेंशियल इंक्लूजन एवं अन्य क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत चलाए जा रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत सभी क्षेत्रों में किए जा रहे विकासत्मक कार्यों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में आकांक्षी प्रखंड के 39 संकेतकों (इंडिकेटर्स) में से विशेष रूप से कम प्रदर्शन वाले संकेतकों पर चर्चा की गई तथा योजनाओं की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। विकास कार्यों के क्रियान्वयन के साथ-साथ नियमित डेटा अपडेट करने की बात कही गई। कृषि की समीक्षा के दौरान उन्होंने गुमला जिले में होने वाले कृषि उत्पाद एवं फल फूल की विस्तृत जानकारी ली। अमित सतीजा ने कहा कि जिले में अनाज (मडुआ - मकई) सब्जी एवं फल का उत्पादन बहुत अच्छा हो रहा है। इसके साथ ही यहां के किसान फूलों की खेती भी कर सकते हैं। यहां की मिट्टी की जांच कराकर यहां फूल की खेती पर काम करने की जरूरत है। गुमला जिला अनाज,फल तथा सब्जी के साथ ही फूलों की खेती में भी अग्रणी होगा। आधारभूत संरचना की समीक्षा के क्रम में ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा के संबन्ध में चर्चा की गई। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई। वहां पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था पर बात की गई। बैठक में गुमला जिला अंतर्गत हो रहे अन्य विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें कि प्रोजेक्ट आशा, बांस उत्पाद, प्रोजेक्ट किशोरी, रागी मिशन, ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर एनर्जी से बिजली एवं एफपीओ के बारे में बताया गया। अमित सतीजा ने कहा कि गुमला जिला में बहुत अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने एडीपी, एबीपी में अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत गुमला बेहतर प्रदर्शन कर रहा। बैठक में डीसी, डीडीसी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कौशल विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, पिरामल फाउण्डेशन टीम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वीजा रद्द कर पाकिस्तानी नागरिको को वापस भेजने को ले कर भाजपा ने डीसी को सौपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



डीसी को ज्ञापन सौंपते भाजपाई।

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में लोहरदगा उपायुक्त को ज्ञापन सौपते हुए जिले के विभिन्न जगहों में वैध एवम अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानियों को सूचीबद्ध कर उनका वीजा रदद् करते हुए अविलंब पाकिस्तान वापस भेजने की करवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि 22 अप्रैल को पहलगांव में घटित आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या की गई है। जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र स्तब्ध है। इस दुःखद घटना के बाद केंद्र सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3 (1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाक नागरिकों का वीजा रदद् कर उन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया आरम्भ की है। ज्ञापन में कहा है कि जिले के अलग अलग क्षेत्रों में जो भी पाकिस्तानी नागरिक वैध या अवैध रूप से रह रहे है प्रशासन उन्हें राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुरूप शीघ्र चिन्हित करे एवं आवश्यक करवाई करते हुए वापस पाकिस्तान भेजे। क्योकि यह विषय अत्यंत संवेदनशील है। लोगो मे विश्वास सुदृढ़ हो एवं सुरक्षा चिंताओं से मुक्त हो। मौके पर राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, जगनन्दन पौराणिक, संजय कुमार, बाल कृष्णा सिंह, त्रिवेणी दास, राजकुमार वर्मा, ओम गुप्ता, राममोहन साहू, पवन, सत्यम, सचिन, दुबराज वर्मा, जीवन उरांव, दिलीप उरांव, राजकुमार मुंडा विवेक चौहान, विश्वजीत भारती, पंकज भारती, अशोक चौहान, मदन साहू आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आज से

**चंदवा।** रेड क्रॉस सोसाइटी एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन, धर्मपुर लातेहार में 6, 7 एवं 8 मई को आयोजित किया गया है। शिविर में कटे हुए हाथ एवं पैर के स्थान पर कृत्रिम हाथ एवं पैर निशुल्क लगाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ चंदन प्रसाद ने बताया कि उक्त तिथि को कटे हुए हाथ एवं पैर के मरीज शिविर में अवश्य पहुंचे। शिविर में मरीज जांच हेतु अपने साथ आधार कार्ड का फोटोकॉपी व दो पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर पहुंचे

### ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा आज

**चंदवा।** अलौदिया पंचायत के हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलशयात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्राण प्रतिष्ठा के निमिति होनेवाले कार्यों के संपादन को लेकर मंदिर समिति के संतोष सिंह, मृत्युंजय सिंह, मनीष सिंह, पं. रविकांत दुबे, प्रमोद जायसवाल, बृजकिशोर जायसवाल, बिहारी सिंह, सुबोध जायसवाल, अजय जायसवाल, नरेश अग्रवाल, दीपक भगत, कैलाश जायसवाल, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, रमेश जायसवाल, शंकर साहू, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद, अमरेश कुमार, राहुल कुमार, मंटू सोनी, छोटू रजक, राजकुमार छोटू, राजकिशोर, लालबाबू, ईश्वर कुमार समेत अन्य कार्यों के संपादन को तत्पर दिख रहे हैं। मंदिर में आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की सूची: 6 मई, मंगलवार को कलश यात्रा एवं मूर्ति नगर भ्रमण। 7 मई, बुधवार को कुलदेवी पूजन एवं क्षत्रपाल पूजन। 8 मई गुरुवार को महा रुद्राभिषेक एवं अन्य देवता पूजन। 9 मई, शुक्रवार को प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा। पूजा संपन्न होने के बाद मध्याह्न से गोधुली तक भंडारा। रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन।

### सेरसा 11 ने हेहल स्पोर्टिंग को रौंद खिताब पर जमाया कब्जा

**चंदवा।** राज क्रिकेट एकेडमी चंदवा द्वारा हाई स्कूल खेल स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 नॉकआउट लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हो गया। फाइनल मुकाबले में सेरसा इलेवन ने हेहल स्पोर्टिंग रांची को 30 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 31 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी व उप विजेता टीम को 15 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। बेस्ट बैट्समैन कृष्ण कुमार महतो व सीरीज का पुरस्कार सेरसा टीम के अमित मुंडा को दिया गया। अंपायर की भूमिका आयुष जायसवाल व आर्यन यादव ने निभाई। मौके पर समाजसेवी राजेश चंद्र पांडेय, शिक्षक अरविंद सिंह, मनु गुप्ता के अलावे राजा तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, उत्कर्ष, दूबे समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### बोलेरो वाहन के धक्के से वृद्ध महिला घायल, रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेड़रा गांव में बेलोरो वाहन के धक्के से एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार फगुनी देवी 62 वर्ष ग्राम चेडरा निवासी घर के सामने से सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान बोलेरो वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि इस घटना में वृद्ध महिला के सिर एव पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

### बिजली के खंभे से बाइक टकरायी, तीन घायल, दो रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर झाबर ग्राम के समीप रविवार की देर रात्रि मोटरसाइकिल से जा रहे एक मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग बिजली के खंभे से टकरा गये। जिसमें अमरजीत उरांव 18 वर्ष पिता सूबेदार उरांव, निशांत उरांव 13 वर्ष पिता राजू उरांव एवं श्रीकांत उरांव 13 वर्ष पिता अर्जुन उरांव तीनों ग्राम लोहार टोली झाबर गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद अमरजीत उरांव एवं श्रीकांत उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि तीनों एक मोटरसाइकिल सवार होकर कुछ जरूरत के समान खरीदारी करने बालूमाथ आया हुआ था। इसी दौरान वह अपने घर लोहार टोली वापस जा रहा था तभी एक बोलेरो ने उसे चकमा दे दिया और वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया।

## लातेहार विधायक ने पाक नागरिकों की पहचान और निष्कासन को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से की त्वरित कार्रवाई की मांग





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता से मिलकर एक अहम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिले में रह रहे वैध और अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें तत्काल भारत छोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सौंपा गया। विधायक के साथ भाजपा का एक मजबूत प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंचा और जिला प्रशासन से इस विषय पर गंभीर और त्वरित कदम उठाने की अपील की। ज्ञापन सौंपने के इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने किया।

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन के लिए अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और निष्कासन आवश्यक है। उन्होंने लातेहार डीसी से इस पर तुरंत कार्रवाई कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपनी एकजुटता दिखाई और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, प्रेमचंद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, उषा देवी, जिला महामंत्री बंसी यादव, कोषाध्यक्ष विष्णु देव गुप्ता, मीडिया सह प्रभारी मुकेश पांडेय, अनिल सिंह, पवन गुप्ता, लातेहार प्रवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, मोर्चा जिला अध्यक्ष महताब आलम, शीला देवी, गोविंद प्रसाद, पिंटू रजक, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, प्रमोद गुप्ता, आनंद सिंह, गौरव दास, मोर्चा जिला महामंत्री अश्विनी सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक कर क्षेत्र में रह रहे विदेशी नागरिकों की जानकारी इकट्ठा करने के दिये निर्देश

**महुआडांड़।** महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र में हो रहे अपराधों और इस पर नियंत्रण पर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने बताया कि हमारा अनुमंडल क्षेत्र पर्यटन के रूप में भी विश्व प्रसिद्ध है। और यहां विदेशों से भी विदेशी नागरिक आते हैं। भारत सरकार के द्वारा हाल ही में हुए आतंकी घटना के बाद विशेष रूप से पाकिस्तानी वीजा रद्द कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनुमंडल में भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

एसडीओ श्री दुबे ने पुलिस पदाधिकारी से अनुमंडल क्षेत्र में रह रहे विदेशी नागरिकों की जानकारी इकट्ठा करने एवं विशेष रूप से पाकिस्तान एवं बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने का निर्देश दिया। इसे लेकर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत पर्यटक स्थलों एवं होटलों में छापेमारी करने समेत अन्य के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से महुआडांड़ बीडीओ सह सीओ संतोष कुमार बैठा, एसडीपीओ शिवपुजन बहेलिया, महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार, बारेसाढ़ थाना प्रभारी, गारू थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## लातेहार विधायक ने सदर प्रखंड सभागार में की जनसुनवाई, अधिकारियों से कहा

# बेवजह न दौड़ाएं, ससमय करें कार्यों का निष्पादन

- जनसुनवाई में सबसे ज्यादा जमीन में गड़बड़ी संबंधित मामला आया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** सदर प्रखंड सभागार में सोमवार को विधायक प्रकाश राम के द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में सबसे ज्यादा शिकायतें जमीन में गड़बड़ी, मनरेगा में भ्रष्टाचार और योजनाओं में अनियमितता को लेकर आईं। विधायक ने सभी मामलों की जांच कर एक सप्ताह में कार्रवाई का निर्देश दिया। जनसुनवाई में अंचल के कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार पर जमीन ऑनलाइन करने के नाम पर 20 हजार रुपए लेने का आरोप लगा। विधायक ने जमकर फटकार लगाते हुए पैसा लौटाने का आदेश दिया। राजस्व कर्मचारी अभिषेक कुमार, मनोज बेक और शत्रुघन भगत को जमीन ऑनलाइन और म्यूटेशन का काम नहीं करने पर जमकर डांट पड़ी। 15वें वित्त के प्रखंड समन्वयक सुमन कुमारी को भी अनियमितता पर फटकार लगाई गई। मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार की भी शिकायतें सामने आईं।

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि अंचल और ब्लॉक में भ्रष्टाचार चरम पर है। कर्मी सुधार करें, नहीं तो कार्रवाई होगी। ग्रामीणों को बेवजह न दौड़ाएं। जो काम लेकर आते हैं, उसका समय पर निष्पादन करें। कुछ आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। बाकी मामलों को एक सप्ताह में निपटाने का निर्देश दिया गया।

जनसुनवाई में अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रमुख परशुराम लोहरा, उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, अनिल सिंह, पवन कुमार, संत कुमार गुप्ता, विष्णु गुप्ता, पिंटू रजक सहित कई विभागों के कर्मी, पंचायत सेवक और राजस्व कर्मचारी मौजूद थे।

## तुरीसोत में माओवादी हमला मामले में आईजी ने ली घटना की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- अज्ञात माओवादियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, माओवादियों के विरुद्ध अभियान तेज

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती तुरीसोत महुआ टांड़ जंगल में कोयला, खनिज, संपदा, पानी आदि भूगर्भ संपदा की खोज को लेकर 3डी भूकंपीय और प्रतिरोधकता सर्वेक्षण कार्य में लगी सीएमपीडीआई के साइट पर हुए माओवादी हमला के बाद प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है। सीएमपीडीआई के एक अधिकारी के आवेदन के आलोक में चंदवा थाना में 96/25 में अज्ञात माओवादियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान तेज करते हुए नक्सलियों के विरुद्ध सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। इधर घटना के दूसरे दिन रविवार की दोपहर बाद पलामू आईजी सुनील भास्कर भी घटना स्थल पहुंचे व पूरे मामले की जानकारी ली व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। विदित हो कि शनिवार की देर शाम नक्सलियों के एक दस्ते ने तुरीसोत में सीएमपीडीआई के कोल टेस्टिंग को लेकर किए जा रहे ड्रिलिंग साइट पर अचानक धावा बोल दिया था, जहां काम में लगे कर्मियों को बंधक बनाकर दो ड्रिलिंग मशीन, दो बोलेरो, दो कैम्पर एवं दो ट्रक को फूंक दिया था। चंदवा में लंबे समय के बाद हुए माओवादी घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

## झामुमो की केंद्रीय कार्यकारिणी में लातेहार की मजबूत दस्तक

# बैद्यनाथ राम बने केंद्रीय उपाध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**लातेहार।** लातेहार के पूर्व विधायक और झारखंड सरकार में मंत्री रह चुके बैद्यनाथ राम को झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कार्यकारिणी में केंद्रीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसको लेकर रविवार को पार्टी द्वारा आधिकारिक पत्र जारी किया गया, जिसमें 63 सदस्यीय केंद्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस सूची में बैद्यनाथ राम का नाम उपाध्यक्ष पद पर अंकित किया गया है। पार्टी ने एक बार फिर दीशोम गुरु शिबू सोरेन को संस्थापक संरक्षक और हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। बैद्यनाथ राम को केंद्रीय नेतृत्व में जगह मिलने से लातेहार जिले की राजनीतिक हैसियत में वृद्धि हुई है। इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इधर बैद्यनाथ राम ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे और झारखंड के हित में संघर्षशील रहेंगे। वहीं बैद्यनाथ राम के मनोनयन की खबर मिलते ही पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। झामुमो लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, अशोक पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, भास्कर रिंकू कच्छप, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, वारिश अंसारी और मंटू कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## पुन: झामुमो केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बैद्यनाथ राम को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी में एक बार फिर से केंद्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व मिला है। रांची के खेल गांव स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रांगण (हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम) में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13 में केंद्रीय अधिवेशन के पश्चात केंद्रीय कमेटी के द्वारा केंद्रीय कार्य समिति की घोषणा की गई, जिसमें श्री राम को पुनः केंद्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व मिला। बैद्यनाथ राम को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर चंदवा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि बैद्यनाथ राम की राजनीतिक समझ एवं नेतृत्व क्षमता से पार्टी को काफी लाभ होगा। इनका अनुभव लातेहार जिले में संगठन को मजबूत करने में अहम साबित होगी। उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी के अलावे पूर्व जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, पूर्व युवा अध्यक्ष रंजीत उरांव, रोबेन उरांव, मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरू मुंडा, बबलू राही, ब्रह्मदेव प्रजापति, मो. नौशाद, मो. इजहार, सुमन सुनील सोरेंग, रामपाल उरांव समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता शामिल हैं।

## जिला प्रशासन नशीले पदार्थों के खिलाफ चला रहा है विशेष जागरूकता अभियान



**लातेहार।** अफीम एवं अन्य नशीले पदार्थों की रोकथाम और इसके दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जिला प्रशासन लातेहार द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि नशा युवाओं के जीवन को बर्बाद कर देता है और समाज में अपराध, असामाजिक गतिविधियां तथा मानसिक तनाव को जन्म देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के अवैध उत्पादन, संग्रहण और व्यापार पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन, उत्पाद विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से गांव-गांव में छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज और पंचायत स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त ने आम जनता, अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों पर निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्रशासन को तुरंत दें। कहा हम सब मिलकर ही नशामुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित लातेहार का निर्माण कर सकते हैं।

## जिप उपाध्यक्ष ने बस स्टैंड में भवन व पीसीसी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू बस स्टैंड में सोमवार को पीसीसी फर्श निर्माण कार्य एवं 11 नये दुकान निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने शिलापट्ट का अनावरण व नारियल फोड़कर किया। पंडित दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कार्य संपन्न कराया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बताया कि बस स्टैंड में नया दुकान का निर्माण हो जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार का साधन मिलेगा। वहीं पीसीसी फर्श का निर्माण हो जाने से बस स्टैंड में साफ-सफाई रहेगी। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले इस निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ विकास योजना नहीं बल्कि लोगों की सामूहिक आकांक्षाओं और उम्मीदों का प्रतीक है। सभी लोगों का कर्तव्य है कि इस कार्य में सहयोग करें।

## कस्तूरबा नामांकन समिति की बैठक संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में सोमवार को कस्तूरबा नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कक्षा 5 में नामांकन हेतु छात्राओं का चयन किया गया। जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बताया कि बैठक में अधिकांश वैसे बच्चों का चयन किया गया है जो अनाथ, गरीब और असहाय परिवार से आते हैं। बैठक में बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता ने बच्चों को चयन करने का नियम को विस्तार से बताया। इस बैठक में बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचलाधिकारी विजय कुमार, जिप सदस्य पश्चिमी प्रियंका कुमारी, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण यादव, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन शिखा कुमारी, अकाउंटेंट कृष्ण कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में चुनाव प्रक्रिया से बाल संसद का हुआ गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- आकाश कुमार और रुची सिन्हा बने अध्यक्ष



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में चुनाव प्रक्रिया द्वारा बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने बाल संसद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रक्रिया हर वर्ष प्रांत के योजना अनुसार लोकतांत्रिक तरीके से बाल संसद का चुनाव कराया जाता है। जिससे छात्रों में लोकतांत्रिक व्यवस्था, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहार कुशलता के गुणों का विकास होता है। अध्यक्ष पद के लिए बाल भारती से दो प्रत्याशी एवं कन्या भारती से दो प्रत्याशी चुनाव प्रत्याशी बने। सभी प्रत्याशी अनुशासन पूर्वक अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रचार- प्रसार किया। चुनाव के लिए कुल दो बुथ बनाए गए थे। पीठासीन पदाधिकारी के रूप में वीणा देवी को बनाया गया था। मतदान कर्मी लक्ष्मण राम एवं शशि कुमार सिंह को बनाया गया था। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम द्वारा सभी बुथो का निरीक्षण किया गया था। कुल 102 छात्र छात्राओं ने मतदान किया था। बाल भारती से आकाश कुमार को 89 मत प्राप्त हुए एवं अंकित कुमार सिंह को 13 मत प्राप्त हुए। आकाश कुमार ने 76 वोटो से अंकित कुमार सिंह को पराजित किया। कन्या भारती से रुचि कुमारी को 51 मत प्राप्त हुआ एवं काजल कुमारी को 51 मत प्राप्त हुआ। दोनों को बराबर मत होने के कारण प्रधानाचार्य की उपस्थिति में टॉस कराया गया जिसमें रुचि कुमारी ने जीत दर्ज की। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने वंदना सभा में जीते हुए प्रत्याशीयों को जीत की घोषणा की एवं सभी को उज्जवल भविष्य की कामना की। जीते हुए प्रत्याशियों को फूल माला से स्वागत किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया को सफल कराने में सभी आचार्य जी दीदी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कस्तूरबा विद्यालय में कक्षा 6 में छात्राओं का हुआ चयन

- कस्तूरबा विद्यालय में चयन समिति की विशेष बैठक आयोजित
- बालिकाओं को सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम है कस्तूरबा विद्यालय : नसीम अंसारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरवाडीह।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरवाडीह के प्रांगण में सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 में छात्राओं के नामांकन को लेकर प्रखंड स्तरीय चयन समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने की। चयन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता, गंभीरता और नियमों के तहत संपन्न किया गया। समिति ने प्राप्त आवेदनों की बारीकी से जांच की और पात्र छात्राओं का मेरिट के आधार पर चयन किया। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष और न्यायसंगत हो।

चयनित छात्राओं की सूची विद्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जाएगी, जिससे अभिभावक एवं छात्राएं आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। बैठक में बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह (पूर्वी क्षेत्र), संतोषी कुमारी (पश्चिमी क्षेत्र), प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, बीआरपी अशोक कुमार और श्याम मनोहर यादव, भाजपा नेता ईश्वरी सिंह, विद्यालय वार्डन संगीता कुमारी, सहायक शिक्षिका उषा कुजूर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने शिक्षा की गुणवत्ता, बालिकाओं की भागीदारी और विद्यालय के सतत विकास पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय बालिकाओं को सशक्त बनाने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे विद्यालयों में योग्य छात्राओं का चयन न केवल उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के ट्वीट के बाद गुजरात से शव लेकर एंबुलेंस चंदवा के लिए हुई रवाना

- गुजरात काम करने गए जमीरा ग्राम के विनोद यादव की हो गई थी मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत जमीरा ग्राम से काम करने गुजरात गए मजदूर विनोद यादव (50 वर्ष) पिता दशरथ यादव की आकस्मिक मौत बीते शनिवार को गुजरात के जिला भरूच, थाना दहेज अंतर्गत बगरा में हो गई थी। रविवार शाम तक विनोद यादव का शव गुजरात के दहेज में ही पड़ा हुआ था। परिजन अर्थाभाव में मृतकों के शव को पैतृक गांव लाने में असमर्थ थे। परिजनों ने लातेहार विधायक प्रकाश राम, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल लाल शाहदेव, जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं श्रम अधीक्षक से शव को वापस गांव लाने में मदद की गुहार लगाई थी। जिसके बाद प्रतुल शाहदेव ने मामले में संज्ञान लेते हुए परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली व मामले में ट्वीट कर झारखंड एवं गुजरात के मुख्यमंत्री एवं लातेहार उपायुक्त से शव वापस लाने में मदद की गुहार लगाई, जिसके बाद प्रशासन परिजनों से संपर्क स्थापित कर शव को वापस लाने की कवायद में जुटा था। इधर रविवार की देर शाम प्रतुल शाहदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा मैसेज दिया गया कि देर रात शव को गुजरात के दहेज से एम्बुलेंस की मदद से चंदवा जमीरा के लिए रवाना कर दिया गया है। एम्बुलेंस में दो ड्राइवर को भी भेजा गया है ताकि रास्ते में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। मंगलवार की सुबह तक शव पहुंच जाने की संभावना है। परिजनों समेत चंदवा वासियों ने एक गरीब परिवार की मदद हेतु प्रतुल शाहदेव को साधुवाद दिया है।

# एडवेंचर कैंप में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने दिखाई हिम्मत और जांबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से अनुभव आधारित शिक्षा की कड़ी में दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में दो-दिवसीय एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। इस अनूठे कैम्प में विद्यालय की कक्षा चार से आठ तक के लगभग 300 विद्यार्थियों ने न केवल उत्साहपूर्वक भाग लिया बल्कि विभिन्न साहसिक स्पधाओं में जमकर अपनी प्रतिभा का परिचय भी दिया। भांति-भांति की रोमांचक स्पर्धाओं में उन्होंने हिम्मत-जांबाजी-जज्बा और जुनून का जोशपूर्ण प्रदर्शन किया। विभिन्न समूहों में छात्र-छात्राओं ने कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में रस्सी पर चलने-पहाड़ों और पेड़ों पर रस्सी के सहारे चढ़ने-रस्साकशी-तीरंदाजी-जालियों पर चलने जैसी गतिविधियों में उमंग के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने आइस ब्रेकिंग जिपलाइन कमांडो नेट रैपलिंग ट्री क्लाइंबिंग फिजेट आदि साहसिक स्पर्धाओं में अपने शौर्य का परिचय दिया। इसके अलावा सभी बच्चों ने तीरंदाजी में भाग लेकर निशानेबाजी में अपने जौहर दिखाए तो कई क्रिस-क्रॉस जंपिंग झूला लॉर्ड ऑफ रिंग्स हूपला आदि मनोरंजक खेलों का आनंद लेते देखे गए। इसके पूर्व विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने फीता काटकर तथा तीर-धनुष से निशाना साधकर इस कैंप का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रकार के आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार की पाठ्येत्तर गतिविधियों के जरिए ही बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। इसके जरिए विद्यार्थियों को बचपन से ही साहसी बनने तथा प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्पधाएं रोमांच और हिम्मत के साथ जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए उन्हें प्रेरित करती हैं।

# बोकारो : सिंहपुर इंटर महाविद्यालय में साक्षात्कार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर इंटर महाविद्यालय सिंहपुर में विभिन्न विषयों तथा प्रयोगशाला रिक्तियों को लेकर अभ्यर्थियों के आवेदन के आलोक में साक्षात्कार बोर्ड का गठन किया गया जिसमें तेनुघाट महाविद्यालय के प्राचार्य सुदामा तिवारी साक्षात्कार बोर्ड के अध्यक्ष मुख्य रूप से मौजूद थे।

इसके अलावा आरपीएस डिग्री कॉलेज चंद्रपुरा के भौतिकी विभागाध्यक्ष सुबीर कुमार पदेन सदस्य कालीचरण महतो चंद्रपुरा के पदेन सदस्य आरटीसीसी ओरमांझी रांची के संथाली भाषा की कुमारी दुली किस्कू पदेन सदस्या तेनुघाट महाविद्यालय तेनुघाट के वाणिज्य विषय के संजीव कुमार महाराज अंग्रेजी विषय के कालीचरण महतो पदेन सदस्य अर्थशास्त्र विषय के रावण मुर्मू पदेन सदस्य सिंहपुर इंटर महाविद्यालय के सचिव सुजित कुमार महतो तथा सिंहपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार महतो साक्षात्कार बोर्ड में मुख्य रूप से मौजूद थे।

सिंहपुर इण्टर महाविद्यालय सिंहपुर में विषय गणित में 6 अभ्यर्थियों ने भौतिकी में 4 जीव विज्ञान में 2 राजनीतिक विज्ञान में 4 लेखा शास्त्र में 4 संथाली भाषा में 4 शारीरिक विज्ञान में 3 अंग्रेजी में 2 हिन्दी में 5 तथा प्रयोगशाला के लिए 2 अभ्यर्थियों ने रिक्त पदों के लिए आवेदन किया था। साक्षात्कार के समय कुल अभ्यार्थी 36में 1 गणित तथा 1 भौतिकी विषय के अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अभ्यर्थियों को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल रखा गया था। मौके पर महाविद्यालय के पूर्व सचिव काशीनाथ महतो पूर्व अध्यक्ष कैलाश चन्द्र महतो शिक्षाविद झबुलाल महतो फूलचंद महतो नरेश कुमार रजक आशीष जायसवाल रणदेव मुर्मू, छोटू कपरदार लखिंदर हेंब्रम मुरारी महतो विजय नंदन महतो शंकर महतो रंजीत महतो अजय महतो मृत्युंजय महतो शुकदेव महतो सरूवाला देवी आदि कई व्याख्याता तथा कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### फुसरो : पूर्व सांसद के आवासीय कार्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बेरमो। भाजपा बेरमो विधानसभा का एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत एक बैठक 16 वीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के फुसरो स्थित अवासीय कार्यालय में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के जिला प्रवासी सह बिहार विधान परिषद् सदस्य दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्षता फुसरो नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश यादव एवं संचालन रमेश स्वर्णकार व धन्यवाद ज्ञापन भरत बर्मा ने किया। जिसमें बोकारो जिला सह संयोजक के रूप में विकरम पांडेय शामिल हुए। बैठक में दिलीप कुमार सिंह ने एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत हो रहे भारत के विकास की रूप रेखा की विस्तृत चर्चा किया। मौके पर बैठक में विशेष रूप से अर्चना सिंह, संजय प्रसाद, भाई प्रमोद सिंह, शंकर प्रसाद सिन्हा, मनोज तिवारी, सुरेंद्र सिन्हा, दिनेश सिंह, टुनटुन तिवारी नवल किशोर सिंह, चन्दन राम, मनोज चंद्रवंशी, मूलचंद खुराना, अनिल गुप्ता, अभिषेक सिंह के अलावे अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

### बोकारो : खेदाडीह के गोविंद तालाब के समीप टोटो चालक धनंजय का मिला शव



बोकारो। बोकारो जिले के पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत खेदाडीह स्थित गोविंद तालाब के निकट स्थानीय सेक्टर 9 स्थित शिव शक्ति कॉलोनी निवासी टोटो चालक धनंजय कुमार का क्षत विक्षत शव मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक धनंजय यादव टोटो चलकर अपना जीविकोपार्जन करता था। मृतक के शरीर पर चाकू से वार किये जाने का निशान पाया गया है। टोटो चालक धनंजय के टोटो की बैटरी गायब है। स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी के बाद पुलिस डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में लगी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि लूटपाट के बाद अपराधियों ने चाकू से गोद कर उसकी हत्या कर दी। हालांकि पुलिसिया जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। एक दिन पूर्व सोनाबाद के निकट बहादुरपुर के मानटांड में ईंट भट्ठा संचालक सुमित कुमार को पीटने के बाद उसकी गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 23 तेलीडीह मोड़ के निकट कुछ घंटे तक सड़क जाम रखा था। पुलिस द्वारा समझाने बुझाने एवं अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद आवागमन सामान्य हुआ। सोनाबाद की पूर्व मुखिया रेखा देवी ने सुमित कुमार के नृशंस हत्या की घोर निंदा की है।

### विकास योजनाओं को लेकर बीडीओ ने की बैठक



गोड्डा। महागामा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हांसदा की अध्यक्षता में प्रखंड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित की जा रही विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मनरेगा अंतर्गत बागवानी योजना, कुआं योजना, मनरेगा सॉफ्ट में अबुआ आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की पंचायत वार समीक्षा की गयी। बीडीओ द्वारा आने वाले समय में 100 से ऊपर मानक दिवस सृजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, साथ ही पूर्व से लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्तमान में जिओ टेक 100 प्रतिशत पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही जिस लाभुकों को पहला एवं दूसरा किस्त दिया जा चुका है। उन लोगों को कार्य में तेजी लाने के लिए पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा पुरुषोत्तम मिश्रा, अमरेंद्र पंडित, सहायक अभियंता अनुज कुमार, प्रखंड समन्वयक मो अनीस अकरम, मिथुन कुमार के अलावा कनीय अभियंता, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### महर्षि मेंहीं गोशाला में सत्संग अधिवेशन 15 को



गोड्डा। स्थानीय महर्षि मेंहीं गोशाला में 15-16 मई को आयोजित होने वाली दो दिवसीय संतमत सत्संग के विराट अधिवेशन को सफल बनाने के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए बैठक की अध्यक्षता कुप्पाघाट भागलपुर के संत गुरुनंदन बाबा ने किया। उन्होंने कहा कि गोशाला स्थापना दिवस पर विराट सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विमर्श किया गया। कहा कि वह क्षेत्र, भूमि व स्थानीय लोग भाग्यवान है, जहां संतों का समागम व सत्संग का आयोजन होता है। सत्संग इस धरती का चलता-फिरता तीर्थ है। इसमें जो निष्ठा की डूबकी लगाते हैं। उसका भव से बेड़ा पार हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है कि कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिरि, सुमिरि नर उतरहि पारा...। यह वही बैतरनी है, जहां से ही प्रभु को प्राप्त करने को लेकर रास्ता खुलता है। ईश्वर की कृपा से योग्य गुरु की पहचान होती है। ध्यान साधना करते-करते दिव्य दृष्टि प्राप्त करते हैं। मौके मंच, पंडाल, भंडारा, पेयजल, साधु निवास आदि के लिए विभिन्न संतों को दायित्व सौंपा गया। मौके पर रमेश रामदास, रामचरित पंडित, ओमप्रकाश मंडल, दीनानाथ झा, अरूण मंडल, अरूण साह, अमित ठाकुर, रामकृष्ण मंडल, कपिलदेव साह विचार व्यक्त किए।

### दादी श्याम मंदिर की कलश यात्रा से हुई कार्यक्रम की शुरूआत



गोड्डा। झुंझुनूं की दादी जी और खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठान कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। 500 से अधिक महिलाए माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण को निकली एक ही रंग के परिधान में यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष अरुण टेकरीवाल और सचिव मुकेश गाडिया कर रहे थे। मंदिर मे खाटू श्याम जी, राणी सती दादी, शिव परिवार, हनुमान जी और शितला माता की प्रतिमा स्थापित हो रही हे। कलश यात्रा मे जगह-जगह पर पुष्प वर्षा की गई। मंदिर मे राजस्थान से आये आचार्य उमेश शास्त्री और विद्वान पंडितो के द्वारा विधिवत पूजन करवाया गया। जजमान के तौर पर प्रितम गाडिया, ओमप्रकाश टेकरीवाल, पियूष खेमानी, आकाश बजाज और राकेश अग्रवाल शामील है। कलश यात्रा मे अनुप सरावगी, अविनाश गाडिया, सुनिल टेकरीवाल, सुमित टेकरिवाल, पंकज गाडिया, सचिन गाडिया, मीठू टेकरीवाल, अविनाश अग्रवाल, रितेश टेकरिवाल, अंकित गाडिया, विक्की गाडिया, पियूष बजाज, अमित बजाज आदि सैकड़ो लोग शामिल थे।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

दुमका। जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर लड़की को सुरक्षित बरामद करते हुए बिहार के अररिया जिले के बेलबाड़ी गांव के रहने वाले सुरजीत राम को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना को लेकर नाबालिक के दादा ने सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर थाना क्षेत्र के चोराजोर गांव निवासी नितेश साह सहित कई लोगों को आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि नितेश साह की शादी में उसका मित्र आया था। शादी में उसकी पोती भी गई थी। वहीं से उसकी पोती का अपहरण कर भगा ले जाया गया है। मामलें में प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से उसे बिहार से बरामद कर अप्राथमिकी अभियुक्त सुरजीत राम को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक अपने मित्र की शादी में चोराजोर गांव आया था और वहीं पर नाबालिग से शादी समारोह में मुलाकात हुई थी। जिसके बाद दोनों फरार हो गए।

### जेएलकेएम संगठन मंत्री ने शराबियों द्वारा तालाब में गंदगी फैलाने को ले थाना प्रभारी को सौंपा पत्र

बेरमो। जेएलकेएम केंद्रीय संगठन मंत्री संदीप महतो ने शराबियों द्वारा तालाब में गंदगी फैलाने को लेकर नावाडीह थाना प्रभारी को एक शिकायत पत्र दिया है। दरअसल नावाडीह वाइन शॉप के पास एक सार्वजनिक तालाब है। स्थानीय लोग नहाने व कपड़ा धोने के लिए उस तालाब का उपयोग करते हैं। संदीप महतो ने पत्र में जिक्र किया है कि शाम होते ही उस तालाब की मेढ़ पर शराबियों का अड्डा जम जाता है और शराब पीकर वे लोग ग्लास, बोतल, प्लास्टिक को तालाब में ही फेंक देते हैं, जिससे तालाब प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने नावाडीह थाना प्रभारी से तालाब की मेढ़ पर या शेड में शराब पीने को प्रतिबंध लगाने, तालाब की निगरानी हेतु पुलिस की गस्त बढ़ाने एवं तालाब के पास चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

### बेरमो : तेली कल्याण समिति ने गरीब लड़की की शादी में की आर्थिक मदद

बेरमो/ललपनिया। तेली कल्याण समिति बोकारो के सदस्यों ने सोमवार को गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत आईयर ग्राम के ढाई टांड़ निवासी गरीब जयदेव साव की पुत्री सुमन कुमारी की शादी में खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, आटा, आलू, मिठाई और साड़ी सहित 5,100 रूपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया किया। मौके पर तेली समाज के मुख्य संरक्षक लक्ष्मण नायक एवं नव नियुक्त जिला अध्यक्ष विनेश कुमार नायक ने कहा कि असहाय गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग जरूरी है, हमारी समिति हमेशा समाज में गरीब, असहाय लोगों की सहायता में जो बन सकेगी करता रहेगा।

## स्पीड न्यूज

### स्व अरूण कुमार मुखर्जी के परिजनों ने स्कूल को दिया दान



बेरमो। शिशु विकास विद्यालय संडे बाजार, बेरमो, बोकारो के फाउंडर सदस्य स्व अरूण कुमार मुखर्जी के परिजनों में उनके छोटे भाई स्व डॉ तरूण कुमार मुखर्जी के पुत्र डॉ पाथार्सार्थी मुखर्जी तथा पतोहू श्रीरूप मुखर्जी सोमवार को अपने रिश्तेदार चंदन बनर्जी के साथ स्कूल पहुंचे। पार्थसार्थी तथा उनकी पत्नी ने स्कूल लाइब्रेरी में रखे स्व अरूण कुमार मुखर्जी के कई स्मृतियां कैमरा में कैद की। दोनों ने सम्पूर्ण विद्यालय के साथ उस भवन को भी देखा जिसका नाम अरूण कुमार मुखर्जी भवन है। उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के खेल सामग्री क्रय के लिए 10,000/- (दस हजार रूपए) दान दिया। अपने संक्षिप्त भ्रमण में डाक्टर पार्थसार्थी मुखर्जी ने कहा कि अपने पूर्वज के कृतित्व को देखकर वे दोनों काफी हर्षित है। उन्होंने कहा कि पहले सुना था। आज देखकर जा रहे है। उनका प्रयास होगा कि आने वाले वर्षो में वे पुनः विद्यालय आकर विद्यालय विकास में योगदान देते रहेंगे। इस क्रम में विद्यालय ने निदेशक राम अयोध्या सिंह, प्राचार्या शशि बाला शर्मा, वरीय शिक्षिका कमलमती गुप्ता, मो.असलम, शैयद सरफराज हुसैन, संजीव कुमार, रम्भा सिंह, तनुजा खातुन, उमा वर्मन, ममता सिन्हा, स्वेता, पूजा कुमारी, नीलम देवी, भावना आदि मौजूद रहे।

### दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव बरामद

बेरमो। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब डैम से बह कर कोनार नदी में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना फैली। खबर फैलते ही डैम के समीप नदी तट पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और सूचना मिलते ही बोकारो थर्मल थाना से एसआई पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंच गये। घटना के संबंध में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मंजुर आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक राजा बाजार निवासी इदरीश का 32 वर्षीय विवाहित पुत्र सगीर अंसारी है। बताया कि पिछले कुछ दिनों से वे मांसिक बीमारी से जुझ रहा था और उसका इलाज भी चल रहा था। उसके पत्नी के अलावे दो पुत्र भी है। कहा कि पिछले दो दिनों से वे एकाएक घर से लापता हो गया। परिजनों द्वारा उसकी काफी खोजबीन किया मगर सोमवार सुबह उसकी मौत की खबर फोन से मिली।

### रामबिलास स्कूल में बार बार हो रही चोरी की घटना का उद्भेदन

बेरमो। रामबिलास स्कूल बेरमो में चोरी की घटना के आधार पर बेरमो थाना में चोरी का केस दर्ज किया गया था। जिसमें कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में अप्राथमिकी अभियुक्त आकाश कुमार पाण्डेय पिता बालमुकुंद पाण्डेय साकिन घुटियाटांड थाना बेरमो जिला बोकारो स्थाई पता पचम्बा थाना जिला गिरीडीह के रहने वाले को गिरफ़्तार किया गया एवं पकड़े गए अप्राथमिकी अभियुक्त के अपराध स्वीकृति बयान के आधार पर विद्यालय से चोरी किया गया सभी सामान बरामद किया गया।

### दुमका : दिवंगत पत्रकार की बाइक चोरी

दुमका। नगर थाना क्षेत्र में बाईक चोरी की घटना कमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की सुबह ग्रांट स्टेट मुहल्ले से घर के सामने लगी बाईक चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने हिरो कंपनी की सीडी डिलक्स बाईक नंबर जेएच 04 जे 9534 चोरी कर ली। यह बाईक हिन्दुस्तान अखबार के स्वर्गवासी पत्रकार सच्चिदानंद राय की है। राय अपने कार्यकाल में इसी बाईक से पत्रकारिता किया करते थे। दिवंगत पत्रकार के पुत्र विनीत राय ने बाईक चोरी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिक को वापस भेजें : भाजपा

खबर मन्त्र संवाददाता



डीसी को ज्ञापन सौपतें भाजपा नेता।

**गोड्डा।** भाजपा जिला इकाई के सभी मोर्चा और सभी पदाधिकारियों द्वारा भारत में रह रहे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से तत्काल निकालने और जो भी देश से नहीं जा रहे हैं उन पर कार्रवाई करने को लेकर सोमवार को गोड्डा डीसी को ज्ञापन दिया गया। यह ज्ञापन गोड्डा डीसी के माध्यम से झारखण्ड के राज्यपाल और झारखंड के मुख्यमंत्री को भेजा गया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 28 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की हत्या हो गई थी जिससे पूरा देश अस्तभ हो गया और देश का प्रत्येक नागरिक अक्रोशित हैं। गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेश के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया हैं। इस आदेश के पालन के लिए भाजपा पूरे राज्य में सोमवार को डीसी के माध्यम से ज्ञापन देकर अवैध रूप से भारत में रह रहे पाकिस्तानी जिनका वीजा समाप्त हो गया है या गैरकानूनी अवैध रूप से भारत और झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे इनको कड़ी से सजा दिए जाने को लेकर आज भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन के माध्यम से डीसी को समाहरणालय परिसर में दिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, लाल बहादुर सिंह, महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे और राजेश टेकरीवाल, मंत्री नीतीश सिंह, किसान मोर्चा की नेत्री परिणीता झा, अभिषेक मंडल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन, नंदकिशोर ठाकुर उर्फ पप्पू ठाकुर, राजीव भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ सिंह, बबलू सिंह, संजीत टेकरीवाल जीतू सिंह, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष आलोक पासवान, जनार्धन सिंह आदि उपस्थित थे।

# दुमका : तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से युवक की मौत, सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चिहुंतिया मोड़ के समीप नेशनल हाईवे 133 पर सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव निवासी गजाधर सिंह (25) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर से किसी रिश्तेदार से मिलने अपने मित्र गुरुदेव सिंह के साथ बाईक से देवघर के मागोमुंडा जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे 133 स्थित चिहुंतिया मोड़ के समीप देवघर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्टर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार और बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में गजाधर की मौत मौके पर हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल उसके मित्र को सरैयाहाट पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने नेक्सा कार फ्रांक्स जेएच 15 एजी 2614 को जब्त कर, शव का पोस्टमार्टम करवाकर कर परिजनों सौंप दिया। मृतक अविवाहित था। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार की देर शाम हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग को डेयरी इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप जाम कर दिया। ग्रामीण पुलिस की कार्यशैली से नाराज दिख रहे थे। हालांकि जाम की सूचना मिलते ही सरैयाहाट सीओ राहुल शानू, सर्कल इंस्पेक्टर विशुन देव पासवान, हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम हटवाया गया।

# दुमका : झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन ने कार्ल मार्क्स की मनायी 207वीं जयंती

कार्ल मार्क्स के विचारों को रखते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई निजी बस स्टैंड परिसर के झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के कार्यालय में कार्ल मार्क्स की 207 वीं जयंती समारोह आयोजित हुई। समारोह की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में कार्ल मार्क्स के विचारों को रखते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद करते हुए उपस्थित सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारधाराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीपीएम के जिला सचिव सुभाष हेम्ब्रम ने कहा कि कार्ल मार्क्स को हम इसलिए याद करते हैं कि पूरी दुनिया को पूंजीवादी व्यवस्था के तहत जो मानव का शोषण हो रहा है। उसके खिलाफ संघर्ष तेज करने का प्रेरणा पुंज है। उनके विचार एवं उनका जो विश्लेषण समाज के प्रति निरंतर कायम रहने की बात कही। कार्यक्रम को जिला कमेटी सदस्य एवं झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के महामंत्री अखिलेश कुमार झा संबोधित करते हुए कहा कार्ल मार्क्स एक व्यक्ति नहीं, व्यक्तित्व थे। समाजवाद के पुरोधा के साथ-साथ महान दार्शनिक, समाजशास्त्री, सामाजिक अर्थव्यवस्था के महान ज्ञाता थे। उनके द्वारा रचित दास कैपिटल जो चार करो में लिखित है। वह महज वह एक किताब नहीं, बल्कि समाजवादियों के लिए एक धर्म ग्रंथ की तरह अमर रचना है। वर्ग संघर्ष को वैज्ञानिक समाजवाद का मेरुदंड बताते हुए वर्ग चेतना है। जो वैश्विक आयाम है, उनके पुस्तकों में दिखाई पड़ता है। कार्यक्रम में यूनियन उपाध्यक्ष विनोद कुमार राव, सीपीएम के जिला कमेटी सदस्य देवी सिंह पहाड़िया, जर्मन देहरी, उषा देवी आदि उपस्थित थे।

# खटालवालों के आगे कॉलोनीवासी व सुरक्षा बल बौना

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के गायत्री कॉलोनी के समीप अवैध खटाल वालो की तुती बोलती है। खटाल वालो की हेकड़ी के आगे कॉलोनीवासी व सीसीएल सुरक्षा कर्मी भी बौने साबित हो रहे है। यही नहीं कॉलोनी वासियों को स्थानीय पुलिस भी सहयोग करने से कतरा रही है। खटाल वाले कभी भी और कहीं भी कॉलोनी में भूसा भरा ट्रक खड़ी कर बिना किसी की परवाह अथवा आपत्ति भूसा उतारना अपनी दबंगई समझते है। आपत्ति करनेवाले कॉलोनी वासियों के साथ वे तू-तड़ाक करने से भी नहीं हिचकते है।ताजा वाकया 4 मई का बताया जाता है। जब गायत्री कॉलोनी के बिचोबीच एकबार फिर खटाल वालो ने कॉलोनी वासियों की बिना परवाह किए भूसा भरा ट्रक खड़ी कर भूसा उतारना शुरू कर दिया, जिससे आसपास भूसा उड़ने से फैल रहे दर्जनों कॉलोनी वासी प्रदूषण से सांस लेने में दिक्कत महसूस करने लगे। कॉलोनीवासियों द्वारा मना करने पर खटाल के आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुष पहुंचकर अपनी हेकड़ी व दबंगई दिखाते हुए जबरन भूसा उतरवाना शुरू कर दिया। इसकी सूचना महाप्रबंधक कार्यालय के सुरक्षा प्रभारी मो इबरार को दी गयी।बताया जाता है कि सुरक्षा प्रभारी इबरार के निर्देश पर सुरक्षा कर्मी भुनेश्वर कॉलोनी पहुंचकर ट्रक वहां से हटाने का निर्देश दिया, बावजूद इसके सुरक्षा कर्मी के निर्देश को धत्ता बताते हुए खटाल वाले भूसा उतारते रहे और सुरक्षा कर्मी बेआवरू होकर वहां से बैरंग लौट गया, जिससे वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गया। बताया जाता है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना बोकारो थर्मल थाना के नये थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव को देकर हस्तक्षेप की मांग की गयी। इस दौरान खटाल वाले का कहना था कि उनकी बात थाना से हो गयी है। इसके बाद पुनः वहां भूसा उरने लगा। कॉलोवासियों द्वारा बार-बार आग्रह के बाद थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि गोबिंदपुर में एक सीआईएसएफ जवान की पिटाई की सूचना के बाद जवानो को उधर भेज दिया गया है। ऐसे में कॉलोनीवासी पुरी तरह बेवस नजर आ रहे थे। इस दौरान खटाल वालो द्वारा अपनी हेकड़ी दिखाते हुए भूसा भरा पुरा ट्रक खाली कर दिया और कॉलोनीवासी हांफते खांसते अपने घरों में फैले धुलकण की सफाई करते रहे। कॉलोनीवासियों के अनुसार खटाल वालो की हेकड़ी व दबंगई की यह पहली घटना नहीं है। और तो और खटाल वाले आरोप लगाते हुए कहते है कि उनकी ओर के मार्ग पर हीं उनकी बिरादरी वालो ने घर बना ली है तथा सीसीएल द्वारा सड़क किनारे एंगल लगाने के कारण उधर से ट्रक अंदर नहीं जा सकता है। ऐसे में उनके पास विकल्प नहीं है। सवाल उठता है कि इस स्थिति से कबतक कॉलोनी वासी जुझते और भुगतते रहेंगे। इसपर अंकुश लगाना संभव नहीं है अथवा प्रशासन की शह खटालवालो को प्राप्त है !

# बोकारो : बीएसएल में जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स के उल्लंघनकर्ता की पहली लिस्ट जारी

यह महत्वपूर्ण कदम संयंत्र में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और असुरक्षित कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से उठाया गया


खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने कर्मचारियों व ठेका कर्मियों तथा संयंत्र में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 मई 2025 से जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू किया है। यह महत्वपूर्ण कदम संयंत्र में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और असुरक्षित कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से उठाया गया है। 05 मई को मुख्य महाप्रबंधक-सेफ्टी बीके सरतपे के नेतृत्व में प्लांट परिसर के अंदर वाहन चालकों के द्वारा सेफ्टी रूल्स के उल्लंघन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार चलाते समय सुरक्षा बेल्ट का उपयोग नहीं करना- तेज गति में गाड़ी चलाना- हेलमेट के चिन्स्ट्रैप का उपयोग नहीं करना- दो पहिया वाहन में पीछे बैठने वाले का हेलमेट नहीं लगाना इत्यादि की जाँच की गयी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहली लिस्ट जारी की गयी है। बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों और स्टेकहोल्डर्स से अपील की है कि वे-आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता के संदेश को आत्मसात करते हुए इन नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें और संयंत्र को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने में सक्रिय योगदान दें।

# दुमका : आठ वर्षो बाद नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट टी-10 का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** एटीम ग्राउंड में टी-10 टेनिस बॉल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। विगत आठ वर्ष के बाद नयापाड़ा एटीम क्रिकेट ग्राउंड के कमेटी सदस्यों के द्वारा आयोजित हुई। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 30 हजार रुपये नगद पुरस्कार और उपविजेता टीम को 20 हजार रुपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट के प्रायोजक समाजसेवी और खेल प्रेमी कुणाल झा है। उद्घाटन समारोह में जीपी मुन्ना बाबू, ललित पाठक, प्रदीप मिश्रा, अमिता रक्षित, सुष्मिता सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। पहले दिन कुल पांच मैच खेले गए। जिसमे पहला मुकाबला में एक्सेलेंस अकैडमी ने ब्लैक दुमकांस को, यंगेस्ट ने नारायण 11 को, होंडा राइडर ने ओल्ड एनपीसी को, वहीं हैप्पी 11 ने दुमका हिटर को हरा के अगले चक्र में प्रवेश किया। इस मौके पर आयोजन कमेटी की ओर से सफल आयोजन में मुख्य रूप से राकेश सिंह, सोमनाथ तिवारी, रोहित उपाधाय, अमन सिंह, सूरज पाठक, गोविंदा तिवारी, रोहित झा, मोंटी, सौरव पाठक, किशु ने भूमिका निभायी।

# जापान ने पहलगाम हमले पर भारत को पूर्ण समर्थन दिया : राजनाथ

## भारत और जापान ने आतंकवाद से निपटने में वैश्विक सहयोग पर बल दिया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और जापान ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए इससे निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है साथ ही जापान ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए पूरे समर्थन की बात कही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत यात्रा पर आये जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी के साथ सोमवार को यहां द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की और इस संबंध में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की पाकिस्तान की नीति की निंदा की, जिसे सरकार के और सरकार से इतर तत्वों के माध्यम से अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को अस्थिर करते हैं। श्री सिंह ने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाली सरकार प्रायोजित कार्रवाइयों के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का आह्वान किया। जापानी रक्षा मंत्री ने पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले पर संवेदना व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही की। श्री सिंह ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा , नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाकातानी सैन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की। दोनों मंत्रियों ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के रक्षा और सुरक्षा स्तंभों की समीक्षा की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और क्षेत्रीय शांति में योगदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।



मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच रक्षा अभ्यासों और आदान-प्रदानों की बढ़ती विविधता और आवृत्ति का स्वागत किया, और इन जुड़ावों के दायरे और जटिलता को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने भारत और जापान के बीच मजबूत समुद्री सहयोग में नए आयाम जोड़ने पर सहमति व्यक्त की। श्री सिंह ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता , विशेष रूप से टैंक इंजन तथा एयरो इंजन सहित नए क्षेत्रों में जापानी पक्ष के साथ सहयोग की की संभावना का उल्लेख किया। उन्होंने रखरखाव मरम्मत और ओवरहाल संचालन के क्षेत्रों में क्षमताओं पर प्रकाश डाला। दोनों पक्षों ने स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोग का पता लगाने सहित उद्योग क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने साइबर और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का भी फैसला किया। भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है और 2014 में इस सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में बदलने के बाद इसमें कई गुणा बढोतरी हुई है। वार्ता द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ समाप्त हुई। इससे पहले जापानी रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मानेकशॉ सेंटर में वार्ता से पहले तीनों सेनाओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ जापानी रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और ज़िम्मेदारी बढ़ेगी:शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन से जमीनी स्तर पर पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और ज़िम्मेदारी बढ़ेगी। श्री शाह ने सोमवार को यहां दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय राजधानी में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस आयुक्त, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के निदेशक सहित गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन से जमीनी स्तर पर पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और ज़िम्मेदारी बढ़ेगी। गृह मंत्री ने नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की ज़िम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।

### गडकरी ने 3,900 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**हैदराबाद।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने तेलंगाना में सोमवार को 3,900 करोड़ रुपये की लागत वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री गडकरी ने कोमाराम भीम जिले के सिरपुर कागजनगर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदिलाबाद जिले के अद्वितीय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को स्वीकार किया तथा कहा कि इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से भूमि और आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आदिलाबाद सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है तथा यहां रोजगार के अवसरों की सख्त आवश्यकता है।

### आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' का पहला पोस्टर रिलीज




बॉलीवुड स्टार आमिर खान लंबे इंतजार के बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। आमिर वर्ष 2007 में आई सुपरहिट फिल्म 'तारे जमीन पर' का आध्यात्मिक सीक्वल 'सितारे जमीन पर' लेकर आ रहे हैं जिसकी पहली झलक अब सामने आ गई है। फिल्म का पहला पोस्टर प्रशंसकों के लिए जारी कर दिया गया है। इसी के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख भी सामने आ गयी है। फिल्म 'सितारे जमीन पर' का सोमवार को पहला आधिकारिक पोस्टर सोशल मीडिया के जरिए जारी किया गया है। इस पोस्टर में आमिर खान स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी होंगी। लेकिन पोस्टर में उनकी भूमिका का खुलासा अभी तक नहीं किया गया है।

### 600 बोरा चीनी गायब मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**नालंदा।** बिहार के गोपालगंज से बिहारशरीफ के लिए भेजे गए चीनी लदे ट्रक से 600 बोरा चीनी गायब होने की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस मामले में पटना जिले से तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और उनकी निशानदेही पर 55 बोरा चीनी भी बरामद की गई है। घटना का उद्भेदन जिला आसूचना इकाई और दीपनगर थाना की संयुक्त कार्रवाई से की गई है। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ के व्यापारी सत्येंद्र कुमार ने 26 अप्रैल 2025 को दीपनगर थाना में आवेदन देकर बताया कि उन्होंने 12 लाख 88 हजार 665 रुपये का भुगतान कर 600 बोरा चीनी गोपालगंज से बिहारशरीफ लाने के लिए बुक किया था।

## सीतारमण ने एडीबी से की पाकिस्तान की फंडिंग में कमी लाने की मांग




**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से सोमवार को यहां मुलाकात कर पाकिस्तान को दिए जाने वाले फंड में कमी करने की मांग की। एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुयी यह मुलाकात 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच हुई है। श्रीमती सीतारमण ने इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोजेर्टी के समक्ष भी यही मांग उठाई। श्री कांडा के साथ बैठक के दौरान श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर दर में कमी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कार्यान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्टअप इंडिया जैसी साहसिक पहलों के माध्यम से लगातार अनुकूल नीति और नियामक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है, ताकि व्यापार करने में अधिक आसानी हो। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत एडीबी को नए, अभिनव वित्तपोषण उत्पादों और मॉडलों को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करता है। श्री कांडा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत की विकास प्राथमिकताओं के लिए एडीबी के पूर्ण समर्थन का अश्वासन दिया।

# अब नये सीजेआइ की बेंच 15 को करेगी सुनवाई

## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अगले प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई के नेतृत्व वाली पीठ 15 मई को विचार करेगी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ जैसे ही सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा, कुछ ऐसे पहलू हैं, जिनसे आप (केंद्र) निपट चुके हैं, लेकिन उस पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। मैं इस अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इस मामले की सुनवाई यथोचित रूप से शीघ्र करनी होगी और यह मेरे



समक्ष नहीं होगी।

न्यायमूर्ति खन्ना 13 मई को सीजेआई के पद से सेवानिवृत्त होने वाले हैं और उनकी सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद न्यायमूर्ति गवई अगले सीजेआई के रूप में उनका स्थान लेंगे। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई की सेवानिवृत्ति का जिक्र करते हुए कहा, हम आपके (सीजेआई) सामने आकर इस मामले को उठाना पसंद करते, क्योंकि हर सवाल का जवाब होता है। हालांकि, हम आपको परेशान नहीं कर सकते, क्योंकि समय नहीं है। विधि अधिकारी ने कहा, माननीय न्यायाधीश को (सेवानिवृत्ति के बारे में) याद दिलाना कष्टदायक है। सीजेआई ने जवाब दिया, नहीं नहीं, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।

इससे पहले, केंद्र ने 17 अप्रैल को शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक न तो वक्फ संपत्तियों को वक्फ बाय यूजर के रूप में चिह्नित करेगा, और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्तियां करेगा। केंद्र ने पीठ को यह आश्वासन देते हुए कहा कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के साथ पारित किए गए कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगायी जानी चाहिए। पांच याचिकाओं को अब वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के संबंध में शीर्षक दिया गया है और इनमें एआईएमआईएम प्रमुख एवं हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर एक याचिका भी शामिल है। केंद्र ने 25 अप्रैल को अपने हलफनामे में संशोधित अधिनियम को सही ठहराया और संसद द्वारा पारित कानून पर अदालत द्वारा किसी भी पूर्ण रोक का विरोध किया। वक्फ बाय यूजर संपत्तियों के प्रावधान को उचित ठहराते हुए इसने कहा कि किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप न्यायिक आदेश द्वारा विधायी व्यवस्था का निर्माण करेगा।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।**

# जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा: धनखड़

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक संकट करार देते हुए कहा है कि स्वस्थ वन स्वस्थ जीवन का आधार हैं। श्री धनखड़ ने सोमवार को सिरसी के वानिकी महाविद्यालय में ह्यराष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिकाह्ल विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमें अपने वनों की रक्षा करने और हर संभव तरीके से योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह एक वैश्विक खतरा है और स्थिति चिंताजनक रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि वन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी देश के वन अच्छी स्थिति में हैं, तो



उसके लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि कृषि हमारी जीवन रेखा है। लेकिन हमें वनों की आवश्यकता है क्योंकि वे जलवायु को नियंत्रित करते हैं, आपदाओं को कम करते हैं, और आजीविका का सहयोग करते हैं । उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत भूमि आध्यात्मिकता और स्थिरता का संगम है। स्थिरता सिर्फ. अर्थव्यवस्था के लिए ही जरूरी नहीं है। यह स्वस्थ जीवन के लिए भी जरूरी है।

# ईरान बंदरगाह विस्फोट में 57 की मौत सुरक्षा चूक के लिए दो लोग हुए गिरफ्तार

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान के मुख्य वाणिज्यिक बंदरगाह में अप्रैल में हुए एक बड़े विस्फोट में मरने वालों की संख्या 57 हो चुकी है, जबकि सुरक्षा में ही चुक के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ईरान ने मौत का आंकड़ा 70 बताया था लेकिन नवीनतम आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 57 है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने होर्मोज्गान प्रांत के मुख्य न्यायाधीश मोजतबा कहरेमानी के हवाले से कहा कि 26 अप्रैल को शाहिद राजाई बंदरगाह पर हुए विस्फोट में 46 शवों की बरामदगी और पहचाने की गई है जबकि 11 लोग अभी भी लापता हैं। कहरेमानी ने कहा कि फोरेंसिक जांच में यह पता



चलने के बाद कि अलग-अलग एकत्रित किए गए कुछ शरीर के अंग एक ही व्यक्ति के थे, मृतकों की संख्या में कमी की गई है। उन्होंने कहा कि लापता लोगों की तलाश के लिए एक विशेष कार्य समूह का गठन किया गया है।

राज्य टेलीविजन ने रविवार को कहा कि विस्फोट मामले में एक सरकारी अधिकारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अनुसार, विस्फोट और उसके बाद लगी आग में 1,200 से अधिक लोग घायल हो गए तथा घटनास्थल पर खोज एवं बचाव कार्य रविवार को समाप्त हो गया।

अधिकारियों ने इस घटना के लिए सुरक्षा संबंधी चूक को जिम्मेदार ठहराया है। प्रांतीय संकट प्रबंधन वक्तव्य में सुरक्षा और निष्क्रिय बचाव उपायों का पालन करने में चूक का हवाला दिया गया, जबकि आंतरिक मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने पिछले सोमवार को कुछ लापरवाही का हवाला दिया था।

# शिवराज ने की उत्तराखंड की खेती किसानी की समीक्षा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को उत्तराखंड में खेती किसानी की समीक्षा की और राज्य को सभी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। श्री चौहान ने राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ देहरादून में उत्तराखंड की कृषि व्यवस्था पर विचार विमर्श किया। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद श्री चौहान ने कहा कि विचार-विमर्श का मुख्य केंद्र उत्तराखंड की कृषि में केंद्र सरकार के योगदान और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित रहा।

चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' को एक मुख्य संस्थान के रूप में स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कृषि के क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है। जब नया राज्य बना तो खेती का क्षेत्रफल में कम हो गया, लेकिन उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं के स्व सहायता समूह, किसान उत्पादक संघ, कृषि उत्पादों के एकत्रीकरण, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, जीआईटैक जैसे मसलों पर राज्य को हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने इसके लिए लाल चावल, बाजरा और जंगली शहद का उल्लेख किया। इसके एक विशेष दल राज्य में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लिए पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में व्यापक सर्वेक्षण किया जा रहा है। कच्चे आवासों में भी रहने वाले लोगों को पक्का मकान प्रदान किया जाएगा।

# नीतीश के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जाएगा : मनीष

**एजेंसी**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने भागलपुर के तीन दिवसीय दौरे के तीसरे दिन सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश के नेतृत्व में ही आगामी विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। चुनाव को लेकर नेतृत्व के सवाल पर मनीष वर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से राजग गठबंधन साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, इसमें कोई संशय नहीं है। सभी मिलकर चुनाव की तैयारी भी कर रहे हैं और नेतृत्व नीतीश जी का ही रहेगा। जिसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाता है, वही आगे भी नेतृत्व करता है, यह बात स्पष्ट है। मनीष वर्मा ने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा किये गए विगत 20 वर्षों के काम को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। पत्रकारों के जातिगत जनगणना पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 1931 से पहले तक जातिगत जनगणना होती रही है। कांग्रेस के शासन में इसको बंद कर दिया गया और बाद में किसी भी सरकार में कभी भी जातिगत जनगणना नहीं कराई गयी लेकिन हमारे मुख्यमंत्री प्रारंभ से ही जातिगत जनगणना के पक्ष में थे। उन्होंने संसद में कई बार जातिगत जनगणना को लेकर अपना विचार स्पष्ट किया था।

उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री ने जातिगत जनगणना कराई भी, जिससे कि सभी वर्गों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाकर, उन्हें जो लाभ मिलना चाहिए, उन्हें सबल बनाने के लिए जो प्रयास सरकार द्वारा किया जाना चाहिए, वो हो सके। उनकी स्थिति के हिसाब से उन्हें आरक्षण दिया



जाए और उन्हें जरूरत के हिसाब से पॉलिसी बनाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने जाति का जनगणना बस दिखावे के लिए नहीं किया बल्कि उसकी रिपोर्ट भी सार्वजनिक की और उस हिसाब से काम भी प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य के प्रश्न पर मनीष वर्मा ने कहा कि तेजस्वी और प्रशांत किशोर, नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर प्रश्न उठाते हैं लेकिन उन्हें यह नहीं दिखता कि जब विगत वर्ष बाढ़ आई तो उन्होंने प्रत्येक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्वयं जाकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, ये लोग तो जवान नेता होकर भी किसी ऐसे स्थान पर नहीं दिखे, उन्हें उनके स्वास्थ्य पर प्रश्न उठाने का अधिकार नहीं है। शराबबंदी को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मनीष वर्मा ने कहा कि इसका परिणाम बहुत दूरगामी है। जब शराबबंदी नहीं लागू था, उस समय बिहार की स्थिति बहुत भयावह हो चुकी थी। बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा था, घरेलू हिंसा से महिलाएं त्रस्त हो चुकी थीं, उस स्थिति में मुख्यमंत्री जी ने बहुत ही साहसिक कदम उठाते हुए शराबबंदी को लागू किया। इसके लिए कानूनी स्तर पर प्रावधान किया। पूरे प्रदेश में जन जागरण का कार्यक्रम चलाया। शराबबंदी के बाद लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आया, घरेलू हिंसा में भारी कमी आई, बच्चों का भविष्य भी संवर रहा है। आरसीपी सिंह के द्वारा लगातार सरकार पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया जा रहा है, इस पर कटाक्ष करते हुए मनीष वर्मा ने कहा कि आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार के साथ 16 से अधिक वर्षों तक काम किया तब उन्हें कहीं भ्रष्टाचार नहीं दिखा, सारी व्यवस्थाएं तब सुचारू रूप से चल रही थी।

